वैश्विक संवाद

14.1

अनेक भाषाओं में एक वर्ष में 3 अंक

पत्रिका

International Sociological Association

समाजशास्त्र पर बातचीत झाओ तिंगयांग के साथ

साड़ी हनाफी

जीवनयापन की लागत

फेडरिको नेइबर्ग
इसाबेल गुएरिन
सुजाना नारोट्जकी
जेनिया मोट्टा
मारिया क्लारा हर्नांडेज
मारियाना लुजी
क्रिस्टीना सिएलो
क्रिस्टीना वेरा
बिबियाना मार्टिनेज अल्वारेज
फ्लोरेंट बेडेकैरेट्स
फ्लोर डेजेट
मिरेइल रजाफिंड्राकोटो
फ्राँस्वा रौबौद
बोरिस सैमुअल
बीट्राइस फेरलेनो
कैरोलीन डुफी

ओपन मूवमेंट्स

ब्रेनो ब्रिगेल
जेफ्री प्लेयर्स
लॉरेंस कॉक्स
अल्बर्टो अरिबास लोजानो
सुतापा चट्टोपाध्याय
कार्लोस वाई फ्लोर्स
लेव ग्रिनबर्ग

सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य

पाओलो गेरबाउडो

खुला अनुभाग

> योग्यतावाद की अधिनायकवादी प्रवृत्ति
> फोरेंसिक उपनिवेशवाद
> संयुक्त राष्ट्र संघ के निकायों के भीतर (और परे) विविधता और पारदर्शिता

GD
अंक 14 / क्रमांक 1 / अप्रैल 2024
https://globaldialogue.isa-sociology.org/

> सम्पादकीय

ग्लोबल डायलॉग के 2024 के पहले अंक में आपका स्वागत है! यदि पिछला वर्ष एक प्रयोगात्मक काल था जिसमें गहन सीखने का चक्र सम्मिलित था, हमें इस बात की खुशी है कि हमारे पास इस वर्ष कुछ नई विशेषताएं भी हैं। प्रत्येक अंक में, हम इस पत्रिका के सार और उधम व्यवसाय, यानी सार्वजनिक और वैश्विक समाजशास्त्र के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए, नई परियोजनाओं, साझेदारियों और नवीन संचार और प्रसार रणनीतियों को प्रदर्शित करेंगे।

इस अंक का प्रारम्भ करने वाले साक्षात्कार में, 2023 तक आईएसए के पूर्व अध्यक्ष साड़ी हनाफी ने हमें झाओ तिंगयांग के साथ एक दिलचस्प बातचीत की पेशकश की। यह प्रमुख चीनी बुद्धिजीवी यहां अपने कुछ मुख्य सैद्धांतिक योगदानों पर विचार करते हैं और उदार लोकतंत्र के संकट की अपनी वर्तमान व्याख्या को साझा करते हैं।

फेडेरिको नीबर्ग, इसाबेल गुएरिन और सुजाना नारोट्जकी द्वारा आयोजित अगला खंड 'जीवनयापन की लागत' को संबोधित करता है, इस प्रकार यह आज के सबसे नाटकीय मुद्दों : बुनियादी वस्तुओं की कीमत में वृद्धि और अधिकांश लोगों के लिए जीवनयापन की असहनीय लागत, में से एक की ओर इशारा करता है। जीवनयापन की लागत को एक संख्यात्मक सूचकांक से कहीं अधिक, एक पॉलीसेमिक व्यावहारिक श्रेणी के रूप में मानते हुए यह एक मूल दृष्टिकोण से ऐसा करता है। लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और यूरोप में विभिन्न वास्तविकताओं पर प्रकाश डालते हुए, आठ लेख इस विषय पर वैचारिक बहस और विभिन्न मुद्दों की अनुभवजन्य चर्चा में योगदान करते हैं, जिसमें विभिन्न कर्त्ता (परिवार, विशेषज्ञ और नीति निर्माता) संकट का सामना कैसे करते हैं, सम्मिलित है। यह विषयगत खंड *वैश्विक संवाद* और अंतर्राष्ट्रीय समाजशास्त्र के बीच साझेदारी का परिणाम है । इस पहल के साथ, जिसे भविष्य के अंकों में भी जारी रखा जाएगा, हमारा लक्ष्य *अंतर्राष्ट्रीय समाजशास्त्र* के हाल ही में प्रकाशित विशेष अंक के कुछ मुख्य परिणामों को व्यापक दर्शकों के लिए उपलब्ध कराना है ।

अनुगामी खंड एक और नई साझेदारी का उद्घाटन करता है। प्रमुख स्वतंत्र मीडिया प्लेटफॉर्म ओपन डेमोक्रेसी द्वारा 2015 से प्रकाशित 'ओपनमूवमेंट्स' प्रोजेक्ट अब एक नए खंड के रूप में ग्लोबल डायलॉग में एकीकृत हो गया है। इसका मिशन सामाजिक संघर्षों और आंदोलनों के आधार पर हमारे समाज में होने वाले मुख्य परिवर्तनों को समझना है। हमारी रुचि अधिक दिखाई देने वाले परिवर्तनों, जो अखबारों की सुर्खियों में हैं, और कम दिखाई देने वाले परिवर्तनों दोनों में है, जो सांस्कृतिक और सामाजिक परिवर्तन को समझने के लिए बुनियादी हैं। ओपन मूवमेंट्स का उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन के वैश्विक सार्वजनिक समाजशास्त्र के लिए एक खुली जगह को बढ़ावा देना है जो आईएसए के भीतर और बाहर प्रसारित होता है। परियोजना के संस्थापकों के रूप में, वर्तमान आईएसए अध्यक्ष जेफ्री प्लेयर्स और मैं एक परिचयात्मक लेख में ओपन मूवमेंट्स के परिप्रेक्ष्य को समझाते हैं, हमने हाल के वर्षों में क्या किया है, और अब से हम क्या करने का इरादा रखते हैं। निम्नलिखित लेख में संलग्न अनुसंधान के महत्व, वैश्विक संवादों में दक्षिण का स्थान और नए शोधकर्ताओं (कॉक्स, अरिबास लोजानो और चट्टोपाध्याय) के लिए बहुत आवश्यक समर्थन पर चर्चा की गई है। एक अन्य लेख समुदायों के भीतर श्रव्य–दृश्य परियोजनाओं की भूमिका और कथाओं और ज्ञान के विकेंद्रीकरण (फ्लोरेस) के संदर्भ में उनके निहितार्थ से जुड़ा है। एक अंतिम लेख संघर्ष, जो इस मुद्दे पर सरलीकृत विचारों से आगे बढ़ने के लिए केंद्रीय है (ग्रिनबर्ग) पर चर्चा करते हुए फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ मौजूदा नरसंहार पर विस्तार से चर्चा करता है।

इस अंक का सैद्धांतिक लेख राज्य के ऐतिहासिक परिवर्तन की प्रक्रिया पर चर्चा करता है। प्रमुख सार्वजनिक बुद्धिजीवी, पाओलो गेरबाउडो, इस प्रक्रिया में विरोधाभासों और रुझानों का विश्लेषण करते हुए, जिसे वे हस्तक्षेपवादी राज्य की ''अजीब वापसी'' कहते हैं, उस पर एक जटिल और ताजा नजर पेश करते हैं। अंत में, खुले अनुभाग में तीन लेख शामिल हैं जिनमें योग्यतातंत्र के अधिनायकवादी आयाम (मैकिएल), बहुपक्षीय संगठनों में कम विविधता और स्थिति को बदलने की चुनौतियों (गोंजालेज), और उपनिवेशवाद के एक कम–विश्लेषित प्रकार पर चर्चा की गई है जिसे मार्क मुन्स्टरहजेलम 'फोरेंसिक उपनिवेशवाद' के रूप में परिभाषित करते हैं। अनुवर्ती अमेरिका, यूरोप और चीन के प्रभावशाली वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किया गया है, जिन्होंने स्वदेशी लोगों को वंशावली, अनुमान और फेनोटाइपिंग जैसी नई प्रौद्योगिकियों के संसाधनों और लक्ष्य के रूप में उपयोग किया है।

मुझे आशा है कि आप इन आलेखों के पूरे सेट का आनंद लेंगे, और मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि हम आपके आलेख प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। हमें सोशल मीडिया @isagdmag पर फॉलो करें और अपनी भाषा में *वैश्विक संवाद* फैलाने में हमारी मदद करें। ■

ब्रेनो ब्रिंगेल, *ग्लोबल डायलॉग* के संपादक

> वैश्विक संवाद **जी.डी. वेबसाइट** पर अनेक भाषाओं में देखा जा सकता है।

> प्रस्तुतियाँ <**globaldialogue@isa-sociology.org**> पर भेजी जा सकती हैं।

ISA International Sociological Association

GLOBAL DIALOGUE

> संपादक मण्डल

संपादक : ब्रेनो ब्रिंगेल

सह–सम्पादक : विटोरिया गोंजालेज, कैरोलिना वेस्टेना

सहयोगी सम्पादक : क्रिस्टोफर इवांस

प्रबंधन संपादक : लोलाबुसुतिल, अगस्त बागा

सलाहकार : माइकल बुरावे, ब्रगिट औलेनबैकर, क्लाउस डोरे

क्षेत्रीय संपादक

अरब दुनिया : *(लेबनान)* साड़ी हनाफी, *(ट्यूनिशिया)* फातिमा रधौनी, सफौने ट्रैबेल्सी।

अर्जेन्टीना : मैगडालेना लेमस, जुआन परसिआ, दांते मार्चिसिओ।

बांग्लादेश: हबीबुल खोंड़कर, खैरुल चौधरी, शेख मोहम्मद कैस, मोहम्मद जसीम उद्दीन, बिजॉय कृष्णा बनिक, अब्दुर रशीद, मोहम्मद शाहिदुल इस्लाम, मोहम्मद जहीरुल इस्लाम, सरकार सोहेल राणा, इशरत जहां आईमून, हेलाल उद्दीन, मसुदूर रहमान, यास्मीन सुल्ताना, सालेह अल मामुन, एकरामुल कबीर राणा, फरहीन एक्टर भुइयां, खदीजा खातून, आयशा सिद्दीकी हुमैरा, आरिफुर रहमान, इस्तियाक नूर मुहित, मो. शाहीन अख्तर, सुरैया अख्तर, आलमगीर कबीर, तस्लीमा नसरीन।

ब्राजील : फेबरिसियो मासिएल, एंड्रेजा गली, जोसे गुइराडो नेटो, जेसिका मज़िजनी मेंडिस, रिकार्डो नोब्रेगा।

फ्राँस/स्पेन : लोला बुसुतिल

भारत : रश्मि जैन, मनीष यादव।

ईरान : रेयहाने जावदी, नियाश डॉलाती, एलहम शुशत्राजिदे।

पोलैंड: अलेक्सांद्रा बिएरनका, अन्ना टर्नर, जोआना बेडनारेक, उर्स्जुला जारेका।

रोमानिया : रालुका पोपेस्कु, राइसा–गैब्रिएला जम्फिरेस्कु, जॉर्ज बोनिया, मरीना दफ्ता, कोस्टिन–लुसियन घोरघे, एलिन इओनेस्कु, डायना मोगा, रमोना–कैटालिना नास्तासे, बियांका पिनोइउ–मिहिला।

रूस : ऐलेना ज्द्रावोम्यस्लोवा, डारिया खोलोडोवा।

ताईवान : वान–जू ली, ताओ–युंग लु, यी–शुओ हुआंग, चिएन–यिंग–चिएन, मार्क यी–वेई लाई, यूं–जो लिन, यूं–हुआन चाउ।

तुर्की : गुल कोरबासियोग्लू, इरमक एवरेन।

झाओ तिंगयांग *ने साड़ी हनाफी के साथ, जिसे वह तियानक्सिया प्रणाली कहते हैं, के बारे में बात की जो राजनीतिक की एक वैकल्पिक अवधारणा है।*

*''**जीवनयापन की लागत**'', विशेषज्ञों द्वारा और लोगों के दैनिक जीवन में एक साथ उपयोग की जाने वाली एक बहु–व्यावहारिक श्रेणी, दुनिया भर में विभिन्न वास्तविकताओं को शामिल करती है।*

*नए विषयगत खंड ''**ओपन मूवमेंट्स**'' का उद्देश्य विभिन्न देशों में सामाजिक आंदोलनों और उनकी चुनौतियों के विश्लेषण के लिए एक स्थान खोलना है।*

श्रेयः वायरस्टॉक, फ्रीपिक।

GD

सेज प्रकाशन की उदार ग्रांट से
वैश्विक संवाद का प्रकाशन संभव है।

> इस अंक में

संपादकीय 2

> समाजशास्त्र पर बातचीत

तियानक्सिया प्रणाली और स्मार्ट लोकतंत्र
झाओ तिंगयांग के साथ एक साक्षात्कार
साड़ी हनाफी, लेबनान द्वारा 5

> जीवनयापन की लागत

जीवनयापन की लागत : विशेषज्ञ अवधारणाएँ और रोजमर्रा के प्रयास
फेडरिको नेइबर्ग, ब्राजील, इसाबेल गुएरिन, फ्रांस, और सुजाना नारोट्जकी, स्पेन द्वारा 10

गलत संरेखण : घरेलू धन और मुद्रास्फीति संबंधी अनुभव
जेनिया मोट्टा और फेडेरिको नेइबर्ग, ब्राजील द्वारा 12

समकालीन अर्जेंटीना में मुद्रास्फीति से निपटना
मारिया क्लारा हर्नांडेज और मारियाना लुजी, अर्जेंटीना द्वारा 14

इक्वाडोर में संकटग्रस्त आबादी को बनाए रखने में युका की भूमिका
क्रिस्टीना सिएलो और क्रिस्टीना वेरा, इक्वाडोर द्वारा 16

खाद्य प्रावधान में नैतिक दुविधाएँ
सुजाना नारोट्जकी और बिबियाना मार्टिनेज अल्वारेज, स्पेन द्वारा 18

मेडागास्कर में जीवनयापन की लागत पर नजर रखना
फ्लोरेंट बेडेकैरेट्स, फ्लोर डेजेट, इसाबेल गुएरिन, मिरेइल रजाफिंड्राकोटो और फ्राँस्वा रौबौद, फ्रांस द्वारा 20

मोरक्को में कीमतों में सब्सिडी की शक्ति
बोरिस सैमुअल, फ्रांस और बीट्राइस फेरलेनो, इटली द्वारा 22

युद्ध के समय में खाद्य सुरक्षा : रूस का मामला
कैरोलीन डुफी, फ्रांस द्वारा 24

> ओपन मूवमेंट्स

'ओपनमूवमेंट्स': सार्वजनिक और वैश्विक समाजशास्त्र के लिए एक मंच
ब्रेनो ब्रिगेल, ब्राज़ील/स्पेन और जेफ्री प्लेयर्स, बेल्जियम द्वारा 26

हम लोकप्रिय संघर्षों पर शोध और उन्हें कैसे समझते हैं?
लॉरेंस कॉक्स, आयरलैंड, अल्बर्टो अरिबास लोजानो, स्पेन और सुतापा चट्टोपाध्याय, कनाडा द्वारा 29

माया वीडियो परम्पराएं और ज्ञान का विकेंद्रीकरण
कार्लोस वाई फ्लोर्स, मैक्सिको द्वारा 31

इजराइली–फिलिस्तीनी हत्याकांड की भयावह वृद्धि संदर्भ में
लेव ग्रिनबर्ग, इजराइल/यूएस द्वारा 33

> सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य

हस्तक्षेपवादी राज्य की अजीब वापसी
पाओलो गेरबाउडो, स्पेन द्वारा 36

> खुला अनुभाग

योग्यतावाद की अधिनायकवादी प्रवृत्ति
फैब्रीसियो मसीएल, ब्राजील द्वारा 39

फोरेंसिक उपनिवेशवाद
मार्क मुंस्टरहजेल्म, कनाडा द्वारा 41

संयुक्त राष्ट्र संघ के निकायों के भीतर (और परे) विविधता और पारदर्शिता
विटोरिया गोंजालेज, ब्राजील द्वारा 43

"विकल्प अभी भी मौजूद हैं लेकिन इन्हें अक्सर अदृश्य बना दिया जाता है।"

ब्रेनो ब्रिंगेल और जेफ्री प्लेयर्स

> तियानक्सिया प्रणाली और स्मार्ट लोकतंत्र

झाओ तिंगयांग के साथ एक साक्षात्कार

श्रेयः झाओ तिंगयांग का व्यक्तिगत संग्रह।

झाओ तिंगयांग एक प्रतिष्ठित चीनी दार्शनिक और अग्रणी बुद्धिजीवी हैं जिन्होंने रेनमिन विश्वविद्यालय और चाईनीज एकडेमी ऑफ सोशल साइंसेज (CASS) से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। वे CASS इंस्टीट्यूट ऑफ फिलॉसफी में एक शिक्षाविद फेलो और प्रतिष्ठित प्रोफेसर हैं और झेजियांग नॉर्मल यूनिवर्सिटी, बर्गयुएन इंस्टीट्यूट और इंस्टीट्यूट इंटरनेशनल ट्रांसकल्चरा सहित कई अन्य चीनी और विदेशी संस्थानों में भी उन्होंने कई पदों पर कार्य किया है। चीनी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में उनके कई प्रकाशनों में उनकी पुस्तक ऑल अंडर हेवनः द तियानक्सिया सिस्टम फॉर ए पॉसिबल वर्ल्ड ऑर्डर (2021, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया प्रेस) और उनकी सह–संपादित पुस्तक ट्रांसकल्चरल डिक्शनरी ऑफ मिसअंडरस्टैंडिंग्सः यूरोपियन एंड चाइनीज होराइजन्स (2022, सेंट मिल मिलियर्ड्स) शामिल हैं। अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ बेरूत, लेबनान में समाजशास्त्र के प्रोफेसर और इंटरनेशनल सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष **साड़ी हनाफी** ने अगस्त 2023 में उनका साक्षात्कार लिया था।

साड़ी हनाफी (एसएच)ः प्रो. झाओ, मुझे आपकी अंतिम पुस्तक, ऑल अंडर हेवनः द तियानक्सिया सिस्टम फॉर ए पॉसिबल वर्ल्ड ऑर्डर पढ़ने का सौभाग्य मिला, जिसमें आप दुनिया भर में राजनीतिक संघर्षों की वर्तमान वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के वर्तमान राष्ट्रवादी राष्ट्रवादी तर्क की आलोचना करते हैं। इसके बजाय आप तियानक्सिया के विचार का प्रस्ताव करते हैं। तियानक्सिया एक चीनी शब्द है जिसका अर्थ है 'सभी स्वर्ग के नीचे', अन्योन्याश्रित होना, और राष्ट्र–राज्यों पर दुनिया की प्रधानता सुनिश्चित करना। आप तियानक्सिया को संक्षेप में कैसे प्रस्तुत करेंगे?

झाओ तिंगयांग (जेडटी)ः मैं कहना चाहता हूं कि दुनिया की तियानक्सिया प्रणाली के बारे में मेरी कल्पना ''अनुकूलता'' की अवधारणा के साथ एक बेहतर संभव दुनिया की कल्पना करती है, जिसे अधिक लोकप्रिय रूप से ''सद्भाव'' के रूप में अनुवादित किया जाता है। मुझे लगता है कि संगतता एक बेहतर अनुवाद है, ठीक उसी तरह जैसे लीबनिज ईश्वर द्वारा बनाई गई ''सभी संभावित दुनिया में से सर्वश्रेष्ठ'' की व्याख्या प्राणियों के सबसे समृद्ध संग्रह की ''संरचना'' की अवधारणा के साथ करते हैं। दिलचस्प बात यह है कि उनकी तात्त्विकी चीनी बाइबिल आई चिंग की तात्त्विकी के बहुत निकट है, जो सभी प्राणियों की ''संगतता'' पर जोर देती है। ''सभी स्वर्ग के नीचे'' की वैचारिक तियानक्सिया प्रणाली को ''कोई बाहर नहीं'' की सर्व–समावेशी दुनिया के साथ सभी लोगों के ''महान सद्भाव'' या सभी सभ्यताओं की ''संगतता'' के साथ की कल्पना करनी चाहिए। यह एक खुला प्रश्न है कि चीन ने तियानक्सिया जैसी व्यवस्थित दुनिया की अवधारणा के साथ अपनी राजनीति क्यों शुरू की, जबकि ग्रीस के पास पोलिस के रूप में एक राज्य थाः राजनीति के दो सबसे महत्वपूर्ण शुरुआती बिंदु।

एक विश्व व्यवस्था से अधिक, तियानक्सिया कार्ल श्मिट की दुश्मन की पहचान, मार्क्सवादियों का वर्ग संघर्ष, मोर्गेंथाऊ का सत्ता के लिए संघर्ष, या हंटिंगटन का सभ्यताओं में संघर्ष के बजाय *शत्रुता को आतिथ्य में बदलने* की एक पद्धति या कला के रूप में राजनीतिक की एक वैकल्पिक अवधारणा का सुझाव देता है। कारण सीधा हैः यदि राजनीति शत्रुता को रोक या कम से कम कम नहीं कर सकती, तो यह बिल्कुल भी राजनीति नहीं है, बल्कि एक प्रकार के

> >

युद्ध से अधिक कुछ नहीं है। और युद्ध राजनीति की निरंतरता के बजाय राजनीति की विफलता साबित करता है, जैसा कि कार्ल वॉन क्लॉजविट्ज सोचते हैं। अगर हम झगड़े चाहते हैं तो राजनीतिक क्यों?

पारंपरिक की तुलना में अधिक उचित और व्यावहारिक, तियान्क्सिया की मेरी नवीनीकृत अवधारणा तीन संवैधानिक अवधारणाओं का दावा करती हैः (1) दुनिया का आंतरिककरण, सभी राष्ट्रों को शामिल करने वाली एक साझा सार्वभौमिक प्रणाली, ताकि एक ऐसी दुनिया का निर्माण हो जिसमें कोई नकारात्मक बाह्यता न हो; (2) संबंधपरक तर्कसंगतता, जो विशेष हित को अधिकतम करने के ऊपर शत्रुता के पारस्परिक न्यूनतमकरण की प्राथमिकता पर जोर देती है; और (3) कन्फ्यूशियस सुधार, जो पेरेटो के सुधार से बेहतर, सभी के लिए गैर–विशिष्ट सुधार है, और यह व्यक्ति तभी उन्नत होते हैं जब–और–तभी–जब सब उन्नत होते हैं, से परिभाषित होता है। कन्फ्यूशियस सुधार का अर्थ है कि अगर किसी को पेरेटो का सुधार मिलता है तो सभी को मिलता है। उम्मीद है, एक नया तियानक्सिया तकनीकी जोखिमों, वैश्विक वित्तीय समस्याओं, जलवायु परिवर्तन, महामारी और सभ्यताओं के टकराव जैसी वैश्विक समस्याओं का समाधान करेगा।

तियानक्सिया प्रणाली के अनुरूप, वैश्विक नैतिकता एक बेहतर ''स्वर्णिम नियम'' पर आधारित होनी चाहिए जो ईसाई धर्म या कन्फ्यूशीवाद से अधिक सुसंगत है। पारंपरिक स्वर्णिम नियम कहता हैः ''कभी भी दूसरों के साथ वह व्यवहार न करें जो आप नहीं चाहेंगे कि दूसरे आपके साथ करें।'' इसकी एकतरफा व्यक्तिपरकता को छोड़कर यह लगभग सही है, जिसका समस्यात्मक अर्थ यह है कि ''मैं'' के पास क्या अच्छा है या सही है की सार्वभौमिक अवधारणाओं को तय करने का एकतरफा अधिकार है। मैं इस स्वर्णिम नियम को इस प्रकार लिखूंगा, ''कभी भी **दूसरों** के साथ वह व्यवहार न करें जो दूसरे नहीं चाहेंगे कि आप उनके साथ करें''। व्यक्तिपरकता को परा– व्यक्तिपरकता में बदलने से यह नया नियम सख्ती से पारस्परिक और सममित हो जाता है, इस प्रकार वास्तव में सार्वभौमिक हो जाता है।

ज्ञानमीमांसा क्षेत्र में एक नई तियानक्सिया प्रणाली को भी साकार किया जाना चाहिए। यह एक नए विश्वकोश की अवधारणा की कल्पना करता है, जो अठारहवीं शताब्दी में विश्वकोश की फ्रांसीसी परियोजना से प्रेरित है, और इसकी अब इंटरनेट और एआई द्वारा समर्थित होने की संभावना भी है। इसमें पुस्तक के बजाय ज्ञान की अवधारणा शामिल है और इसका उद्देश्य सभी सभ्यताओं के सभी ज्ञान को समान सम्मान और पारस्परिक मान्यता के साथ शामिल करना है। नया विश्वकोश सार्वभौमिक चिंताओं, या सभी मनुष्यों के सामने आने वाली समस्याओं, या अंतःक्रियाओं के ''उभरने'' पर शोध से विकसित होगा, जैसा कि ज्ञान के पारंपरिक वैषयिक वर्गीकरण और न्यूनीकरणवादी दृष्टिकोण के बजाय समग्रता या जटिलता की पद्धतियों में समझा जाता है । यह पश्चिमी ज्ञान के एकतरफा एजेंडे के स्थान पर विकसित होगा, ऐसा कि यह सभी लोगों के लिए ''मेटावर्स लाइब्रेरी'' बन जाए।

एसएचः तियानक्सिया प्रतिमान के संदर्भ में आप आज चीन का आकलन कैसे करते हैं? अपने एक साक्षात्कार में आपने कहा था कि साम्यवाद ने चीन में अपने पश्चिमी प्रतिस्पर्धियों को हराया और बाहर कर दिया लेकिन चीनी संस्कृति का अवमूल्यन भी किया। चीन का अस्तित्व उसकी पहचान से अधिक मायने रखता है; दूसरे शब्दों में, कोई चीज कैसी दिखती है उससे ज्यादा महत्वपूर्ण उसके होने का तथ्य है। क्या आप इस विचार को ठोस उदाहरणों के साथ विस्तार से बता सकते हैं?

जेडटीः तियानक्सिया पूरी दुनिया के लिए एक अवधारणा है। यह अपने समय में संभावित भविष्य की प्रतीक्षा कर रहा है। हालाँकि, इसे चीन पर दिलचस्प रूप में लागू किया गया है। इसे ''विश्व–पैटर्न राज्य'' के रूप में देखा जाता है, जो पूरी दुनिया से छोटा है और इसलिए इसकी सर्वोत्तम वैचारिक क्षमता से बहुत दूर है; इसलिए, मुझे यकीन नहीं है कि चीन को क्या तियानक्सिया प्रतिमान माना जा सकता है। फिर भी, इसे एक उदाहरण के तौर पर देखा जा सकता है। संगतता या सामंजस्य की प्राथमिकता के सिद्धांत के तहत, हान राजवंश (202 ईसा पूर्व–220 ईसा पूर्व) के दौरान शुरू की गई ''एक देश, कई प्रणालियों'' के शासन के आविष्कार में ''विश्व–पैटर्न वाला चीन'' का बहुत महत्व है। यदि आप चाहें, तो विभिन्न संस्कृतियों या धर्मों के बीच संघर्ष को सफलतापूर्वक कम कर सकते हैं। यह आधुनिक चीन में जीवित विरासत का हिस्सा है।

इसमें कोई ज्यादा आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि आधुनिक चीन चीन के पारंपरिक पहलुओं का अवमूल्यन करता है क्योंकि समकालीन चीन आधुनिक बनने के लिए बहुत उत्सुक रहा है। शेष विश्व के दबाव में एक राष्ट्र के लिए आधुनिकीकरण को हमेशा से उत्तरजीवितता का एक मामला माना गया है। चीनी सोच हमेशा ''सभी परिवर्तनों से बचे रहें'' या ''परिवर्तन के माध्यम से जियें'' सिद्धांत का पालन करती है। यह न तो धार्मिक आस्था है और न ही कोई नैतिक मूल्य; लेकिन अस्तित्व की एक ''तात्त्विक'' पद्धति फिर भी पाई जा सकती है। बेशक, चीन को अपनी सांस्कृतिक या पारंपरिक पहचान को बनाये रखना है, जो उत्तरजीवितता के महत्वपूर्व मोड़ पर उसके अस्तित्व मात्र से कम प्रभावशाली हैं, या उसके *काइरो* को बेहतर बनाने के लिए। चीन केवल ''होने'' के बजाय ''करने'' में है, और इसकी कार्यप्रणाली इसकी अवधारणा से अधिक मायने रखती है। चीन को तात्कालिक कार्य करना पसंद है क्योंकि उसने अपने शुरुआती दिनों में आई चिंग, परिवर्तन की पुस्तक को अपनी पद्धतिगत ''बाइबिल'' के रूप में मान्यता दी थी। हमारे पास जीवित रहने, मौजूद रहने, बने रहने और यदि संभव हो तो मजबूत होने के सर्वोत्तम अवसर की खोज करने वाली एक पद्धति है। चीन की रूढ़िवादी छवि के रूप में कन्फ्यूशीवाद, आमतौर पर जितना सोचा जाता है उससे कम मजबूत है। इसने पूरे इतिहास में कई उतार–चढ़ाव का अनुभव किया है और यह अपनी ऐतिहासिकता पर निर्भर है। मुझे यह कहने में झिझक हो रही है कि चीन अब भी कन्फ्यूशियस समाज बना हुआ है। लेकिन मुझे यकीन है कि ''परिवर्तन के साथ रहने'' की चीनी पद्धति मजबूत बनी हुई है, जो किसी भी विशिष्ट मूल्य, सिद्धांत या ''वाद'' से अधिक समय तक जीवित रहती है।

उदाहरण के लिए, यह विचार ''चीनी धर्मों'' के भ्रामक दृश्य को समझा सकता है। एकेश्वरवादी दृष्टिकोण से, चीन बिना किसी धर्म का देश है। मानवशास्त्रीय दृष्टिकोण से, यह सभी आस्थाओं, या एक प्रकार के सर्वेश्वरवाद का स्थान है; या बहुदेववाद जैसा प्रतीत होता है। विशेष रूप से, लोक समाजों और अधिकांश क्षेत्रों (मुस्लिम क्षेत्र को छोड़कर) में, लोग दूसरों के देवताओं से नफरत नहीं करते हैं। इसके विपरीत, अधिकांश लोग अन्य देवताओं की कहानियों को भी अपनी कहानियों के साथ–साथ स्वीकार करना पसंद करेंगे, और उन पर विश्वास भी करेंगे या कम से कम उनका सम्मान करेंगे। बहुत से लोगों के पास देवताओं की एक लंबी सूची है, आमतौर पर बौद्ध धर्म, ताओवाद, ईसाई धर्म के साथ–साथ कई स्थानीय देवता भी। उन बुद्धिजीवियों के लिए जो धर्मों को गंभीरता से नहीं लेते हैं,

>>

श्रेयः झाओ तिंगयांग का व्यक्तिगत संग्रह।

विभिन्न प्रकार के ''वाद'' हैं, वामपंथी या दक्षिणपंथी, प्रगतिशील या रूढ़िवादी। मुझे उनकी पसंद में बहुत अधिक विश्वास या निष्ठा नहीं दिखती; उनमें से अधिकांश उसी की ओर रुख करेंगे जो बेहतर काम करेगा।

एसएचः आपने उदार लोकतंत्र प्रणाली के संकट का और पूंजी और मीडिया को नियंत्रित करने वाली शक्तिशाली ताकतें लोकतंत्र को कैसे नष्ट कर रही हैं का पूरी तरह से निदान किया है एक प्रकार का ''ट्रोजन हॉर्स ''जिसने लोकतंत्र को इस तरह से नष्ट कर दिया है कि लोकतंत्र के लिए खतरा अपने आप भीतर से आता है। क्या आप इसे विस्तार से बता सकते हैं ?

जेडटीः लोकतंत्र का एक कमजोर बिंदु इसकी अस्पष्ट संकल्पना हैः कभी भी विशेष रूप से परिभाषित नहीं और इसीलिए व्याख्याओं के लिए खुली। यह अस्पष्ट शारीरिक पहचान हर चीज को लोकतंत्र के रूप में छिपाने की अनुमति देती है और इस तरह इसके औचित्य का दावा करती है; और इसलिए, कई लोकतांत्रिक ''ट्रोजन हॉर्स'' उत्पन्न होते हैं। और सबसे बुरी बात यह है कि दिखने और व्यवहार में समानता के कारण इन्हें सच्चे लोकतंत्र से अलग करना कठिन है। यह निश्चित नहीं है कि सच्चा लोकतंत्र है, क्योंकि हमने लोकतंत्र की आदर्श अवधारणा या ईदोस कभी नहीं देखा है, भले ही हम जानते हैं कि लोकतंत्र की अपनी विशिष्ट उत्पत्ति और जीन हैं। अब, सबसे बुरी बातः छद्म लोकतंत्र को एक ही जीन के साथ, लोकतंत्र का सच्चा जुड़वां पाया जाता है। *अगोरा,* जहां लोकतंत्र का विकास हुआ, एक बाजार भी था। विचारों का बाजार वस्तुओं के बाजार के करीब है; यदि अधिक लोग सेब चुनते हैं, तो स्पष्ट रूप से सेब का ज्यादा स्वागत है।

इसी तरह, अगर अधिक मतदाता ट्रम्प का समर्थन करते हैं तो ट्रम्प उचित लगते हैं। कई लोग इसे नहीं स्वीकारेंगे, लेकिन मजबूत लोकतांत्रिक तर्क के अभाव में यह अजीबोगरीब है। बाजार और लोकतंत्र के बुनियादी नियम समान हैं। दुर्भाग्य से, बहुमत सिद्धांत हमेशा सत्य या अच्छाई की बात नहीं करते हैं; और अधिक दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि, राजनीतिक, वित्तीय और मीडिया शक्तियों के पास लोगों की पसंद को गुमराह करने और उसमें हेरफेर करने के कई तरीके और अवसर हैं। शक्तियाँ चतुर होती हैं; वे सर्वोत्तम रणनीतियाँ जानती हैं। विधिक शासन की आधुनिक स्थिति के साथ–साथ बाजार के शासन के तहत, अधिकाधिक अधिकाधिक शक्तियां लोगों को भ्रम बेच कर आम जनता के दिमाग को पुनः आकारित या पुनः निर्मित करने की रणनीतियां विकसित करती हैं और इस तरह एक समान दिमाग का निर्माण करती हैं। इसलिए, हम लोकतंत्र के बजाय ''पब्लिक्रेसी'' देखते हैं; या लोकतंत्र की शक्ल में पब्लिक्रेसी; या पब्लिक्रेसी पर हावी विकृत लोकतंत्र। यही वह ''ट्रोजन हॉर्स'' है जो लोकतंत्र को कमजोर करता है।

यह अजीब बात नहीं है कि लोकतंत्र स्वयं को पब्लिक्रेसी से बचाने में विफल रहता है, क्योंकि लोकतन्त्र पब्लिक्रेसी के ट्रोजन हॉर्स को पहचान नहीं सकाः लोकतन्त्र और पब्लिक्रेसी बहुत हद तक एक जैसे दिखते हैं। समस्या यह है कि मौजूदा लोकतंत्र नासमझ है, जबकि पब्लिक्रेसी में अंतर्निहित शक्तियाँ कहीं अधिक चतुर हैं। लोकतंत्र सार्वजनिक विकल्प चुनने का एक व्यावहारिक तरीका है, और इसका अपना कोई दिमाग नहीं है, इसलिए यह बाहरी शक्तियों के खिलाफ अपना बचाव नहीं कर सकता है। बुनियादी रूप से, लोकतंत्र यह परिभाषित नहीं करता कि क्या अच्छा है या जो सही है उसे उचित नहीं ठहराता; इसने कभी स्वयं को भी उचित नहीं ठहराया है। लोकतंत्र कायम है क्योंकि कोई बेहतर विकल्प नहीं है। दूसरे शब्दों में, लोकतंत्र अधिकारों और शक्ति के वितरण पर निर्णय लेने का एक तरीका है, न कि अच्छाई, सच्चाई या न्याय की परिभाषा पर निर्णय लेने का। इसलिए, लोकतंत्र को अपने दिमाग की जरूरत है।

एसएचः क्या आप किसी विकल्प की कल्पना करते हैं?

>>

जेडटी: मेरी आकांक्षा एक ''स्मार्ट लोकतंत्र'', एक ज्ञान–आधारित लोकतंत्र की है। उम्मीद है कि यह उन शक्तियों जितना स्मार्ट हो जाएगा जो इसे नियंत्रित करने की कोशिश करती हैं, कम से कम गुमराह जनमत के एकत्रीकरण से बेहतर होगा।

मुझे समझाने दो। स्मार्ट लोकतंत्र में ''दो–वोट प्रणाली'' और ''दो–स्तरीय चुनाव'' शामिल हैं। दो वोटों का मतलब है ''एक व्यक्ति, दो वोट'', किसी भी चुनाव के लिए पक्ष और विपक्ष, किसी की पसंद और नापसंद का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह ''नापसंद'' एक अपरिहार्य चर है, यह ''पसंद'' से भी अधिक मायने रखती है, इसलिए ''दो वोट'' एक व्यक्ति के दिमाग का पूर्ण प्रतिनिधित्व करते हैं, जो ''एक व्यक्ति, एक वोट'' की प्रचलित प्रणाली से बेहतर है। दो–वोट प्रणाली के बुनियादी नियम इस प्रकार हैं: (1) नेट प्रोस नियम. यानी, कुल फायदा = फायदा – नुकसान। मान लीजिए कि A को 51% पक्ष में और 31% विपक्ष में वोट मिलते हैं, तो 51% – 31% = 20% नेट प्रोस, B को 41% पक्ष में और 11% विपक्ष में वोट मिलते हैं, तो 41% –11% = 30% नेट प्रोस मिलता है। B को विजेता माना जाना चाहिए, (2) सशर्त बहुमत नियम। यदि A और B के नेट प्रोस एक समान हैं, तो अधिक प्रोस वाला व्यक्ति जीतेगा।

दो–स्तरीय चुनाव का अर्थ है मतदान समाप्त करने के दो चरण। सबसे पहले, हर कोई जो चाहता है उसके लिए वोट करता है। उसके बाद, वैज्ञानिक समिति लोगों की पसंद को स्वीकृत या अस्वीकृत करने के लिए ज्ञान भारित वोट देती है। इसलिए, दो–स्तरीय चुनाव अलग–अलग शक्तियों को परिभाषित करते हैं: लोग तय करते हैं कि क्या वांछनीय है, और वैज्ञानिक समिति तय करती है कि क्या व्यवहार्य है। यदि इस तरह से डिजाइन किया जाए, तो लोकतंत्र को संस्थागत रूप से बुद्धिमान बनाया जा सकता है ताकि यह अपने आप में स्मार्ट हो और, अपने आप में: तर्कहीन विकल्पों से मुक्त हो। संक्षेप में, यह ज्ञान–आधारित लोकतंत्र होगा। फिलहाल मेरा प्रयास मतदान प्रणाली में सुधार तक ही सीमित है। एक स्मार्ट लोकतंत्र को निश्चित रूप से अधिक बुद्धिमत्ता और बेहतर अवधारणाओं की आवश्यकता होती है। यह एक ऐसा कार्य है जिसे आगे बढ़ाया जाना है।

एसएचः आप ''ज्ञान–आधारित लोकतंत्र'' का आह्वान करते हैं, लेकिन जो विशेषज्ञ आयोगों या समितियों का हिस्सा होंगे, उन्हें कौन नामांकित करेगा? ऐसा लगता है जैसे ''विशेषज्ञ'' केवल वैज्ञानिक समाधान प्रदान कर रहे थे, लेकिन वे अक्सर राजनीतिक आधार पर विभाजित होते हैं।

जेडटी: नामांकन हमेशा एक समस्या है। मुझे डर है कि कोई सटीक समाधान नहीं है। पार्टियों पर आधारित राजनीति आवश्यक रूप से पक्षपातपूर्ण होती है। हमारे पास जो व्यावहारिक रूप से व्यवहार्य तरीका है वह शायद सर्वोत्तम नहीं है, लेकिन आदर्श अस्तित्व में नहीं हैं, इसलिए हमें वास्तविकता के साथ समझौता करना होगा। यही कारण है कि मुझे अपनी कल्पना को लोकतंत्र के आमूल–चूल सुधार के बजाय स्वीकार्य सुधारों तक ही सीमित रखना चाहिए। लेकिन, हम स्मार्ट लोकतंत्र चलाने के लिए वैज्ञानिक समितियों के लिए विशेषज्ञों को कैसे नामित करेंगे? मेरा विचार पारंपरिक ''प्रतिष्ठा'' को अपनाता है, जो अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त उम्मीदवारों का संदर्भ देता है। किसी की प्रतिष्ठा एक स्पष्ट सामाजिक तथ्य है। उदाहरण के लिए, वे जो अग्रणी वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने महत्वपूर्ण पुरस्कार जीते हैं और इसलिए माना जाता है कि लोग जो करना चाहते हैं उसकी संभावना या जोखिम के बारे में अधिक जानते हैं। बेशक, प्रतिष्ठा अनुपयुक्त हो सकती है, लेकिन निश्चित रूप से अज्ञान से ज्ञान बेहतर है। विशेषज्ञों का अपना राजनीतिक रुझान होगा, और सबसे अच्छी बात जो हम उम्मीद कर सकते हैं वह यह है कि वे ईमानदार होंगे। गुप्त वित्तीय संबंधों को खत्म करने के कई तरीके हैं।

स्मार्ट लोकतंत्र का मेरा सिद्धांत, जैसा कि आप देख रहे हैं, मिश्रित ''राजनीतिक जीन'' का एक मामूली संयोजन मॉडल है: आधुनिक लोकतंत्र से लगभग 50%, सार्वजनिक मामलों के लिए जिजी के इष्टतम निर्णय से 30%, और प्लेटो के ''दार्शनिक राजा'' से 20%। मैं जनता और सामान्य मामलों से निपटने की समझदार परंपराओं को संतुलित करने का प्रयास करता हूं। यह आदर्श से कहीं दूर, जो अधिक उचित है, उसके बारे में है।

एसएचः आपके काम को पढ़ने से ऐसा लगता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की आपकी निराशाजनक आलोचना यह नहीं बता सकती कि आज हमारे पास सामाजिक आंदोलन क्यों हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था कोई बंद व्यवस्था नहीं है; यहां तक कि अपने ''ट्रोजन हॉर्स'' के साथ, यह विकल्प (पारिस्थितिक, सामाजिक–आर्थिक और राजनीतिक) उत्पन्न करने में सक्षम है।

जेडटी: मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं कि लोकतंत्र कोई बंद अवधारणा नहीं है। संस्थागत लोकतंत्र के विकल्प, सामाजिक आंदोलनों को सहज लोकतंत्र माना जा सकता है, हालांकि उन्हें कुछ संगठनों द्वारा समर्थित या क्यूरेट किया गया है। वे ''ट्रोजन हॉर्स'' नहीं हैं; मेरे उनका सम्मान करता हूँ। मुझे लगता है आप कहेंगे कि सामाजिक आंदोलन लोकतंत्र का बेहतर पक्ष हैं। निश्चित रूप से, सामाजिक आंदोलन प्रत्यक्ष लोकतंत्र के करीब हैं। यह अच्छा है। फिर भी, मेरे विचार में एक व्यावहारिक समस्या यह है कि सामाजिक आंदोलनों को अनुचित जुनून के साथ गुमराह भी किया जा सकता है, जिससे कि एक राज्य या दुनिया की क्षमता से अधिक की मांग करना कभी–कभी रचनात्मक के बजाय विनाशकारी होता है। यह मुझे एक पुरानी कहावत की याद दिलाता है: ''एक गृहिणी परिवार चलाने का खर्च जानती है''। इसके बजाय मैं तर्कसंगत ज्ञान पर आधारित और संस्थागत रूप से अधिक स्मार्ट होने की व्यवस्था वाले लोकतंत्र पर जोर दूंगा। प्रचंड किस्म की तुलना में ''शांत लोकतंत्र'' अधिक विवेकपूर्ण और विश्वसनीय है। आपसे मेरा यह प्रश्न है: यदि हम अपने समाज में परिवर्तन चाहते हैं, तो हमें कैसे पता चलेगा कि कौन से परिवर्तन समाज के लिए बेहतर हैं?

ज्यादातर मामलों में, लोकतंत्र इस बात से अनभिज्ञ हो सकता है कि क्या अच्छा है। यह हास्यास्पद है, या उतना हास्यास्पद नहीं है, कि हमारे दार्शनिकों के पास अभी भी ''अच्छा'' क्या है इसकी कोई स्पष्ट अवधारणा नहीं है। आज लोकतंत्र का कोई मूल्य नहीं रह गया है. इसके बजाय, यह मूल्यवान होने का मामला है।

एसएचः आप एक मूल्य के रूप में लोकतंत्र पर सवाल उठाते हैंय लेकिन जो मूल्य का गठन करता है वह लोकतंत्र का गुणक है। यही कारण है कि आज हम उदार लोकतंत्र की बात करते हैं। मैं सीरिया में पला–बढ़ा हूं जहां बाथ प्रमुख पार्टी लोकतंत्र को योग्य बनाने के लिए ''लोकप्रिय'' का उपयोग करती है। जब आप उदारवाद को लोकतंत्र से जोड़ते हैं, तो इसका अर्थ है धर्म, भाषण, प्रेस और सभा की स्वतंत्रता, संघों और राजनीतिक दलों की स्थापना, और मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अमूर्त (और ठोस नहीं) तरीके से स्वीकार करना। क्या हमें इन मूल्यों की आलोचना करनी चाहिए? सीरिया में ''लोकप्रिय'' लोकतंत्र में, जब तक कि आप सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग की विचारधारा को स्वीकार

>>

नहीं करते अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या संघों और राजनीतिक दलों की स्थापना की संभावना बमुश्किल थी। इसके अलावा, संसद के लिए मतदान प्रणाली जटिल थी, जिसमें मजदूर वर्ग और किसानों के लिए विशेष सीटें आरक्षित थीं, जो मेरे लिए एक अच्छी बात है, भले ही ये दोनों श्रेणियां खुद को संगठित करने के लिए स्वतंत्र न हों। इस प्रकार, ''लोकप्रिय'' शब्द उदारवाद–विरोधी मूल्यों से भरा है, लेकिन सामाजिक न्याय की कुछ भावना तलाशता है। यही कारण है कि हम इसके गुणक के बिना लोकतंत्र पर चर्चा नहीं कर सकते। आप लोकतंत्र के वर्तमान ''राय–आधारित'' रूप से नए ''ज्ञान–आधारित'' रूप में जाने के लिए ''स्मार्ट'' विशेषक का उपयोग करते हैं। हालाँकि, स्मार्टनेस खुद को दो (लोकप्रिय और उदार) परंपराओं के मुकाबले कैसे स्थापित करती है?

जेडटी: आपके पैने प्रश्न के लिए धन्यवाद; यह बिलकुल सटीक है। लोकतंत्र कितना ''स्मार्ट'' हो सकता है, इस पर चर्चा करने से पहले, मैं कहूंगा कि कोई विशुद्ध लोकतंत्र नहीं है, जिससे सच्चा लोकतंत्र एक समस्याग्रस्त अवधारणा बन गया है। आप सही हैं: एक लोकतंत्र कुछ मूल्यों से संबंधित होता है जब वह किसी योग्यता से जुड़ा होता है। यह इंगित करता है कि स्वयं लोकतंत्र, इसकी मूल अवधारणा, एक उपकरण या प्रक्रिया से अधिक कुछ नहीं है और हम उन मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध लोकतंत्र पर सहमत नहीं होंगे जो हमारे अपने नहीं हैं। इसलिए, योग्यता लोकतंत्र से अधिक मायने रखती है, क्योंकि योग्यता अधिक गहरी समस्याओं और संघर्षों को प्रकट करती है। लोकतंत्र की ऊंची आवाज में विशिष्ट मूल्यों, हितों और शक्ति की वास्तविक खोज को छुपाया जा सकता है।

विशेषक की आपकी अवधारणा ज्ञानवर्धक है; यह मुझे रैंकिंग मूल्यों की गंभीर समस्या की याद दिलाती है। प्रत्येक व्यक्ति के मूल्यों की अपनी रैंकिंग होती है; अन्यथा, वे सब कुछ करने की कोशिश करने की दुविधा में फंसे रहते हैं। मूल्यों की रैंकिंग भेदभाव का सुझाव देती है और इसलिए, हर जगह संघर्ष होता है। भेदभाव एक डरावना शब्द है, लेकिन यह इस तथ्य को संदर्भित करता है कि हर कोई भेदभाव कर रहा है, भले ही अधिकांश लोग किसी भी भेदभाव के खिलाफ खड़े होना पसंद करेंगे। लोकतंत्र के विशेषक या आंशिक लेबल, उदार या लोकप्रिय, व्यक्तिगत स्वतंत्रता या सामाजिक न्याय, के संघर्ष या असहमति को कम करने की संभावना नहीं है और यहां तक कि वे सामाजिक एन्ट्रॉपी या सामाजिक विखंडन को भी बढ़ा सकते हैं। इसलिए चाहे वे कितने भी आकर्षक क्यों न हों, मैं दावा किए गए मूल्यों के अलावा किसी अन्य चीज पर भरोसा करूंगा। इसके बजाय मैं एक बुद्धिमता–सन्निहित लोकतंत्र की अपेक्षा में, लोकतंत्र की संचालन प्रणाली में ''बुद्धिमता की सेटिंग्स'' विकसित करने की ओर रुख करूंगा। इसे मैं ''स्मार्ट लोकतंत्र'' कहता हूं– जिसमें व्यवस्थित व्यवस्था ज्ञान को अंतिम निर्णय लेने की शक्ति देगी। दूरदर्शी अर्थ में, सुपर एआई भविष्य में, मानव दिमाग के लिए ऐड–ऑन के रूप में काम कर या यहां तक कि मानव दिमाग के साथ मिलकर काम कर और अंततः एआई–मानव ट्रांस–सब्जेक्टिविटी बना कर मदद कर सकता है। उम्मीद है कि यह अधिक स्मार्ट और कम सैद्धांतिक होगा। लोकतंत्र का मतलब प्रतिस्पर्धी राजनीतिक शक्तियों की सेवा के बजाय पूरे समाज की सेवा में सार्वजनिक विकल्प बनाना है।

एसएचः एक अंतिम प्रश्न, जो हमारे पाठकों के लिए काफी रुचिकर हो सकता है। हाल ही में, आपने यूरोपीय विद्वानों के साथ यूरो–चाइनीज डिक्शनरी ऑफ कल्चरल मिसअंडरस्टैंडिंग्स का सह–संपादन किया। यह विचार बहुत बढ़िया है क्योंकि आप उत्तर–औपनिवेशिक प्रतिमान से बाहर हैं जहां आपको अलग–अलग (दक्षिणी) ज्ञान–मीमांसाओं को देखना चाहिए लेकिन गलतफहमी को दूर करने के लिए अपने यूरोपीय सहयोगियों के साथ काम करना चाहिए। यह चीन–फ्रैंको अनुसंधान समूहों की तरह है जो उत्तर–पश्चिमी समाजशास्त्र के लिए आह्वान कर रहे हैं और साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

जेडटी: हमें पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता की शत्रुतापूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय एक नई और बेहतर ज्ञान–मीमांसा विकसित करने की आवश्यकता है। मैं उत्तर–औपनिवेशिक दृष्टिकोण को उपनिवेशवाद, या अधिक विशेष रूप से, प्राच्यवाद से बाहर निकलने के मार्ग के रूप में नहीं लेता। जब हम उत्तर–औपनिवेशिक तरीके से जवाब देने या हमारे बारे में जो कहा गया है: उपनिवेशवादियों द्वारा ''हम'' पर थोपी गई प्राच्यवादी तस्वीर, उसे ''अनकहा'' करने का प्रयास करेंगे तो हमारा दिमाग उपनिवेशवादी अवधारणाओं और पैटर्न द्वारा सीमित, फंसा हुआ और गुमराह हो जाएगा। मेरा मतलब यह है कि अगर मैं उपनिवेशवाद के खिलाफ बात करता हूं, तो मेरे दिमाग की संरचना औपनिवेशिक अवधारणाओं द्वारा निर्मित होगी, यह औपनिवेशिक विमर्श में स्थापित होगी और मेरे शब्द मेरे मन की बात नहीं कहेंगे। या, यदि आप कहते हैं, ''मैं वैसा नहीं हूं जैसा आप सोचते हैं'', तो आपका दायरा और दृष्टि अनजाने में उपनिवेशवादी या प्राच्यवादी क्षितिज द्वारा सीमित हो गई है, जिससे आपके मन की स्वतंत्रता खो गई है। ज्ञानमीमांसा का विरोध नीरस और नकारात्मक है। इसके बजाय मैं सभी मनुष्यों के सामने आने वाली प्राथमिक और सामान्य समस्याओं को फिर से शुरू करूंगा, और हम विभिन्न अवधारणाओं, बेहतर तर्कों, या दिलचस्प आपसी गलतफहमियों को साझा और आदान–प्रदान कर सकते हैं; हम सभी को लाभ हो सकता है। कोई बेहतर रूपक ढूंढ पाने के पहले मैं इसे एक प्रारंभिक रूपक ''ट्रांसकल्चरल मल्टीप्लिकेशन'' कहता हूं ।

किसी के लिए भी दूसरों को गलत समझना स्वाभाविक है; दूसरे दिमाग के पास हमेशा हमें गलत समझने का कोई न कोई कारण होता है। हम बुनियादी अवधारणाओं को स्पष्ट करके, यह देखकर कि क्या हमारे या उनके सिद्धांत और हमारी या उनकी अवधारणाओं में अंतर्निहित पूर्वकल्पनाएँ सुसंगत हैं या नहीं, आपसी गलतफहमियों को कम कर सकते हैं। ■

> जीवनयापन की लागत

विशेषज्ञ अवधारणाएँ और रोजमर्रा के प्रयास

फेडरिको नेइबर्ग, फेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ रियो डी जनेरियो, ब्राजील, **इसाबेल गुएरिन**, इंस्टिट्यूट डी रेचेर्चे पौर ले डेवेलोपेमेंट, फ्रांस, और **सुजाना नारोट्जकी**, यूनिवर्सिडैड डी बार्सिलोना, स्पेन द्वारा



श्रेयः विटोरिया गोंजालेज, 2024

यह विषयक खंड *वैश्विक संवाद* और *इंटरनेशनल सोशियोलॉजी* के बीच साझेदारी का परिणाम है। इसमें, हमारा लक्ष्य एक विशेषांक के कुछ मुख्य परिणामों को व्यापक दर्शकों के लिए उपलब्ध कराना है जो हाल ही में *इंटरनेशनल सोशियोलॉजी* में प्रकाशित हुआ है। इस लेख में, हम *जीवनयापन* की लागत की अवधारणा प्रस्तुत करते हैं, जो एक साथ विशेषज्ञों के ब्रह्मांड में निर्मित और उपयोग की जाने वाली एक श्रेणी है और एक स्थानीय अवधारणा है जो संकट के समय में असंख्य प्रयासों और अनुभवों के संदर्भ में लोगों के दैनिक जीवन का पता लगाती है। हम एक बहु–स्तरीय, ऐतिहासिक और तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य का प्रस्ताव करते हैं जो बहुसंख्यकों द्वारा समसामयिकता में उत्पन्न दुविधाओं के अवलोकन और विश्लेषण की अनुमति देता है। इसमें भोजन और ऊर्जा जैसी बुनियादी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि, श्रम बाजारों की अनिश्चितता और वैश्विक स्तर पर कोविड–19 महामारी के बाद मजदूरी में त्वरित कमी के संयुक्त प्रभाव शामिल हैं। संकटों के इन विविध आयामों ने उन तरीकों को प्रभावित किया है जिनके माध्यम से व्यक्ति और परिवार जीने लायक जीवन तलाशते हैं। हम जीवन यापन की बढ़ती लागत के नैतिक और राजनीतिक आयामों और विशेषज्ञों की दुनिया, सार्वजनिक स्थानों और लोगों के दैनिक जीवन में होने वाले संघर्षों और संघर्षों की ओर भी ध्यान आकर्षित करते हैं।

> प्रसंग

कोविड–19 महामारी, जलवायु संकट और पूर्वी यूरोप में युद्ध के संयुक्त प्रभावों ने जीवनयापन की बढ़ती लागत, मुद्रास्फीति और भूख को सार्वजनिक बहसों और लोगों के दैनिक जीवन में केंद्रीय मुद्दा बना दिया है। कई लोगों को पैसे की घटती क्रय शक्ति और भोजन, पानी और ऊर्जा जैसे जीवन के लिए आवश्यक माने जाने

> >

वाले उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान के कारण उत्पन्न होने वाली कमी से निपटना होगा। वैश्विक पैमाने पर बढ़ती कीमतों का एक अभूतपूर्व चक्र सामने आया है। इसका असर न केवल ग्लोबल साउथ के देशों में निर्धनतम और तथाकथित मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है, बल्कि यूरोप और उत्तरी अमेरिका के अमीर देशों में भी हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) का वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक मार्च 2022 में 60 वर्षों में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जबकि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की ऐतिहासिक श्रृंखला ने 100 वर्षों में भोजन और ऊर्जा की कीमतों में सबसे बड़ी वृद्धि का संकेत दिया। रोजगार की कमी या इसकी अनिश्चित प्रकृति, मजदूरी का घटता वास्तविक मूल्य, बड़े पैमाने पर पलायन और पर्यावरणीय आपातकाल के समान ही बुनियादी उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतें वर्तमान बहुसंकट का एक प्रमुख आयाम हैं।

> संकल्पना

'जीवनयापन की लागत' एक बहुरूपी व्यावहारिक श्रेणी है। यह वह अनेकार्थी श्रेणी है जिसे हम यहां प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहे हैं। 'जीवनयापन की लागत' की अवधारणा उन्नीसवीं सदी के अंत और बीसवीं सदी की शुरुआत में, आधुनिक आर्थिक विज्ञान के साथ, मानव जीवन को संख्याओं और धन की मात्रा के साथ अनुक्रमित करने के एक उपकरण के रूप में पैदा हुई थी। जीवन के उत्पादन के लिए आवश्यक न्यूनतम की एक कीमत होती है (उदाहरण के लिए, वस्तुओं की एक टोकरी का मौद्रिक मूल्य)। कीमतें भी बदलती रहती हैं और ये भिन्नताएं समय खंडों के सापेक्ष प्रतिशत में दर्शाई जाती हैं: साप्ताहिक, मासिक, वार्षिक। इस प्रकार, विशेषज्ञों की दुनिया में, जीवनयापन की लागत आंतरिक रूप से दो प्रमुख पहलुओं से जुड़ी हुई है: पहला, एक सामाजिक तथ्य के रूप में और सरकार की वस्तु के रूप में मुद्रास्फीति की समझ, दूसरा, आवश्यकता या बुनियादी जरूरतों की अवधारणा। मुद्रास्फीति और जीवनयापन की लागत के उत्पादन का क्षेत्र विवादों का एक क्षेत्र है जिसमें सरकारी एजेंसियां, कॉर्पोरेट संस्थान, ट्रेड यूनियन, अंतर्राष्ट्रीय संगठन और मानवतावादी एजेंसियां भाग लेती हैं, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक बहस और राजनीतिक लड़ाइयों का निर्माण करती हैं।

फिर भी, उसी समय, जीवनयापन की लागत की अवधारणा आर्थिक विशेषज्ञों और आर्थिक जीवन की सरकार में शामिल लोगों के दायरे से बाहर भी मौजूद है। जीवन यापन की लागत एक व्यावहारिक श्रेणी है जो संख्यात्मक सूचकांक से परे जाती है: यह व्यक्तियों, घरों और परिवारों के सामान्य जीवन के प्रवाह में भाग लेती है। यह असंख्य लागतों और प्रयासों को संदर्भित करती है जो कार्यों, रणनीतियों, दैनिक खुशियों और निराशाओं के साथ–साथ सामाजिक आंदोलनों और छिपे हुए अपराधों को अर्थ देती है, जैसे कि मुद्रास्फीति या महंगी जिंदगी के खिलाफ दावे शुरू करना।

> अंतराल को पाटना

आर्थिक विज्ञान और मानवतावाद के ब्रह्मांड ने जीवनयापन की बढ़ती लागत, अकाल और भूख की संकल्पना की है। हालाँकि, सामाजिक विज्ञानों के लिए, ये घटनाएँ, कुछ अपवादों को छोड़कर, सीमांत वस्तुएँ बनी हुई हैं, जो एजेंडे में शामिल नहीं होती हैं। इस विषयगत खंड और *इंटरनेशनल सोशियोलॉजी* के विशेषांक का उद्देश्य ठीक इसी अंतर को भरना है। ऐसा करने के लिए, हम एक ऐसे दृष्टिकोण का प्रस्ताव करते हैं जो बहु–विषयक और बहु–स्केलर दोनों है। इस खंड के लेख विभिन्न विषयगत और अनुशासनात्मक परंपराओं से गुजरते हैं: राजनीतिक समाजशास्त्र और बाजारों, कीमतों और संख्याओं की अर्थव्यवस्था; आर्थिक और नारीवादी समाजशास्त्र और सामान्य प्रथाओं का मानवविज्ञान और उनके भावनात्मक, अंतरंग और संवेदी आयाम; और भोजन और जीवन की राजनीतिक पारिस्थितिकी। साथ ही, यहां एकत्र किए गए लेख अंतरराष्ट्रीय भू–राजनीतिक मुद्दों, मानवीय संगठनों के भारी वजन और स्थानीय संदर्भों में जीवनयापन संकेतकों की लागत को परिभाषित करने में सहायता, सरकार के राष्ट्रीय तरीकों और उनके औपनिवेशिक इतिहास, और लोगों और परिवारों के दैनिक जीवन में जीवन यापन की लागत की अंतरंगता और संवेदनशीलता के बीच की उलझनों को दर्शाते हैं। ।

सार्वजनिक बहस, विशेषज्ञ ज्ञान और आम नागरिकों की अवधारणाएं और प्रथाएं परस्पर विरोधी हो सकती हैं, लेकिन वे एक–दूसरे से जुड़ती हैं और एक दूसरे का सृजन भी करती हैं। वास्तव में, समाजशास्त्र और मानवविज्ञान इस सह–निर्माण को तनाव, संघर्ष और परिसंचरण के साथ प्रकट कर सकते हैं। एक तुलनात्मक और ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि जीवनयापन की लागत कैसे असमान रूप से वितरित की जाती है, समय के साथ ये असमानताएँ कैसे बदलती हैं, नीति निर्माता, विशेषज्ञ और परिवार कैसे संकट से निपटते हैं, जबकि अन्य संकटों के दौरान निर्मित सामाजिक स्वभावों को संगठित करते हैं या अनदेखा करते हैं।

हम इन प्रक्रियाओं पर दोहरे अर्थ में तुलनात्मक दृष्टिकोण से ध्यान केंद्रित करते हैं: ग्लोबल नॉर्थ और ग्लोबल साउथ में अतीत और वर्तमान स्थितियों पर की खोज के सूक्ष्म आयामों के साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वृहद प्रक्रियाओं को जोड़कर। पैमानों और प्रक्रियाओं की ये उलझनें सत्ता संबंधों के सवालों, क्या वैध है, स्वीकार्य है, सामान्य या बुनियादी है और क्या विचार करके, और मुद्रास्फीति, अकाल और भूख के बीच जीवन जीने लायक जीवन की रोजमर्रा नहीं है, और किसके अनुसार है, इसके बारे में नैतिक बहस, साथ ही साथ राष्ट्रीय संदर्भों और इतिहास, लिंग संबंधों और नस्लीय और वर्ग मतभेदों के आधार पर मजबूत विविधताओं के साथ जीवन जीने लायक क्या है पर विवाद को पुनर्जीवित करती हैं। ■

सभी पत्राचार फेडेरिको नेइबर्ग को <federico.neiburg@gmail.com> पर प्रेषित करें।

> गलत संरेखण

घरेलू धन और मुद्रास्फीति संबंधी अनुभव

जेनिया मोट्टा और **फेडेरिको नेइबर्ग**, फेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ रियो डी जनेरियो, ब्राजील द्वारा

मारे कॉम्प्लेक्स, 2020
श्रेयः ब्रासील डे फाटो

इस लेख में हम बताते हैं कि रियो डी जनेरियो शहर में ''कॉम्प्लेक्सो दा मारे'' (मारे कॉम्प्लेक्स) के नाम से जाने जाने वाले फेवेला क्षेत्र के निवासियों ने 2021 और 2022 के दौरान, अभी भी कोविड–19 महामारी का संदर्भ में, कैसे विशेष रूप से भोजन और ऊर्जा में कीमतों में वृद्धि का अनुभव किया। हम अलग–अलग पैमानों पर भौतिक परिवर्तनों और भविष्य के दृष्टिकोणों को समायोजित करके जीवनयापन की लागत में वृद्धि को नियंत्रित करने के विभिन्न तरीकों का विश्लेषण करने के लिए संरेखण (और इसके व्युत्पन्न, जैसे कि गलत संरेखण और पुनर्गठन) की अवधारणा का उपयोग करते हैं: लोगों और परिवारों द्वारा अभिलाषित अच्छे जीवन के आदर्शों से, तुरंत या निकट भविष्य में लिए जाने वाले निर्णयों के लिए। हम संरेखण कार्य को दैनिक गतिविधियाँ कहते हैं जिसके माध्यम से लोग और परिवार आय की अस्थिरता, धन प्रवाह में भिन्नता, मुद्रास्फीति द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के संबंध में निराशा का प्रबंधन और महत्वपूर्ण संबंधों के रखरखाव से निपटते हैं, जिन्हें संकट के कारण जोखिम में डाल दिया गया था या बदल दिया गया था। उदाहरण के लिए, मूल्य अंतर का लगातार आकलन करना, नए तरीकों से शहर में घूमना, खर्चों को (पुनः) वर्गीकृत करना, और उत्पादों को खरीदने और बेचने के तरीके को बदलना इन गतिविधियों में शामिल हैं। इस प्रकार, संरेखण कार्य कल्पना, गणना, प्रक्षेपण और एक साथ रहने के तरीकों का एक संयोजन है, जो कि क्या, कैसे, कहाँ और क्यों खरीदना या बेचना है, के मूल्यांकन में व्यक्त किया गया है।

> असाधारण घटनाएँ और सामान्य जीवन

कोविड–19 महामारी के साथ–साथ संबंधित आर्थिक संकुचन और बुनियादी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को विभिन्न तरीकों से अनुभव किया गया, जिससे सामान्य जीवन के प्रवाह के माध्यम से असाधारण घटनाओं से निपटने के अलग–अलग तरीकों का पता चला। जिन लोगों से हमने बात की, उनमें से कुछ के लिए इस अवधि के दौरान चीजें अस्थिरता, गरीबी और संघर्ष की उनकी स्थायी दिनचर्या से बहुत अलग नहीं थीं। इससे उन्हें अपने जीवन और पीढ़ियों के दौरान अपनाई गई रणनीतियों को सक्रिय करने की अनुमति मिली। दूसरों के लिए, मुद्रास्फीति और आय की हानि ने परिवार में बीमारी और मृत्यु जैसी अन्य घटनाओं के साथ मिलकर असाधारणता की भावना को बढ़ा दिया। और भी अन्य लोगों के लिए, महामारी और उसके परिणामस्वरूप कीमतों में वृद्धि ने नई संभावनाएं और अवसर खोले। ये विविधताएँ असमानता पैदा करने की विभेदक प्रक्रिया के केंद्र में हैं जो मुद्रास्फीति और खाद्य पदार्थों की कीमत में वृद्धि से जुड़ी है – यह देखते हुए, मारे कॉम्प्लेक्स में, परिवार के बजट पर पहले तीन आइटम क्रमशः, भोजन, ऋण हैं पुनर्भुगतान, और आवासीय सेवाएं हैं।

गतिशीलता (जो कि कोविड–19 के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से नीतियों द्वारा प्रतिबंधित थी) और आय स्रोतों की अस्थिरता, दोनों के संदर्भ में, जिन लोगों का हमने साक्षात्कार लिया, उनका जीवन अस्थायीताओं, जो एक ही समय में *विघटनकारी* और *आवर्ती* हैं,

> >

द्वारा ढाला गया है। हालाँकि, संकटों के नियमितीकरण के ऐसे सन्दर्भ में भी, मूल्य वृद्धि (विशेष रूप से भोजन और रसोई गैस की): घर, वह प्रमुख स्थान, जहाँ जीवन का पुनरुत्पादन होता है, पर प्रहार करती है। यही कारण है कि मुद्रास्फीति के समय में गहन और विशिष्ट पुनर्संरेखण (घरेलू अर्थव्यवस्थाओं की वास्तविकता, दिनचर्या और अपेक्षाओं के बीच) की आवश्यकता होती है, जैसे कि खाने और खाना पकाने की आदतों में बदलाव, 'बुनियादी खर्च' को पुनः प्राथमिकता देना, आय–सृजन गतिविधियों को पुनः परिवर्तित करना, ऋण लेना, या सरकार द्वारा प्रदान किए गए कई आपातकालीन सहायता पैकेटों का उपयोग करना।

घर वे मुख्य स्थान हैं जहां जिन लोगों से हमने बात की, उनका जीवन पुनरुत्पादित होता है, और रसोई देखभाल की उन गति–विधियों का केंद्र है जो एक घर और उसमें निवास करने वाले लोगों का निर्माण करती है। इस प्रकार, भोजन खरीदने, तैयार करने, खाने और कभी–कभी बेचने की दिनचर्या में बदलाव भोजन और गैस की बढ़ती कीमतों से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होते हैं। हमारे विचार में, एक ही समय में घर भौतिक, भावनात्मक और प्रतीकात्मक स्थान हैं, जो लिंग और पीढ़ीगत संबंधों द्वारा संरचित निकटता के संबंधों की विशेषता वाली एकजुटता और तनाव से भरे होते हैं ।

> घरेलू धन

घरेलू श्रेणी में पेश की गई छवि के विपरीत, सामान्य रूप से सांख्यिकीय अनुसंधान में और विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा सर्वेक्षणों में, घर एकाकी संस्थाएं नहीं हैं। वे घरों के नेटवर्क और विन्यास का हिस्सा बनते हैं। घरों के बीच निकटता या दूरी (या उनका अधिक या कम सापेक्ष पृथक्करण) सामाजिक दूरियों के निर्माण में एक महत्वपूर्ण तत्व है। इसके अलावा, घर न केवल उपभोग के स्थान हैं, बल्कि मरम्मत सेवाओं या निजी देखभाल के लेन देन और बिक्री के लिए भोजन की तैयारी के माध्यम से आय उत्पन्न करने वाले स्थान भी हैं। स्वयं निवास, या एक खिड़की या एक कमरा, बाजार के रूप में काम कर सकता है। बिक्री कभी–कभी या कुछ नियमितता के साथ हो सकती है और इसमें कभी–कभी घर के अन्य सदस्य या घर के विन्यास से मदद मिलती है।

विशेष रूप से खाद्य पदार्थों और गैस की बढ़ती कीमतों के संदर्भ में, मुद्रास्फीति की अवधि के दौरान घरों की गतिशीलता का वर्णन करने की कुंजी, घरेलू धन (दिनहेइरो दा कासा) की अवधारणा है: एक ब्राजीलियाई मूल अभिव्यक्ति, जो हमें धन और मौद्रिक प्रथाओं के विभिन्न अर्थ का घरेलू स्थानों के सुविधाजनक दृष्टिकोण से अध्ययन करने की अनुमति देती है। दिनहेरो दा कासा की अवधारणा लोगों, धन और घरों के मध्य एक नैतिक और व्यावहारिक गठजोड़ को दर्शाती है। यह एक जीवित प्रक्रियात्मक स्थान के रूप में घर के रखरखाव के लिए सामुदायिक या आम जरूरतों को महत्व देती है। यह उन खर्चों को जन्म देती है जो प्रकृति में अनिवार्य और नियमित हैं, जैसे किराया, सेवाएँ और भोजन। इसलिए इन विभिन्न पक्षों (विशेष रूप से क्रय शक्ति में कमी) में गड़बड़ियों पर केंद्रित रणनीतियों को जीवन को (पुनः) उत्पादित करने वाली आवश्यकताओं के अनुसार संरेखित करना संभव है।

> मुद्रास्फीति की एक नृवंशविज्ञान संबंधी आलोचना

संरेखण की अवधारणा मुद्रास्फीति के आर्थिक सिद्धांतों में एक केंद्रीय स्थान रखती है। तथाकथित मुद्रावादी दृष्टिकोण मुद्रास्फीति को पेश की गई मुद्रा की अधिकता और बढ़ती कीमतों के साथ अपेक्षाओं के बेमेल होने के प्रभाव के रूप में समझाते हैं। विधर्मी माने जाने वाली दृष्टि मुद्रास्फीति की व्याख्या उत्पादक श्रृंखलाओं में कुसमायोजन और वितरण संबंधी विवादों के कारण उत्पन्न असमानता की पहचान करके करते हैं। मारे कॉम्प्लेक्स में जिन लोगों से हमने बात की, उनके जीवनयापन की बढ़ती लागत के विशिष्ट और दैनिक अनुभव के आधार पर, और धन जो मुद्रास्फीति के संवेदी आयाम पर विचार करता है, पर एक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए, हम मुद्रास्फीति की अवधारणा की एक नृवंशविज्ञान संबंधी आलोचना का प्रस्ताव करते हैं।■

सभी पत्राचार फेडेरिको नेइबर्ग को <federico.neiburg@gmail.com> और यूजेनिया मोट्टा को <motta.eugenia@gmail.com> पर प्रेषित करें।

> समकालीन अर्जेंटीना में मुद्रास्फीति से निपटना

मारिया क्लारा हर्नांडेज, यूनिवर्सिडैड नैशनल डी जनरल सरमिएंटो, अर्जेंटीना, और **मारियाना लुजी**, यूनिवर्सिडैड नैशनल डी सैन मार्टिन, अर्जेंटीना द्वारा

श्रेयः विटोरिया गोंजालेज, 2024

हाल के वर्षों में, और लंबे समय के बाद, मुद्रास्फीति विभिन्न देशों के आर्थिक और राजनीतिक एजेंडे में एक केंद्रीय मुद्दे के रूप में लौट आई है। मूल्य वृद्धि के स्रोत और उनसे निपटने के लिए उपलब्ध नीतिगत उपकरण सरकारों के भीतर और बाहर के विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। लेकिन लोग प्रतिदिन मुद्रास्फीति से कैसे निपटते हैं, और समाजशास्त्र हमें इसके बारे में क्या बता सकता है? इस बात पर विचार करते समय कि जीवनयापन की बढ़ती लागत घरेलू अर्थव्यवस्थाओं को कैसे प्रभावित करती है, कई प्रश्न उठते हैं। कर्त्ता किस विशिष्ट तरीके से मुद्रास्फीति का उल्लेख करते हैं और अपने दैनिक कार्यों में मूल्य वृद्धि के बारे में जानकारी को शामिल करते हैं? मूल्य में परिवर्तन समय के साथ गणना और लेनदेन के प्रक्षेपण को कैसे प्रभावित करता है? अनवरत मुद्रास्फीति के संदर्भ में कौन सी लेखांकन पद्धतियाँ लागू की जाती हैं?

इस लेख में, हम अर्जेंटीना के मामले पर हालिया शोध के आधार पर इन मुद्दों को संबोधित करते हैं। एक ओर, हम विश्लेषण करते हैं कि बढ़ती कीमतें लोगों की चिंताओं में कैसे दिखाई देती हैं। दूसरी ओर, हम मुद्रास्फीति को मापने के उन सामान्य तरीकों का प्रदर्शन करते हैं जिन्हें हमने घरेलू अर्थव्यवस्थाओं पर ध्यान केंद्रित करते समय देखा है। आर्थिक समाजशास्त्र का सहारा लेते हुए, हम जीवनयापन की बढ़ती लागत से जुड़े दो केंद्रीय मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं। पहला, यह प्रश्न है कि बढ़ती मुद्रास्फीति के साथ परिवारों का अनुभव कैसा है; दूसरा, आर्थिक प्रघटनाओं और उन्हें संबोधित

>>

करने के लिए विशेषज्ञों द्वारा बनाए गए सिद्धांतों और उपकरणों के साथ उनके संबंधों के बारे में सामान्य ज्ञान उत्पन्न करने में रुचि।

> अर्जेंटीना में मुद्रास्फीति और रोजमर्रा का आर्थिक जीवन

मुद्रास्फीति संबंधी समस्याओं के लंबे इतिहास वाले देशों में अर्जेंटीना प्रमुख है। यह उन कुछ देशों में से भी एक है, जिन्होंने वर्तमान सदी में कोविड–19 महामारी से पहले ही उच्च वार्षिक मुद्रास्फीति दिखाई थी। 2003 और 2006 के मध्य, अर्जेंटीना में मुद्रास्फीति दर औसतन 10% प्रति वर्ष से कम थी, जबकि 2007 से 2021 तक, यह 30% से अधिक हो गई, 2022 में प्रति वर्ष 94-8% तक पहुंच गई। परिणामस्वरूप, कम से कम पिछले 15 वर्षों से, महंगाई देशभर में सार्वजनिक चिंता का मुद्दा बनी हुई है।

2017 और 2020 के मध्य हमने ब्यूनस आयर्स प्रांत के एक मध्यम आकार के शहर में निम्न और मध्यम आय वाले परिवारों के बीच शोध किया। हमारा लक्ष्य उपभोग और बजट, बचत और ऋण प्रथाओं पर विचार करते हुए निरंतर और बढ़ती मुद्रास्फीति के संदर्भ में घरेलू आर्थिक प्रथाओं के विन्यास का अध्ययन करना था। हमने अपने शोध निष्कर्षों को कोविड–19 महामारी के दौरान घरेलू अर्थव्यवस्थाओं पर केंद्रित एक अलग अध्ययन में की गई टिप्पणियों के साथ पूरक किया। उत्तरवर्ती मामले में, हालांकि मुद्रास्फीति के प्रभाव अध्ययन का एक विशिष्ट लक्ष्य नहीं थे, उन्होंने इसके परिणामों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अध्ययन के क्षेत्रीय कार्य ने हमारे द्वारा साक्षात्कार लिए गए परिवारों की चिंताओं में मूल्य वृद्धि के महत्व को उजागर किया।

मुद्रास्फीति और उपभोक्ता व्यवहार पर इसके प्रभावों पर साहित्य को ध्यान में रखते हुए, हमने मुद्रास्फीति पर एक परिप्रेक्ष्य बनाने के लिए एक विशिष्ट प्रस्ताव तैयार किया जो तीव्र संकट के क्षणों की जांच तक ही सीमित नहीं है। इसके बजाय, हमारा दृष्टिकोण उन दोनों चीजों का वर्णन कर सकता है, जो अपवाद से बहुत दूर, कीमतों में सामान्यीकृत वृद्धि जब रोजमर्रा के आर्थिक जीवन का हिस्सा बन जाती हैं, बदलती हैं और वे जो समान रहती हैं। यह परिप्रेक्ष्य घटना के व्यापक आर्थिक पहलुओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें यह आर्थिक कर्त्ताओं की दैनिक प्रथाओं को कैसे प्रभावित कर सकता है पर एक विस्तृत नजर शामिल है।

> हमारे मुख्य निष्कर्ष

हमारे शोध से पता चलता है कि विशेषज्ञ ज्ञान और रोजमर्रा के व्यवहार और धारणाओं के मध्य संबंध सीधे नहीं हैं और आमतौर पर जितना माना जाता है उससे कहीं अधिक जटिल होते हैं। महत्वपूर्ण मूल्य वृद्धि की अवधि के दौरान भी, घरेलू अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते समय लोग मुद्रास्फीति पर टिप्पणी करने के लिए शायद ही कभी ज्ञानपूर्ण शब्दों का उपयोग करते हैं या तकनीकी माप शामिल करते हैं। इसके बजाय, रोजमर्रा की बातचीत में मुख्य मुद्दे उन विशिष्ट वस्तुओं की कीमत में वृद्धि है जिन्हें घरेलू उपभोग में आवश्यक माना जाता है, या उन उत्पादों की बढ़ती कीमतें, जिन्हे ऐतिहासिक रूप से अन्य उत्पादों की कीमतों का क्या होगा के लिए प्रयोग में लिया जाता है (जैसे ईंधन या डॉलर)। दोनों संदर्भ कीमतों के सामान्य व्यवहार और पैसे की घटती क्रय शक्ति को व्यक्त करने के स्वरूप हैं। इसके अलावा, गणना के विशिष्ट रूप, जो परिवारों को मुद्रास्फीति के विकास (तथाकथित ''मुद्रास्फीति के घरेलू उपाय'') के साथ पकड़ने में सक्षम बनाते हैं, पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमारा शोध उन विशिष्ट तरीकों को दिखाता है जिसमें कीमतों की जानकारी दैनिक उपभोग और घरेलू धन का आवंटन संगठित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मानदंडों को प्रभावित करती हैं।

अंत में, हमारा शोध यह सुझाव भी देता है कि पूर्व ऐतिहासिक कालखंडों से संबंधित साहित्य में जो बताया गया है, उसके विपरीत, मुद्रास्फीति की स्थिति में परिवारों द्वारा प्रयोग में ली गई रणनीतियाँ, सबसे पहले, लय, स्थान या खरीद के प्रकार को अनुकूलित करके उपभोग सुनिश्चित करना चाहती हैं। इसलिए, हमने अपने फील्डवर्क के दौरान मूल्य वृद्धि पर जो प्रमुख प्रतिक्रिया देखी वह मुद्रास्फीति का लाभ उठाकर सट्टेबाजी या लाभ प्राप्त करना नहीं थी। हालाँकि, जैसे–जैसे अर्जेंटीना में मुद्रास्फीति बनी रहती है और तेज होती है, वास्तविक मजदूरी पर परिणामी प्रभाव के साथ, रणनीतियाँ भी बदल सकती हैं। भविष्य के शोध यह बताने में सक्षम होंगे कि उच्च मुद्रास्फीति की पूर्व अवधि में देखी गई प्रथाएँ किन परिस्थितियों में वापस आती हैं या नहीं।

ऐसे समय में जब मुद्रास्फीति एक बार फिर से एक वैश्विक चुनौती बन गई है, अर्जेंटीना के मामले का विश्लेषण करने से यह उजागर करने में मदद मिलती है कि मुद्रास्फीति से जुड़ी विशिष्ट सूक्ष्म–सामाजिक गतिशीलता अनुभवजन्य रूप से कैसे सामने आती है। इन पंक्तियों के साथ, अन्य संदर्भों में मूल्य वृद्धि का अनुभव करने और उससे निपटने के मूल तरीकों को संबोधित करके इस विषय पर वैश्विक बातचीत को प्रोत्साहित किया जा सकता है।■

सभी पत्राचार मारिया क्लारा हर्नांडेज को <mariaclaraher@gmail.com> और मारियाना लुजी को <mluzzi@unsam.edu.ar> पर प्रेषित करें।

> इक्वाडोर में संकटग्रस्त आबादी को बनाए रखने में युका की भूमिका

क्रिस्टीना सिएलो और **क्रिस्टीना वेरा**, लैटिन अमेरिकन फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज (FLACSO), इक्वाडोर द्वारा

उत्पादक युका एकत्र करते हैं ।
श्रेय: कृषि एवं पशुधन मंत्रालय, इक्वाडोर।

अतृप्त जरूरतों का सामना करने वाली संकटग्रस्त आबादी अपना भरण–पोषण कैसे करती है? वे न केवल भौतिक रूप से बल्कि सार्थक सामाजिक दृष्टि से भी अपना पोषण कैसे करते हैं, और वस्तुनिष्ठ और व्यक्तिपरक संपोषण के बीच क्या संबंध है? हमारा तर्क है कि समुदायों का भोजन के साथ सम्बन्ध संकट के उनके अनुभवों को आकार देने में मदद करते हैं। फ्रांसीसी शब्द ला वि चेरे एक साथ स्नेहपूर्ण संबंधों, सामूहिक मूल्यांकन और उच्च कीमतों का आह्वान करता है, जो जीवनयापन की बढ़ती लागत के अनुभवों और प्रतिक्रियाओं को समझने में इन सभी आयामों के महत्व को दर्शाता है। इस अर्थ में, हम दिखाते हैं कि विशिष्ट भावनात्मक खाद्य पारिस्थितिकीयाँ लोगों की भौतिक जीविका की संभावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं।

हमारा अध्ययन युका– कंद के लिए एक स्थानीय शब्द जिसे इक्वाडोर के तटीय और अमेजोनियन प्रांत में कसावा और मैनिओक के रूप में भी जाना जाता है, के महत्व की तुलना करता है। इन क्षेत्रों में युका के साथ सम्बन्ध ऐतिहासिक रूप के साथ साथ कंद के उत्पादन के विशेषज्ञ ज्ञान के साथ आकारित होते हैं। ऐसे देश में जहां आर्थिक रूप से सक्रिय आबादी के केवल एक तिहाई हिस्से के पास पूर्णकालिक नौकरी है और जो $450 प्रति माह या उससे अधिक की मूल आय अर्जित करता है, और जहां चार लोगों के परिवार के लिए बुनियादी उपभोक्ता वस्तुओं की लागत $763 प्रति माह है, युका के अध्ययन के माध्यम से हम अभाव के संदर्भ में सामाजिक पुनरुत्पादन के प्रक्षेपपथों पर प्रकाश डालना चाहते हैं। हम दिखाते हैं कि लोगों द्वारा आजीविका रणनीतियों में युका को शामिल करने की कुंजी भूमि और लोगों दोनों के उपनिवेशीकरण और शोषण का इतिहास है जो सामाजिक संबंधों और लोगों और प्रकृति के बीच संबंधों को आकार देता है। यह विविध पारिस्थितिकियों में युका की संबंधपरक भूमिका को मजबूत करता है।

> युका का वादा

अधिक सामान्य रूप से, ''गरीब आदमी की फसल'' के रूप में इसकी नस्लीय प्रतिष्ठा में बदलाव के कारण युका का अध्ययन, वर्तमान वैश्विक रुचि का हैय अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन और उपभोग किया जाता है, >>

इसकी अधिकांश खेती आर्थिक और पारिस्थितिक रूप से सीमांत क्षेत्रों में छोटे पैमाने के किसानों द्वारा की जाती है। जलवायु और आर्थिक संकटों की तीव्रता के साथ, युका की सूखा प्रतिरोधक क्षमता और सीमांत, बंजर और अम्लीय मिट्टी में उगने की इसकी क्षमता, साथ ही ऊर्जा उत्पादन के मामले में इसकी निपुणता– चावल, गेहूं, या मक्का की तुलना में प्रति हेक्टेयर अधिक कैलोरी की पैदावार– ग्लोबल साउथ की बढ़ती आबादी को खिलाने में मदद करने का वादा करती है। अब इसे 'सदी की मूल फसल' के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, ब्राजील में, गरीब आबादी का अधिकांश कैलोरी सेवन युका उपभोग के माध्यम से होता है। 1980 के दशक के बाद से विश्व में युका उत्पादन तीन गुना बढ़ गया है और अब नाइजीरिया में किसी भी फसल की मात्रा के हिसाब से इसका उत्पादन सबसे अधिक है।

बीसवीं सदी के मध्य की हरित क्रांति उत्तर–औपनिवेशिक राज्यों में अमेरिकी राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव को बढ़ाते हुए दुनिया की बढ़ती आबादी को खिलाने की पहलों से प्रेरित थी। 1971 में, बुनियादी फसलों की उत्पादकता में सुधार के लिए मैक्सिको, फिलीपींस, नाइजीरिया और कोलंबिया में स्थापित कृषि अनुसंधान केंद्रों को विश्व बैंक के नेतृत्व वाले कंसल्टेटिव ग्रुप फॉर इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च (CGIAR) में शामिल किया गया था। 1980 के दशक में, कोलंबिया के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ट्रॉपिकल एग्रीकल्चर (CIAT) ने स्थानीय और राष्ट्रीय विकास के समर्थन में युका के उत्पादन की भूमिका को बढ़ावा देने के लिए इक्वाडोर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च (INIAP) के साथ काम करना शुरू किया। CIAT से सामग्री और तकनीकी सहायता के साथ, INIAP के कृषि वैज्ञानिकों ने युका की खेती की उत्पादकता बढ़ाने के लिए काम किया, जबकि सरकार और विकास संस्थानों ने युका उत्पादों के प्रसंस्करण और व्यावसायीकरण के लिए सूक्ष्म–उद्यमी उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए CIAT के साथ समन्वय किया।

> अनुभवों की तुलना: उत्तर–औपनिवेशिक असमानताएँ बनाम ''जीवित जंगल''

वस्तुतः इन पहलों को इक्वाडोर के तटीय प्रांत मनाबी, जहाँ INIAP का एक प्रायोगिक स्टेशन स्थित है, में उपजाऊ जमीन मिली। समुद्र और कृषि योग्य दोनों घाटियों तक पहुंच के साथ, औपनिवेशिक काल से ही इस क्षेत्र की पहचान इसके कृषि और वाणिज्यिक महत्व के कारण रही है। नतीजतन, मनाबी में भूमि लंबे समय से प्रभुत्व वर्ग के कब्जे में रही है– पहले, औपनिवेशिक शक्तियांय बाद में, रिपब्लिकन क्रियोलोस; और हाल ही में, शक्तिशाली धनी परिवार– और इसका उपयोग कॉफी, कोको और केले की कृषि–औद्योगिक निर्यात फसलों द्वारा संचालित किया गया है, जिससे गहरी सामाजिक और भूमि वितरण असमानताएं पैदा हुई हैं। कृषि विकास परियोजनाओं ने, खासकर स्थिर रोजगार की लगातार कमी की स्थिति में, इन असमानताओं को कम करने के लिए युका की क्षमता का दोहन करने की कोशिश की है।

मनाबी के तटीय प्रांत में युका की प्रतीकात्मक और आर्थिक भूमिका तुलना में, अमेजॅन में इसने 3000 साल पहले अमेजॅन बेसिन में अपने वर्चस्व के बाद से स्वदेशी समूहों के भोजन, संस्कृतियों और लिंग संबंधों के भीतर एक बहुत अलग स्थान पर कब्जा कर लिया है। चक्र, जिनकी खेती और देखभाल विशेष रूप से महिलाओं द्वारा की जाती है, विविध वनस्पतियों और जीवों की पोषित प्रणालियाँ हैं जो जंगल की प्राकृतिक पारिस्थितिकी की नकल करती हैं। अमेजोनियन चक्रों में युका एक विशेष स्थान रखता है; यह उन कुछ उत्पादों में से एक है जिन्हें रिश्तेदार माना जाता है, और विशेष रूप से, अपनी संतान माना जाता है। युका और उनके चक्रों के लिए महिलाओं की देखभाल भावात्मक श्रम का गठन करती है जो अपनों की देखभाल और सामूहिक भलाई से अलग नहीं होती है।

हाल ही में स्थानीय संगठन संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन द्वारा विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली के रूप में चक्र की आधिकारिक मान्यता प्राप्त करने में सफल रहे हैं। युका और चक्र की खेती करने वाली महिलाएं स्वदेशी आंदोलन के निष्कर्षण–विरोधी ''जीवित वन'' प्रस्ताव और इसकी सहजीवी, ब्रह्माण्ड संबंधी और स्थिरता की संबंधपरक समझ का प्रतीक हैं। इस प्रस्ताव की परिभाषा में मुख्य बात स्वदेशी बुद्धिजीवियों और अन्य शिक्षाविदों और मानवविज्ञानियों के बीच सहयोग रही है।

> भोजन के विभिन्न आयामों की परस्पर निर्भरता संकटों और असमानताओं को दूर करने में मदद करती है

महामारी और जलवायु संकट ने विश्व स्तर पर संरचित और स्थानीय स्तर पर रहने वाली असमानताओं से उत्पन्न अरक्षितता और खाद्य असुरक्षाओं के साथ–साथ इन अत्यावश्यक जरूरतों के प्रति प्रतिक्रिया से काफी राहत दी है। यद्यपि उत्पादकता खाद्य सुरक्षा विश्लेषण और पहल के केंद्र में बनी हुई है, अंतःविषय परिप्रेक्ष्य जो परस्पर निर्भरता को उजागर करते हैं, हमें खेती और उपभोग की परस्पर जुड़ी प्रक्रियाओं में हमारी भूमिका की पहचान करने की अनुमति देते हैं।

भोजन के भावात्मक, पारिस्थितिक और राजनैतिक आर्थिक आयामों को समझकर, हमने विशिष्ट राजनैतिक सामाजिकताओं, जीवित संयोजनों और अनिश्चितता के खिलाफ अविष्कारों का गठन करने वाले विभिन्न तत्वों के संगठन से वहनीयता के भिन्न और आसमान सन्दर्भों की जांच की है। बहुल और अधिकाधिक तीव्र संकटों के प्रत्युत्तर में युका का विभेदक समावेशन स्थानीय इतिहास और सामाजिक, जैविक, कृषि और विकासात्मक गतिशीलता की विशेषज्ञ व्याख्याओं के तरीकों पर प्रकाश डालता है जो समकालीन सामाजिक संबंधों के साथ–साथ लोगों और प्रकृति के बीच, आम जीवन और भविष्य की समझ और अस्तित्व पर बातचीत और विवाद करने की संभावनाओं को आकार देते हैं। ■

सभी पत्राचार क्रिस्टीना सिएलो को <mccielo@flacso.edu.ec> पर प्रेषित करें।

> खाद्य प्रावधान में नैतिक दुविधाएँ

सुजाना नारोट्जकी, यूनिवर्सिडैड डी बार्सिलोना, स्पेन, और **बिबियाना मार्टिनेज अल्वारेज**, यूनिवर्सिडैड डी सैंटियागो डी कॉम्पोस्टेला, स्पेन द्वारा

''उचित मूल्य। उत्पादन लागत''। श्रेयः लेखकों का व्यक्तिगत संग्रह।

इस आलेख में हम रोजमर्रा की जिंदगी की लागतों की जिस विशिष्ट अवधारणा पर विचार करते हैं, वह ''जीवनयापन की लागत'' वाक्यांश की व्याख्या से उत्पन्न होती है, जो संबोधित करती हैः (1) मुद्रास्फीति के वृहत संकेतक, (2) किसानों के लिए एक लागत के रूप में खाद्य उपज मूल्य और उपभोक्ता मूल्य के बीच का अंतर जो उनकी व्यवहार्यता को खतरे में डालता है, और (3) यह लागत श्रमिकों की मजदूरी में कैसे व्यक्त होती है और उनकी आजीविका को खतरे में डालती है। अंत में, हम उस ऊर्जा पर प्रकाश डालते हैं जिसे व्यक्तियों और परिवारों –कृषि में श्रमिकों और नियोक्ताओं– और राष्ट्र–राज्य या यूरोपीय संघ जैसे संपूर्ण राजनीतिक समुदायों के पैमाने पर सामाजिक पुनरुत्पादन सुनिश्चित करने के लिए निवेश करने की आवश्यकता है।

> राजनीतिक अर्थव्यवस्था और जीवनयापन की नैतिक लागत

''जीवनयापन की लागत'' अभिव्यक्ति यहाँ जीने के लिए क्या लागत लगती है के बहुल और स्थापित अर्थों और इन अर्थों को समर्थन देने वाले व्यवहारों में विस्तारित होती है। यह प्रयास भौतिक परिणामों को उत्पादित और मध्यस्थता करने वाली नैतिक दुविधाओं– लोगों के शरीरों में, पर्यावरण में, भिन्न प्रकार के राजनैतिक लामबन्दियों में अनुवादित होता है। हम अपने सैद्धांतिक अन्वेषण को ''नैतिक अर्थव्यवस्था'' ढांचे पर आधारित करते हैं जो आर्थिक और राजनीतिक व्यवहार को निर्देशित करने में नैतिक मूल्यों, प्रथाओं और भावनाओं की केंद्रीयता पर जोर देता है। अवधारणा की ताकत सामग्री प्रावधान, संसाधन आवंटन और पूंजी संचय के माध्यम से नैतिक मूल्यों और दायित्वों की अभिव्यक्ति में निहित है। कुल मिलाकर, जिस परिप्रेक्ष्य को हम अपनाते हैं वह अर्थव्यवस्थाओं के नैतिक पहलुओं को राजनीतिक अर्थव्यवस्था की प्रक्रियाओं के अभिन्न अंग के रूप में समझने का प्रयास करता है।

> आवश्यक होना, मुद्रास्फीति से बचना और न्यायोचित होना

जैसे ही कोविड–19 महामारी ने जोर पकड़ा, स्पेनिश सरकार की प्रमुख चिंताओं में से एक भोजन की निरंतर व्यवस्था बनाए रखना और अत्यधिक मुद्रास्फीति को रोकना था। खाद्य श्रृंखला के भीतर काम करने वाले मजदूरों और किसानों को ''अत्यावश्यक'' के रूप में ब्रांड किया गया था क्योंकि वे एक महत्वपूर्ण सामग्री भोजन का उत्पादन करते थे। यद्यपि, यह एक उपयोगितावादी श्रेणी है, लेकिन ''अत्यावश्यक'' की संकल्पना अत्यंत नैतिक थी। ''अत्यावश्यक'' के सन्दर्भ में जो इसका सार समुदाय को बताता है उसने आर्थिक

>>

संवाद को ''सर्वजन भलाई'' के क्षेत्र में और इस तरह नैतिकता के क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया।

फिर भी, श्रमिकों, किसानों, खाद्य वितरण फर्मों, उपभोक्ताओं और सरकार ने खाद्य श्रृंखला के भीतर अलग–अलग स्थापित पदों से भोजन प्रावधान की नैतिक अनिवार्यता को समझा। ये परस्पर विरोधी अर्थ और उनके द्वारा प्रोत्साहित किए गए कार्य ''नैतिक दुविधाएं'' हैं, जिन्हें यह लेख ये खोलकर संबोधित करता है: (1) मुद्रास्फीति, एक तकनीकी– यद्यपि नैतिक रूप से आरोपित – अवधारणा जो नीतियों को उचित ठहराती है, (2) ''उचित कीमतें'', एक अवधारणा जिसे विमर्शों और लामबन्दियों में किसानों द्वारा आगे रखा गया है, और (3) ''उचित मजदूरी'', आजीविका–केंद्रित उद्देश्य जो कई श्रमिकों के संघर्षों को सूचित करता है। न तो किसानों की ओर से ''उचित कीमतों'' का आह्वान, न ही श्रमिकों की ओर से ''उचित मजदूरी'' का दावा नया था। जो नया था वह था जनता का उपभोक्ताओं पर ध्यान, बेरोजगारी, छुट्टी और अधिकांश घरों में सामान्य आय में कमी के संदर्भ में भोजन की कमी और खाद्य कीमतों पर मुद्रास्फीति के दबाव से बचने का महत्व।

इंटरनेशनल सोशियोलॉजी में हाल ही में प्रकाशित हमारे लेख में, हम खाद्य उत्पादों और विशेष रूप से ताजा खाद्य उत्पादों के लिए स्पेनिश मुद्रास्फीति डेटा का विश्लेषण करते हैं। यह डाटा 2020 की नकारात्मक मुद्रास्फीति अवधि से शुरू होकर वर्तमान तक का है। 2020 में, जैसे ही यूरोप में लॉकडाउन लगा, अनेक चीजों की खपत अचानक बंद हो गई या कम हो गई, जिसके दो प्रमुख परिणाम हुए: पहला, बेरोजगारी या छुट्टी के कारण लोगों की आय कम हो गई; दूसरा, लोगों के मुख्य खर्चे आजीविका से संबंधित बुनियादी वस्तुओं पर केंद्रित हो गए, जिनमें से सबसे प्रमुख है भोजन। जहाँ महामारी के शुरुआती महीनों के दौरान भोजन की कीमतों में वृद्धि के लिए श्रम की कमी मुख्य तर्क था, लेकिन लॉकडाउन की समाप्ति के साथ इसकी ताकत खत्म हो गई। महामारी के बाद मुद्रास्फीति में वृद्धि इनपुट (ईंधन, उर्वरक, श्रम) की लागत में वृद्धि और उत्पादकता को प्रभावित करने वाले आकाल से संबंधित थी, लेकिन फार्म–गेट की कीमतें स्थिर रहने के बावजूद भी किसानों ने कीमतों में वृद्धि के लिए वितरण श्रृंखलाओं को दोषी ठहराया। किसानों ने ''उचित कीमतों'' के लिए अपना दावा जताया और तदनुसार लामबंद हुए। हमने मूल्य भिन्नता का आकलन करने के लिए, उपभोक्ता संघों के साथ मिलकर किसानों द्वारा उत्पादित सूचकांक को काम में लेते हुए फार्म गेट से उपभोक्ता आउटलेट तक कीमतों की श्रृंखला का विश्लेषण किया, और हमने इसकी तुलना विभिन्न हितधारकों के प्रवचनों से की है, जो प्रमाणों के नैतिक उलझनों को दिखाते हैं।

> कृषि कार्य, प्रावधानों और मानव जीवन का भौतिक और नैतिक मूल्यांकन

न्यूनतम मजदूरी में हालिया बढ़ोतरी को किसान उन कारकों में से एक मानते हैं जो उनके जीवन के तरीके और उनके परिवारों के सामाजिक प्रजनन की व्यवहार्यता को खतरे में डालते हैं, और जो मुद्रास्फीति को जन्म देता है। उनकी व्यवहार्यता के लिए यह डर कथित तौर पर उन चरम और शोषणकारी स्थितियों को उचित ठहराता है जो किसान दिहाड़ी मजदूरों पर थोपते हैं। हालाँकि, कृषि श्रमिक ''उचित मजदूरी'' का दावा करते हैं और किसानों की अनियमित प्रथाओं की निंदा करते हैं। श्रमिकों द्वारा व्यक्त की गई न्यायोचित की अवधारणा का तात्पर्य जीवित मजदूरी, काम करने की स्थिति और सम्मान से है। इसमें एक जटिल मूल्यांकन प्रक्रिया शामिल है जिसमें भौतिक और नैतिक मानदंड शामिल हैं जो सामाजिक पुनरुत्पादन को संभव बनाते हैं। जहाँ दिहाड़ी मजदूरों का जीवन किसानों के लिए ''लागत'' का प्रतिनिधित्व करता है, न्यायोचित की तलाश में खेत मजदूरों के प्रयास इस बात को रेखांकित करते हैं कि वास्तव में जीवनयापन की लागत क्या है।

हमारा लेख ''जीवनयापन की लागत'' के तीन पहलुओं की संबद्धता की पड़ताल करता है जिनका हमने खाद्य प्रावधान के महत्वपूर्ण क्षेत्र में विश्लेषण किया है: मुद्रास्फीति, अन्यायपूर्ण कीमतें और अनुचित मजदूरी। चूँकि भोजन मानव जीवन के लिए एक अपरिहार्य इनपुट है, हम इस बात पर विचार करते हैं कि यूरोप में महामारी के बाद मुद्रास्फीति के दबाव के परिस्थितिजन्य पहलू से परे, जीवन को बनाए रखने की प्रणालीगत लागत कितनी अधिक है, जिसे ज्यादातर आपूर्ति श्रृंखला तनाव और ऊर्जा की कीमतों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। क्या जीवनयापन की लागत एक संयुग्मित प्रकरण है, जैसा कि हमें विश्वास कराया जाता है, या यह संरचनात्मक रूप से हमारी अर्थव्यवस्था में अंतर्निहित है?

हम न केवल यह पूछते हैं कि जीवनयापन की लागत क्या है, बल्कि यह भी पूछते हैं कि कौन सा जीवन एक लागत बन जाता है और, इसके विपरीत, आजीविका पैदा करने के प्रयास के संदर्भ में जीवनयापन की लागत क्या है। जिन प्रथाओं का हम विश्लेषण करते हैं वे हमेशा नैतिक, भले ही भिन्न–भिन्न तर्कों से युक्त होती हैं कि समाज के लिए सबसे अच्छा क्या है। हालाँकि, व्यवहार में नैतिकता विभिन्न मात्रात्मक सूचकांकों के साथ–साथ गुणात्मक विवेकशील विशेषताओं में व्यक्त की जाती है जो मानव कार्रवाई का वर्णन करती हैं: जैसे न्याय, गरिमा और निष्पक्षता। इस प्रकार के साक्ष्य ''बेहतर जीवन'', यकीनन कम लागत पर जीवन, प्राप्त करने के संघर्षों में मिलते हैं। सामाजिक पुनरुत्पादन की नैतिक दुविधा ऐसे प्रश्नों में निहित है जो यह जांच करते हैं कि विभिन्न सामाजिक स्थितियों में अलग–अलग लोगों के लिए जीवनयापन की लागत का क्या अर्थ है। ■

सभी पत्राचार सुजाना नारोट्जकी को <narotzky@ub.edu> पर प्रेषित करें।

> मेडागास्कर में जीवनयापन की लागत पर नजर रखना

फ्लोरेंट बेडेकैरेट्स, इंस्टिट्यूट डी रेचेर्चे पौर ले डेवेलपमेंट (आईआरडी), फ्रांस, **फ्लोर डेजेट**, ईएचईएसएस पेरिस, फ्रांस, **इसाबेल गुएरिन, मिरेइल रजाफिंड्राकोटो** और **फ्राँस्वा रौबौद**, आईआरडी, फ्रांस द्वारा

माजुंगा बाजार, मेडागास्कर।
श्रेयः फ्लूर 28 / विकिमीडिया कॉमन्स।

किसी देश के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक ताने–बाने को समझने के लिए जीवनयापन की लागत को मापना महत्वपूर्ण है। फिर भी, यह उन जटिलताओं और विवादों से भरा है जो लागत की विविध व्याख्यायों से निकलती हैं जिसमें मूल्य, तकनीकी क्षमताएं, संसाधन और शक्ति गतिकी शामिल हैं। अपनी सीमाओं के बावजूद, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) को अक्सर जीवनयापन की लागत के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में नियोजित किया जाता है, जिससे आर्थिक स्थिति प्रतिबिंबित और आकारित दोनों होती है। सीपीआई का उपयोग मुद्रास्फीति के प्रमुख संकेतक के रूप में किया जाता है, यह गरीबी दर और क्रय शक्ति समानता को मापने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और अनौपचारिक क्षेत्र के लिए जिम्मेदार सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के लिए अपस्फीतिकारक के रूप में कार्य करता है। इसके अतिरिक्त, वेतन, पेंशन और सामाजिक हस्तांतरण को अनुक्रमित करने और बातचीत करने में; और सहायता कार्यक्रमों और वित्तीय दायित्वों की संरचना में सीपीआई सहायक है। पिछले अध्ययनों ने विकसित देशों और अत्यधिक मुद्रास्फीति वाले संदर्भों में सीपीआई के सामाजिक–इतिहास का पता लगाया है, जिससे कल्याणकारी राज्यों और वेतन नियमों को आकार देने में इसकी प्रभावशाली भूमिका उजागर हुई है। अनुसंधान का यह निकाय इस बात पर चर्चा करता है कि बदलती शक्ति की गतिशीलता, सामाजिक कर्त्ताओं और निजी और वित्तीय क्षेत्रों की बढ़ती भूमिका ने सीपीआई के विकास और अनुप्रयोग को कैसे आकार दिया।

> मेडागास्कर का मामला: अपूर्ण और असंतोषजनक प्रतिनिधि के रूप में तीन संकेतक

हालाँकि, खंडित अर्थव्यवस्थाओं और कमजोर राज्यों में उत्पादन और जीवन यापन की लागत की मैट्रिक्स कैसे संचालित होती है के बारे में एक महत्वपूर्ण अंतराल बना रहता है। इस अंतर को संबोधित करने के लिए, इस लेख में हम मेडागास्कर के मामले की जांच करते हैं: एक पूर्व फ्रांसीसी उपनिवेश जहां आत्म–निर्वाह कायम है और स्व–उपभोग खेती, शिकार और जनसमूह के कारण आंशिक रूप से बाजार से बच जाता है। एक सहायता व्यवस्था के तहत मेडागास्कर पुरानी खाद्य असुरक्षा, अत्यधिक गरीबी और एक नाजुक राज्य को जोड़ता है। हमारा शोध कई स्रोतों का उपयोग करता है, जिसमें मेडागास्कर में सांख्यिकीय डेटा के निर्माता के रूप में हमारे अपने (रिफ्लेक्सिव) अनुभव, अपने स्वयं के आंकड़े उत्पन्न करने वाले एक मानवतावादी एनजीओ में सहभागी अवलोकन, और कीमत डेटा के उत्पादन और उपयोग में शामिल विभिन्न कर्त्ताओं के साथ साक्षात्कार शामिल हैं।

> >

हमारे विश्लेषण से जीवनयापन की लागत को समझने के तीन तरीके सामने आते हैं: राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान का सीपीआई, जिसका उपयोग वृहद आर्थिक संचालन और अंतरराष्ट्रीय दाताओं के साथ बातचीत के लिए किया जाता है; वैकल्पिक विश्लेषण और कभी–कभी गरीबी और असमानता की निरंतरता की गणना से संबंधित अनुसंधान टीमों द्वारा प्रस्तुत सर्वेक्षणय और मानवीय सहायता कर्त्ताओं के संकेतक एवं सर्वेक्षण जिनका उद्देश्य सहायता वितरण को संचालित करना और अकाल के जोखिम वाले क्षेत्रों और आबादी पर ध्यान केंद्रित करना है। हम जीवनयापन की लागत का हिसाब रखने के लिए एक अपूर्ण और असंतोषजनक प्रतिनिधि के रूप में संकेतकों के निर्माण और उपयोग पर प्रश्न उठाते हैं और दिखाते हैं कि तकनीकी तौर–तरीके क्या मायने रखता है और कौन मायने रखता है या नहीं, के विपरीत दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, और यह भी संकेत देते हैं कि कौन शासन करता है और किस उद्देश्य के लिए ।

> आर्थिक और मानवीय विशेषज्ञ व्याख्याएँ

सीपीआई विशेषज्ञ जीवनयापन की लागत को राष्ट्रीय स्तर पर मान्य औसत उपभोक्ता मूल्य के रूप में परिभाषित करते हैं। हालाँकि, मेडागास्कर में, और मालागासी संदर्भ में इसे अनुकूलित करने के प्रयासों के बावजूद, सीपीआई आंशिक वास्तविकता को दर्शाता है, जो औपचारिक, एक समृद्ध शहरी आबादी और अप्रचलित उपभोग व्यवहार पर आधारित है, के पक्ष में झुकी हुई है। यह विफलता और सार्वजनिक सेवाओं आबादी के लिए विभिन्न लागतों (अतिरिक्त कीमत, ''उपयोगिता'' या भलाई की हानि, समय की हानि, आदि) में गिरावट की अनदेखी करता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि मानव और वित्तीय संसाधनों की चिरकालिक कमी इन कमियों के बारे में काफी हद तक जागरूक होने के बावजूद, इन कमियों को दूर करने की सांख्यिकीय विशेषज्ञों की क्षमता को सीमित करती है।

गरीबी और असमानता में विशेषज्ञता रखने वाले अर्थशास्त्री जीवनयापन की लागत को व्यक्तिगत (या घरेलू) उपभोग व्यवहार के परिणाम के रूप में परिभाषित करते हैं जो सामाजिक समूहों, स्थान और समय के अनुसार भिन्न होता है। उदाहरण के लिए, स्थानीय संदर्भों के अनुरूप विशिष्ट सांख्यिकीय सर्वेक्षण, संकटों से निपटने के लिए समय के साथ घरेलू उपभोग प्रथाओं में व्यापक बदलाव, ग्रामीण परिवारों की विशिष्ट विशेषताएं, आत्म–उपभोग का महत्वपूर्ण महत्व, सार्वजनिक सेवाओं में गिरावट की सीमा, आदि जिसके परिणामस्वरूप कल्याण की हानि होती है पर प्रकाश डालते हैं।

मानवतावादी सक्रियक कुपोषण से बचने के लिए जीवन यापन की लागत को आवश्यक शारीरिक न्यूनतम के रूप में परिभाषित करते हैं। वे अपने स्वयं के सर्वेक्षण (कीमत सर्वेक्षण सहित), डेटा और संकेतक तैयार करते हैं, और यह उत्पादन तकनीक की डिग्री (भले ही सीपीआई के लिए आमतौर पर उपयोग की जाने वाली ''सर्वोत्तम प्रथाओं'' से बहुत दूर हो) और कार्य के प्रति समर्पित संसाधनों के मामले में प्रचुर और प्रभावशाली दोनों है। सहभागी सर्वेक्षण करने के प्रयासों के बावजूद, इन्हें संख्याओं में तब्दील करना मुश्किल है और स्थानीय आबादी अक्सर न्याय के अपने मानकों के अनुसार मानवीय नीतियों और हस्तक्षेपों का उल्लंघन करके खुद को अप्रत्यक्ष रूप से व्यक्त करती है।

> खंडित सरकार और राष्ट्रीय विविधता के तहत एक असंभव मिशन

विशेषज्ञता के इन रूपों में से प्रत्येक का अपना उद्देश्य होता है। उनके प्रवर्तक शायद ही कभी उनकी संख्या की कमजोरियों और सीमाओं के कारण झांसे में आते हैं, लेकिन उनके पास पूरा करने के लिए एक मिशन और प्राप्त करने के लिए उद्देश्य हैं। वे वही मापते हैं जो वे मापना चाहते हैं और जो वे माप सकते हैं। किसी भी प्रकार की संख्या की तरह, वे जो संख्याएँ उत्पन्न करते हैं वे वास्तविकता को समझाने के साथ–साथ उसे सुपाठ्य बनाने और राजनीति को आकार देने का भी काम करते हैं। क्या मायने रखता है और क्या गिना जाना चाहिए, से संबंधित मूल्यों की विविधता से परे, जीवनयापन की लागत की संख्या की विविधता सरकार के एक खंडित अंदाज को दर्शाती है, जिसमें गैर सरकारी संगठन और अंतर्राष्ट्रीय संगठन अग्रणी भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय मूल्य डेटा की वैधता की कमी, जो मालागासी राज्य की कमजोर वैधता को दर्शाती और स्पष्ट करती है, सहायता एजेंसियों को अपना डेटा तैयार करने के लिए अधिकृत और प्रोत्साहित करती है। परिणाम एक आत्म–काव्यात्मक गतिशीलता है जिसमें उत्पादित डेटा कार्य करने की तात्कालिकता और मानवतावादी और विकास सक्रियक की अपरिहार्यता दोनों को उचित ठहराता है।

संकेतकों और विश्लेषणों की प्रचुरता देश के आर्थिक और सामाजिक विखंडन को भी दर्शाती है। सीपीआई कथित तौर पर ''राष्ट्रीय'' है, लेकिन जनसंख्या और अर्थव्यवस्था (शहरी और बाजार–आधारित) के केवल एक संकीर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। वहाँ एक अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि अलग–अलग और कभी–कभी असंगत अर्थव्यवस्थाओं की बहुलता है। अनुसंधान टीमों और मानवतावादी सक्रियकों के अधिकतर प्रयास, कभी एकांत में, कभी सहयोग में, इस बहुलता की बेहतर समझ हासिल करने में लगते हैं। हालाँकि, ये प्रयास ऐसे संदर्भ में जीवन यापन की लागत की विशिष्टताओं को ध्यान में नहीं रख सकते हैं जहाँ अनौपचारिक अर्थव्यवस्था, स्व–उपभोग, सामाजिक और प्रतीकात्मक व्यय, शिकार और संग्रहण आजीविका और जीने लायक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा दर्शाते हैं।

प्रकृति संरक्षण नीतियों के उदय के साथ, इन मुद्दों को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। मेडागास्कर की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी संरक्षण नीति है जो कई ग्रामीणों की शिकार और संग्रहण प्रथाओं को गंभीर रूप से खतरे में डालती है। अब तक, सबसे गरीब लोग हैं जो पहले से ही पक्षपाती और अनुमानित मूल्य सूचकांकों की कीमत चुका रहे हैं, और यदि जीवन की लागत का विश्लेषण करने के बेहतर तरीकों को लागू नहीं किया जाता है, जिसमें गरिमा और जीवन मूल्य के आयाम को ध्यान में रखना शामिल है, तो इसके और भी खराब होने की संभावना है। ■

सभी पत्राचार फ्लोरेंट बेडेकैरेट्स को <florent.bedecarrats@ird.fr> पर प्रेषित करें।

> मोरक्को में कीमतों में सब्सिडी की शक्ति

बोरिस सैमुअल, इंस्टिट्यूट डी रेचेर्चे पौर ले डेवेलपमेंट और इंस्टिट्यूट डेस मोंडेस अफ्रिकेंस, फ्रांस, और **बीट्राइस फेरलैनो**, बोलोग्ना विश्वविद्यालय, इटली द्वारा

श्रेयः लेखकों का व्यक्तिगत संग्रह

सब्सिडी की मोरक्कन प्रणाली– जिसे कर्त्ता मुआवजे के रूप में संदर्भित करते हैं– उन उत्पादों के लिए बाजारों को व्यवस्थित करती है जिन्हें सरकार मुख्यतः घरेलू क्रय शक्ति के लिए उनके महत्व के कारण ''कूटनीतिक'' के रूप में नामित करती है जैसे ब्यूटेन गैस, आटा, ब्रेड और चीनी। हमारा काम इस प्रणाली का एक ऐतिहासिक समाजशास्त्र प्रस्तुत करता है, जो इसकी स्थापना के बाद से प्राप्त आलोचनाओं और इसे खत्म करने के बार–बार किए गए वादों के बावजूद आज तक कायम है। यह ''मुआवजा'' द्वितीय विश्व युद्ध (1941) से जुड़े मुद्रास्फीति के संदर्भ में फ्रांसीसी औपनिवेशिक साम्राज्य द्वारा अपनाई गई मूल्य निर्धारण नीतियों से उभरा, और उत्पादों की खपत, उत्पादन और विपणन को नियंत्रित करता है। यह ''*एटैट ग्रेनियर*'' (अन्न भंडार राज्य) का अवतार है, जिसने निर्वाह सुनिश्चित करके और सामाजिक अशांति को रोककर लोगों की नजर में अपनी शक्ति को वैध बनाया। हम दर्शाते हैं कि सब्सिडी की इस मोरक्कन प्रणाली का लचीलापन और रूपांतरण, जो अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की आर्थिक आलोचनाओं के बावजूद जीवित है, का विश्लेषण उन शक्ति संबंधों पर विचार करके किया जा सकता है जो इसका समर्थन करते हैं।

> बुनियादी उत्पादों पर सब्सिडी देना

बुनियादी उत्पादों पर मोरक्को की सब्सिडी में विभिन्न प्रकार के तंत्र शामिल हैं, और उत्पाद के आधार पर विभिन्न आर्थिक मुद्दों को संबोधित करते हैंः फूल, चीनी, टेबल तेल या ब्यूटेन गैस (और 2015 में क्षेत्र के उदारीकरण तक ईंधन)। ''मुआवजा'' शब्द को विभिन्न कर्त्ताओं द्वारा भिन्न सामाजिक–राजनीतिक अर्थों के साथ

> >

भी निवेशित किया गया है; ये घरेलू क्रय शक्ति को बनाए रखने में राज्य की तल्लीनता के साथ–साथ लाभ की तलाश में बड़े आर्थिक समूहों के किराएदार तर्क से जुड़े होते हैं। बाजारों के माध्यम से राज्य का हस्तक्षेप आर्थिक और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और गठबंधनों को विनियमित करना संभव बनाता है, विशेष रूप से रॉयल पैलेस के संबंध में। ''मुआवजा'' शब्द का उपयोग इसके सख्त आधिकारिक अर्थ से हट भी सकता है। उदाहरण के लिए, ब्रेड की कम और स्थिर कीमत बनाए रखने पर केंद्रित सरकारी भुगतान को औपचारिक रूप से मुआवजे की लागत के रूप में लेबल नहीं किया जाता है, भले ही जहां तक कर्त्ताओं का सवाल है, वे इस नीति का हिस्सा हैं। मोरक्को में मुआवजा नीति सत्ता के प्रयोग के इतिहास में निहित है, और ''मुआवजे'' की सामान्य श्रेणी व्यवस्थापरक (एमिक) है।

> मुआवजे की नौकरशाही कलाकृतियाँ

राजनीतिक क्षेत्र में, मुआवजे की नौकरशाही कलाकृतियाँ हैं; विशेष रूप से, ''मूल्य संरचनाएं'' कर्त्ताओं के व्यवहारों को फ्रेम करती हैं और वे समकालीन मोरक्को में शक्ति का प्रयोग करने का एक तरीका है। मुआवजे की नौकरशाही और वित्तीय प्रक्रियाएं क्षेत्रों के भीतर पदानुक्रम को सुदृढ़ या स्थापित करती हैं: उदाहरण के लिए, अनाज क्षेत्र में, किसानों को दिए गए बोनस बीज उत्पादकों के मुनाफे को सुरक्षित करते हैं। जिस तरह से सब्सिडी की गणना की जाती है, उससे भी संदिग्ध लाभ कमाने की अनुमति मिलती है, जैसा कि ब्यूटेन क्षेत्र में होता है, जो दर्शाता है कि सार्वजनिक अधिकारियों में सार्वजनिक संसाधनों के धोखाधड़ीपूर्ण विनियोग के प्रति कुछ हद तक सहनशीलता है। अंत में, मूल्य प्रबंधन तंत्र ऑपरेटरों को राज्य के साथ अपने गठबंधनों की स्वीकृति प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। उदाहरण के लिए, आटा बाजार में, पूरे देश और सहारा प्रांतों के लिए, दो सब्सिडी वाले आटे के बीच का अंतर, सब्सिडी के मूल्य में परिलक्षित होता है – सबसे महत्वपूर्ण वर्तमान में कैसाब्लांका मिलों के लिए आरक्षित हैं। चूँकि उनका उपयोग सत्ता संघर्षों और ऑपरेटरों के बीच प्रतिस्पर्धी संबंधों में अंतर्निहित है, सब्सिडी की प्रणाली राजनीतिक संबंधों की पुनर्रचना में मध्यस्थ की भूमिका निभाती है।

> रियायती कीमतों का इतिहास

परिवर्तनशील राजनैतिक वैधता के साथ रियायती कीमतों का इतिहास भी सुधारों में से एक का है। 1980 के दशक के प्रारम्भ में, ब्रेटन वुड्स संस्थानों ने गरीब परिवारों तक पहुंचने में सब्सिडी को बहुत महंगा और अप्रभावी माना। लेकिन 1981 और 1984 के तथाकथित ''ब्रेड दंगों'' के दौरान व्यक्त किए गए विरोध के कारण मुआवजा सुधार बाधित हो गया था। हालांकि, बड़े पैमाने पर सरकारी कार्यवाहियों ने 1990 के दशक के अंत तक प्रणाली की चौड़ाई को कम करना जारी रखा। इस सदी के पहले दशक में, किंग मोहम्मद VI ने सबसे गरीब क्षेत्रों और घरों को लक्षित करते हुए धीरे–धीरे सब्सिडी की जगह हस्तांतरण करने के उद्देश्य से पहल शुरू की। लेकिन 2011 के तथाकथित ''अरब स्प्रिंग'' विरोध प्रदर्शन के बाद, यह विचार कि मुआवजे को दबाने से राजनीतिक और सामाजिक उथल–पुथल हो जाएगी, यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और रेटिंग एजेंसियों में भी, ने जड़ें जमा लीं। हालाँकि, मुआवजे के इर्द–गिर्द एक साधारण यथास्थिति का विचार चल रहे राजनीतिक परिवर्तनों को समझने के लिए प्रासंगिक नहीं है।

इस सदी की शुरुआत में सुधार की वैधता बढ़ गई। कई तकनीकी अध्ययनों ने मुआवजे के अपारदर्शी और असमान प्रबंधन की ओर इशारा किया – सबसे धनी 20: आबादी को 75: पुरस्कार प्राप्त हुए। सब्सिडी में सुधार पर बहस ने भी पक्षपातपूर्ण राजनीति को संरचित किया। इस्लामिक जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (पीजेडी) के अब्देलिल्लाह बेनकिराने, जो 2011 से 2017 तक प्रधान मंत्री थे, ने सत्ता हासिल करने के लिए लक्षित वित्तीय हस्तांतरण के पक्ष में मुआवजे के दमन को अपनी प्रमुख लड़ाई में से एक बना लिया। इसलिए मुआवजा सुधार को परिवर्तन और लचीलेपन के संयोजन की अवधि के हिस्से के रूप में समझना अधिक उपयुक्त लगता है, न कि राज्य के हस्तक्षेप के समय से मुक्त बाजारों में से एक में संक्रमण को चिह्नित करने वाले एक रैखिक निराकरण के रूप में।

> महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

मूल्य वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, जिसका अक्सर जीवनयापन की उच्च लागत पर यांत्रिक प्रतिक्रियाओं के रूप में विश्लेषण किया जाता है, राजनीतिक व्यवस्था के लिए एक व्यापक चुनौती है और इसने मोरक्को के इतिहास को चिह्नित किया है। 1981 और 1990 के बीच, ''लेस एनीज डे प्लॉम्ब'' (''प्रमुख वर्ष'') के रूप में जाने जाने वाली अवधि के दौरान, देश भर के 50 शहरों में ''ब्रेड दंगे'' के रूप में लेबल किये गए बड़े पैमाने पर लोकप्रिय प्रदर्शन हुए, जिन्हें ब्रेड की कीमत में वृद्धि से भड़की हिंसा के असंगठित विस्फोट के रूप में प्रस्तुत किया गया। हालाँकि, ये विद्रोह, जिन्हें गंभीर रूप से दबा दिया गया था, राजनीतिक आंदोलनों द्वारा आयोजित किए गए थे और इन्होंने हसन द्वितीय के शासन द्वारा सत्ता के प्रयोग की वैधता पर गहरा और व्यापक सवाल उठाया था। उन्होंने वर्षों की तीव्र राजनीतिक हिंसा और अभिव्यक्ति और विरोध की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंधों का जवाब दिया। कीमतें विरोध व्यक्त करने का एक विशेषाधिकार प्राप्त साधन हैं। 2011 में तथाकथित ''अरब स्प्रिंग'' विद्रोह के मद्देनजर, सरकार के लिए, क्रय शक्ति के पक्ष में कार्रवाई भी अपने नागरिकों के प्रति राज्य की उदारता प्रदर्शित करने का एक तरीका था। प्रतिस्पर्धा की स्थिति में सब्सिडी का कार्यान्वयन एक लगातार जवाबी उपाय है। ■

सभी पत्राचार बोरिस सैमुअल को <boris.samuel@ird.fr> पर प्रेषित करें।

युद्ध के समय में खाद्य सुरक्षा: रूस का मामला

कैरोलीन डुफी, साइंसेज पो बोरदेऊ और सेंटर एमिल दुर्खीम, फ्रांस द्वारा

श्रेयः मार्कसन/पिक्साबे

खाद्य सुरक्षा भूख और अत्यधिक गरीबी उन्मूलन अभियान की आधारशिला रही है, जो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विकास संगठनों द्वारा पहचाने गए सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (एमडीजी) में से एक है। 1996 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) विश्व खाद्य शिखर सम्मेलन द्वारा जटिल और बहुआयामी, खाद्य सुरक्षा की अवधारणा को चार स्तंभों पर आधारित के रूप में परिभाषित किया गया थाः भोजन की उपलब्धता, उस तक पहुंच और उसके उपयोग के अवसर, साथ ही परिस्थितियों के इस संयोग में स्थिरता के साथ।

कृषि उत्पादन में वृद्धि के बावजूद, इक्कीसवीं सदी की शुरुआत के बाद से आए लगातार संकटों के परिणामस्वरूप यह उद्देश्य खतरे में है। चाहे वित्तीय हो, स्वास्थ्य से संबंधित हो या भू–राजनीतिक, ये संकट खाद्य कीमतों में महत्वपूर्ण त्वरित बदलाव से जुड़े हुए हैं। 2014 के बाद से, और विशेष रूप से 2022 में, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने भोजन की कमी का खतरा फिर से पैदा कर दिया है, और हमने ग्लोबल साउथ में भूख दंगे, ग्लोबल नॉर्थ में मुद्रास्फीति, और वैश्विक ब्रेडबास्केट का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्लैक सी के आसपास युद्ध क्षेत्रों में उत्पादन और आपूर्ति में व्यवधान देखा है। इस पृष्ठभूमि में, कृषि बाजारों, उत्पादन और व्यापार से जुड़े कई जोखिमों के दृष्टिकोण से वैश्विक खाद्य सुरक्षा ने अंतरराष्ट्रीय बहस में एक प्रमुख स्थान हासिल कर लिया है। 2014 के बाद से यूरोप में युद्ध का पुनरुत्थान इस वादे की प्राथमिकता पर सवाल उठाता हैः खाद्य असुरक्षा की समस्याएं कैसे बनाई जाती हैं, और किन कर्त्ताओं द्वारा? कौन सी आबादी चिंतित है? क्या युद्ध खाद्य सुरक्षा के मुद्दे को उठाने के तरीके को बदल देता है?

>>

> रूस में खाद्य सुरक्षा: एक अलंकारिक संकल्पना और शासक अभिजात वर्ग की वैधीकरण रणनीति

इन सवालों का जवाब देने के लिए मैं जो संदर्भ जुटा रही हूँ वह 2014 में यूक्रेन पर आक्रमण शुरू होने के बाद से समकालीन रूस का है, जो एक ऐसे देश के रूप में है जो विश्व बाजारों में अनाज का अग्रणी निर्यातक है। मैं जो पद्धति अपनाती हूं वह 2015 और 2018 के बीच रूसी कृषि जगत में किए गए प्रारंभिक क्षेत्र सर्वेक्षण और 2022 से केंद्रीय रूसी अधिकारियों (मुख्य रूप से रूसी संघ के राष्ट्रपति और सुरक्षा परिषद) के सार्वजनिक भाषणों पर आधारित संवाद विश्लेषण को नियोजित करती है।

फ़्रेमिंग के सार्वजनिक मुद्दे के सैद्धांतिक दृष्टिकोणों ने दिखाया कि कैसे ग्रामीण कर्त्ताओं की लामबंदी ने वैकल्पिक प्रारूपों के उद्भव को बढ़ावा दिया है। उदाहरण के लिए, दक्षिण अमेरिका में, *विया कैम्पेसिना* आंदोलन ने किसान समुदायों के लिए खाद्य संप्रभुता की वकालत की है। इस प्रकार, एक सार्वजनिक मुद्दा कैसे तैयार किया जाता है, परिस्थिति और संबंधित समस्याओं की एक विशिष्ट परिभाषा प्रदान कर सकता है: यह उन कर्त्ताओं के संज्ञानात्मक, विचारशील और राजनीतिक कार्य का परिणाम है जो दूसरों पर समस्याओं के एक निश्चित निर्माण को हावी करने की कोशिश करते हैं।

व्यावहारिक समाजशास्त्र के इन निष्कर्षों का अनुसरण करते हुए, मेरा शोध रूस में खाद्य सुरक्षा को एक अलंकारिक संकल्पना के रूप में और शासक अभिजात वर्ग की वैध रणनीति के रूप में मानता है। इस संदर्भ में, तीन विशिष्ट विशेषताओं पर प्रकाश डाला जा सकता है। सबसे पहले, व्यापक अर्थों में विमर्श एक "राजनीतिक आम" को नामित करती है, जो या तो शक्ति की धारणा के माध्यम से या संप्रभुता की धारणा के माध्यम से व्यक्त की जाती है। इसके अलावा, यह विमर्श एक अंतरराष्ट्रीय संदर्भ पर निर्भर करता है जो "हमें" वैश्विक "उन" से अलग करता है। सार्वजनिक मुद्दों को ऐतिहासिक बनाकर , हम इस सदी के पहले दशक में अंतर्राष्ट्रीय एकीकरण पर आधारित खाद्य सुरक्षा की अवधारणा से लेकर कृषि–खाद्य मुद्दों के राष्ट्रीयकरण तक के परिवर्तन का कारण बन सकते हैं। अंततः, इस चर्चा के संरचनात्मक प्रभाव हैं, जिसे 2014 से रूस में कृषि और खाद्य नीतियों के माध्यम से समझा जाता है। यह हमें यह समझने में सक्षम बनाता है कि पश्चिमी देशों से कृषि–खाद्य आयात को प्रतिस्थापित करने के लिए नीतियों को बढ़ावा देने से खाद्य मुद्दों के राष्ट्रीयकरण और 2014 से देश की कृषि निर्यात ताकत की बहाली को बढ़ावा मिला है।

> खाद्य सुरक्षा के बारे में बदलते विमर्श और प्रतिस्पधद्व विचार

2014 से, विश्व व्यापर संगठन में रूस का आगमन के एक भाग के रूप में अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में एकीकरण पर आधारित वैश्विक अनाज शक्ति के अलंकरण ने खाद्य स्वतंत्रता पर आधारित राष्ट्रीय सम्प्रभुता के पक्ष में राजनैतिक विमर्श को रास्ता दिया है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के शासन ने इस विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे 2022 में यूक्रेन में बड़े पैमाने पर युद्ध शुरू करके मजबूत किया गया।

संयुक्त राष्ट्र और तुर्की के तत्वावधान में रूस और यूक्रेन के मध्य जुलाई 2022 में हस्ताक्षरित अनाज समझौते ने उच्च तीव्रता वाले युद्ध के संदर्भ और क्षेत्र में एक मानवीय अपवाद बनाया। इसके पीछे का उद्देश्य विश्व बाजारों में अनाज निर्यात को बढ़ावा देना और कीमतों के दबाव को कम करना था। रूस ने समझौते की निंदा की और इसे वसंत 2023 से आगे बढ़ाने से इंकार कर दिया।

यह समापन खाद्य सुरक्षा के दो विचारों के बीच टकराव को सामने लाता है: उदारवादी और संरक्षणवादी। पहला, सामान्य समृद्धि, विकास और सकारात्मक–राशि के खेल को बढ़ावा देने के कारक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर ध्यान केंद्रित करता है। इसे संयुक्त राष्ट्र, खाद्य एवं कृषि संगठन और विश्व खाद्य कार्यक्रम जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का समर्थन प्राप्त है। इस परिप्रेक्ष्य ने इस सदी के पहले दशक में रूस में कृषि आधुनिकीकरण को गति दी। उत्तरवर्ती सत्तावादी और उत्पादकवादी है, जो सत्ता के संदर्भ और शून्य–राशि के खेल द्वारा समर्थित है। माल का संचलन राज्य द्वारा व्यवस्थित और नियंत्रित किया जाता है। यह 2014 के बाद से ताकतवर समकालीन रूस की कार्यकारी शाखा द्वारा निर्मित नवीनतम कथा है, जिसने जोर पकड़ लिया है। इसे विरले ही किसी भी वैकल्पिक बयानबाजी, जो कि अगर मौजूद है, तो हाशिए पर है, द्वारा चुनौती दी गई है। ■

सभी पत्राचार कैरोलीन डफ़ी को <c.dufy@sciencespobordeaux.fr> पर प्रेषित करें।

> 'ओपन मूवमेंट्स': सार्वजनिक और वैश्विक समाजशास्त्र के लिए एक मंच

ब्रेनो ब्रिंगेल, रियो डी जनेरियो स्टेट यूनिवर्सिटी, ब्राज़ील और यूनिवर्सिडैड कॉम्प्लूटेंस डी मैड्रिड, स्पेन, और **जेफ्री प्लेयर्स**, एफएनआरएस और यूनिवर्सिटी कैथोलिक डी लौवेन, बेल्जियम, और आईएसए अध्यक्ष (2023–27) द्वारा



श्रेयः राउल पाउ।

जलवायु मंदी एक दृश्यमान वास्तविकता बन गई है, और इस बीच, वैश्विक शिखर सम्मेलनों के दौरान, सरकारें इस जरूरी मुद्दे से निपटने के लिए केवल क्षमता और इच्छा की कमी का प्रदर्शन करती हैं। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में लोकतंत्र गंभीर खतरे में है। टेक्नोक्रेट प्रमुख व्यापार वार्ताएँ आयोजित करते हैं, और नागरिकों का इन निर्णयों पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रवादी और धुर दक्षिणपंथी आंदोलनों की तरह अधिनायकवाद को भी बढ़ावा मिला है। घृणास्पद भाषण और असहिष्णुता उभार पर हैं, जिससे नस्लवादी या घृणा अपराध बढ़ रहे हैं और राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ रहा है। हमने आपस में जुड़े और परस्पर प्रबल होने वाले संकटों (बहुसंकट) के एक अधिक जटिल परिदृश्य में प्रवेश किया है जो असीमित वृद्धि, प्रगति और विकास पर आधारित सभ्यता मॉडल को चुनौती देता है। इसके अलावा, हमारी दुनिया के संकट हर किसी को एक ही तरह से प्रभावित नहीं करते हैं। ऑक्सफैम इनइक्वेलिटी रिपोर्ट 2024 बताती है कि, 2020 के बाद से, दुनिया के पांच सबसे धनी व्यक्तियों ने अपनी संपत्ति दोगुनी कर ली है। इसी अवधि में दुनिया में लगभग पांच अरब लोग गरीब हो गए हैं। असमानताएं ऐतिहासिक ऊंचाई पर हैं।

ये चुनौतियाँ हमें याद दिलाती हैं कि सामाजिक आंदोलन हमारे समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतिक्रियावादी, वर्चस्ववादी, नस्लवादी और धुर दक्षिणपंथी आंदोलन पश्चिम और पूर्व में गति पकड़ रहे हैं। वे विश्व के सभी क्षेत्रों के युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं। वे सभी देश जहां 2011 के अरब स्प्रिंग के दौरान बड़े पैमाने पर लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन हुए थे, अब उन पर सत्तावादी शासन है। सबसे स्थापित लोकतंत्रों में से भी कुछ में भी, सामाजिक आंदोलनों का दमन किया जाता है, पत्रकारों की हत्या की जाती है, और उनके राज्यों द्वारा नागरिकों की जासूसी की जाती है।

हालाँकि, यह मलिन तस्वीर अधूरी है। विकल्प अभी भी मौजूद हैं लेकिन इन्हें अक्सर अदृश्य बना दिया जाता है, खासकर सार्वजनिक विरोध के अभाव में। दुनिया भर में, गहन दृष्टि वाले सामाजिक आंदोलन और सक्रियता और लोकतांत्रिक प्रथाओं के नए रूप उभर रहे हैं। वे संभावनाओं के क्षितिज खोलते हैं और सक्रियता, सामाजिक आंदोलनों और लोकतंत्र का आज क्या अर्थ है, के बारे में हमारे पारम्परिक दृष्टिकोण को चुनौती देते हैं। नागरिकों ने संगठित होने, अपने संदेशों को फैलाने और एक खुले, मुक्त समाज को बढ़ावा देने के लिए चौराहों और इंटरनेट, जहां ज्ञान और जानकारी साझा की जाती है, पर कब्जा कर लिया है। वे लोकतंत्र को न केवल चुनावों या अपनी सरकारों को संबोधित मांगों का मामला मानते हैं, बल्कि सामाजिक न्याय और सम्मान का दावा भी करते हैं और साथ ही एक व्यक्तिगत प्रतिबद्धता भी मानते हैं जिसे वे अपनी सक्रियता और दैनिक जीवन प्रथाओं में लागू करना चाहते हैं।

> सामाजिक आंदोलनः प्रतिरोध, विकल्प और ज्ञान

हमारा नया *ग्लोबल डायलॉग* अनुभाग, "ओपनमूवमेंट्स," का वस्तुतः उद्देश्य दुनिया भर के विभिन्न देशों में सामाजिक आंदोलनों और उनकी चुनौतियों का विश्लेषण करने के लिए एक स्थान खोलना है। अनुभवजन्य शोध के आधार पर, आलेख आंदोलनों की सफलताओं, सीमाओं और उनमें से कई द्वारा सामना की जाने वाली प्रतिक्रियाओं पर चर्चा करेंगे। हम अपने समाज और स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर हमारे सामने आने वाली चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए सामाजिक आंदोलनों से और उनके साथ सीखेंगे।

हमारा मानना है कि सामाजिक आंदोलन समाज के उत्पादन और रूपांतरण, दोनों प्रगतिशील/लोकतांत्रिक और प्रतिक्रियावादी पक्षों में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सामाजिक आंदोलन ठोस नीतियों को प्रभावित करते हैं और संस्कृति को बदलते हैं। वे ज्ञान का उत्पादन करते हैं और सभी महाद्वीपों पर स्थापित ठोस संघर्षों और सामाजिक प्रयोगों में सामूहिक सीख उत्पन्न करते हैं। वे हम दुनिया को कैसे देखते हैं, को आकार देते हैं और वैकल्पिक भविष्य के लिए परिदृश्य खोलते हैं।

>>

यद्यपि विरोध प्रदर्शनों को मुख्यधारायी मीडिया में कुछ दृश्यता मिल सकती है, लेकिन वे सामाजिक आंदोलनों का बहुत छोटा भाग हैं। कम दृश्यमान लेकिन कम महत्वपूर्ण आयाम नहीं में लोकप्रिय शिक्षा, ठोस एकजुटता, सक्रिय नागरिकता, दैनिक जीवन में परिवर्तन और व्यक्तिपरकता शामिल हैं। ओपनमूवमेंट्स विरोध प्रदर्शनों और ठोस विकल्पों पर आलेखों का स्वागत करेगा।

> वैश्विक समाजशास्त्र

विभिन्न महाद्वीपों के समाजशास्त्रियों और कर्त्ताओं से सीखने की इच्छा पर आधारित वैश्विक संवाद आईएसए के केंद्र में है। *ग्लोबल डायलॉग* के एक नए खंड के रूप में, ओपनमूवमेंट्स ग्लोबल साउथ और ग्लोबल नॉर्थ दोनों क्षेत्रों के सभी क्षेत्रों के समाजशास्त्रियों द्वारा विश्लेषण का प्रस्ताव देकर इन सामाजिक परिवर्तनों को समझने के लिए एक वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। हम आश्वस्त हैं कि विभिन्न महाद्वीपों के सामाजिक आंदोलनों, संकटों और वैकल्पिक अनुभवों से सीखने से यथार्थ की बेहतर समझ, लोकतंत्र के लिए चुनौतियां और हमारे देश या क्षेत्र में मुक्ति और सामाजिक परिवर्तन के संभावित रास्ते के लिए अंतर्दृष्टि मिलती है।

हम अपनी दुनिया के परिवर्तनों पर एक वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हैं और ऐसा करने के लिए, विभिन्न विचारों, पीढ़ियों, दृष्टिकोणों और विचार और कार्रवाई की परंपराओं के बीच संवाद को बढ़ावा देकर पद्धतिगत राष्ट्रवाद और वैश्विकता दोनों से बचते हैं। वैश्विक दृष्टिकोण का मतलब स्थानीय या राष्ट्रीय संघर्षों की उपेक्षा करना नहीं है, बल्कि इसका विपरीत है। एक सुविज्ञ वैश्विक दृष्टिकोण को स्थानीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तरों पर सामाजिक आंदोलनों और चुनौतियों के विश्लेषण से पोषित करने की आवश्यकता है। हम स्थानीय वास्तविकताओं और संघर्षों में निहित वैकल्पिक प्रयोगों पर प्रकाश डालना चाहते हैं जो विभिन्न महाद्वीपों के कर्त्ताओं को प्रेरित कर सकते हैं और संभावित भविष्य की झलक दिखा सकते हैं। हम अपने पाठकों को किसी स्थान या देश में विरोध की लहर या संकट को समझने की कुंजी प्रदान करना चाहते हैं जो समाचारों की सुर्खियों में नहीं आती है लेकिन जिससे हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। हम इस बात पर भी ध्यान देंगे कि स्थानीय या राष्ट्रीय कर्त्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे जुड़ते हैं और वैश्विक प्रभाव डाल सकते हैं। हम दुनिया भर में विरोध के सिद्धांतों, प्रथाओं, प्रतीकों और प्रतिरोधों की फिहरिस्त के प्रसार को बढ़ावा देने की उम्मीद करते हैं।

हमारी दुनिया के कर्त्ताओं और चुनौतियों को समझने के लिए, हमें कार्रवाई के पैमाने और विश्लेषण के स्तर को संयोजित करने की आवश्यकता है। एक उचित वैश्विक दृष्टिकोण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बहु–साइट फील्डवर्क की आवश्यकता होती है, जो पूरी तरह से स्थानीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वास्तविकता में अंतर्निहित हो। सामाजिक आंदोलनों को इन सभी विशिष्ट क्षेत्रों में संदर्भों और द्वारा आकार दिया जाता है, लेकिन वे स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक वास्तविकताओं को निर्धारित करने में भी योगदान देते हैं। जबकि स्थानीयकृत आंदोलनों को आम तौर पर संकीर्ण संघर्षों तक सीमित कर दिया जाता है, मेक्सिको में ज़ापतिस्ता विद्रोह जैसे आंदोलनों– जिसने इस साल अपनी 30 वीं वर्षगांठ मनाई– ने दिखाया है कि उनके आवश्यक वैश्विक अर्थ भी हैं। ओपनमूवमेंट्स के साथ, हम यह समझना चाहते हैं कि सक्रियता के संघर्ष और संस्कृतियाँ राष्ट्रीय सीमाओं से परे कैसे गूंजती हैं और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को कैसे प्रभावित करते हैं।

> सार्वजनिक समाजशास्त्र

लोकतांत्रिक सार्वजनिक स्थान में सामाजिक वैज्ञानिकों का विशिष्ट योगदान होता है। *ग्लोबल डायलॉग* और ओपनमूवमेंट्स इस प्रयास के लिए प्रासंगिक चैनल माने जाते हैं। संघर्षों की विशेषताओं, दांवों और चुनौतियों के साथ–साथ मुख्यधारा के समाचार पत्रों द्वारा कवर की गई तात्कालिक घटनाओं से परे संघर्षों को समझने के लिए वैज्ञानिक कठोरता और दीर्घकालिक अनुभवजन्य क्षेत्रीय कार्य की आवश्यकता है। इस प्रकार, ऐसे स्थान खोलना आवश्यक है जहां गहन शोध करने वाले विद्वान अपने परिणामों और दृष्टिकोणों को सुलभ ग्रंथों के माध्यम से अकादमी से परे व्यापक दर्शकों तक फैला सकें।

ओपनमूवमेंट्स के साथ, हमारी सामाजिक आंदोलनों के समाजशास्त्र को सामान्य समाजशास्त्र के साथ जोड़ने में विशेष रुचि हैं। हम ऐसे दृष्टिकोण विकसित करते हैं जो "पेशेवर" समाजशास्त्रियों के अति–विशेषज्ञता और बौद्धिक अग्र दल दोनों के जाल से बचते हैं। जैसा कि आईएसए पूर्व अध्यक्ष और *ग्लोबल डायलॉग* के संस्थापक माइकल बुरावॉय का प्रस्ताव है, सार्वजनिक समाजशास्त्र समाजशास्त्र को अकादमी से परे दर्शकों के साथ संवाद में लाने का प्रयास करता है, एक खुला संवाद जिसमें दोनों पक्ष सार्वजनिक मुद्दों के बारे में अपनी समझ को गहरा करते हैं।

> ओपन मूवमेंट्स का एक नया घटनाक्रम

ओपनमूवमेंट्स का जन्म मार्च 2015 में एक संपादकीय परियोजना के रूप में हुआ था। हमारे द्वारा स्थापित, इसे प्रारम्भ में अग्रणी स्वतंत्र मीडिया प्लेटफॉर्म ओपनडेमोक्रेसी द्वारा प्रकाशित किया गया था। इसका उद्देश्य तीन तरीकों से "सामाजिक आंदोलनों को खोलना" है:

- विशिष्ट सामाजिक कर्ताओं और संपूर्ण समाज दोनों की बेहतर समझ के लिए सामाजिक आंदोलनों के अध्ययन को एक महत्वपूर्ण तत्व मानते हुए सामाजिक आंदोलनों के विश्लेषण को व्यापक सामाजिक परिवर्तन से जोड़ना।
- वैश्विक दक्षिण के अनुभवों और दुनिया में विभिन्न संघर्षों के माध्यम से सामूहिक सीख उत्पन्न करने की क्षमता पर विशेष जोर देने के साथ वैश्विक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना।
- सार्वजनिक समाजशास्त्र में योगदान देने के लिए विद्वानों और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद के लिए जगह खोलना।

2015 से 2021 तक, ओपनमूवमेंट्स ने ओपनडेमोक्रेसी के एक अनुभाग के रूप में 30 देशों के कार्यकर्ताओं और विद्वानों के लगभग 250 लेख प्रकाशित किए हैं। अपने संक्षिप्त प्रारूप, सुविज्ञ विश्लेषणों और एक गतिशील ऑनलाइन प्रकाशन मंच की बदौलत, ये लेख विभिन्न महाद्वीपों के शोधकर्ताओं के व्यापक पाठकों और नागरिकों, पत्रकारों, कार्यकर्ताओं और नीति निर्माताओं के बीच हजारों पाठकों के व्यापक दर्शकों तक पहुंच गए हैं। इनमें से कुछ लेख चल रही सार्वजनिक बहस में हस्तक्षेप के रूप में लिखे गए थे, लेकिन इन्हें हमेशा राय मात्र से परे जाने और कठोर विश्लेषण की तलाश करने के इरादे से लिखा गया था। हम उन आवाज़ों को भी शामिल करने के बारे में चिंतित थे जिन्हें आम तौर पर सार्वजनिक बहस और शिक्षा जगत में खामोश कर दिया जाता है या जिनका प्रतिनिधित्व बहुत कम किया जाता है।

इनमें से कुछ लेख अतिथि संपादकों द्वारा संपादित श्रृंखला के हिस्से के रूप में प्रकाशित किए गए थे (प्रवासन संकट, दमन के नए प्रदर्शनों की सूची, वामपंथ को फिर से संगठित करना, या महामारी में सामाजिक आंदोलनों जैसे विषयों पर)। इनमें से चुनिंदा लेखों को

>>

पांच पुस्तकों में पुनः प्रकाशित किया गया है, और ये सभी ओपन एक्सेस वाली हैं: प्रोटेस्टा इ इंडिगीनासिओं ग्लोबल (2017); मेक्सिको एन मोवीमेंटस (2017); अलेर्टा ग्लोबल; पॉलिटिकास, मोवीमेंटोस सोसिअल्स य फुचुरोस एन डिस्पुटा एन टैम्पोस दे पंडेमिआ (2020); सोशल मूवमेंट्स एंड पॉलिटिक्स ड्यूरिंग कोविड–19 (2022); चिली एन मोवीमेंटस (2023).

इस प्रारंभिक चरण के बाद, ओपनमूवमेंट्स *ग्लोबल डायलॉग* के भीतर एक नया चरण शुरू करेगा, जो दुनिया के अग्रणी समाजशास्त्रीय संघ और विविध दर्शकों के बीच, अधिक संस्थागत तरीके से पुल बनाने की कोशिश करेगा। परियोजना के इस नए चरण में, मूल भावना में दो नए विकास जोड़े गए हैं। सबसे पहले, हम एक गतिशील मंच की पेशकश करना चाहते हैं जहां लेख सबसे पहले *ग्लोबल डायलॉग* वेबसाइट पर अंग्रेजी में प्रकाशित किए जाएंगे। उनमें से कुछ को पत्रिका के तीन वार्षिक अंकों में से एक में एकीकृत किया जाएगा और एक दर्जन से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा। दूसरे, एकल प्रसार मंच के साथ काम करने के बजाय, हम इसकी सामग्री को व्यापक दर्शकों तक प्रसारित करने के लिए दुनिया भर में डिजिटल मीडिया के साथ साझेदारी की तलाश करेंगे।

हम आपको ओपनमूवमेंट के इस नए चरण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जहाँ हम एकल लेखों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, हम अतिथि संपादकों द्वारा संपादित श्रृंखला का भी स्वागत करते हैं, जो एक विशिष्ट विषय पर विभिन्न महाद्वीपों के कार्यकर्ताओं और सामाजिक वैज्ञानिकों के आलेखों को एक साथ लायेंगे। हम विशेष रूप से हाल की घटनाओं और विश्व राजनीति में गर्म विषयों पर लघु पाठों के लिए खुले हैं जो केवल अभिमत नहीं हैं बल्कि विषय पर शोध और सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं की जमीनी निगरानी का परिणाम हैं। दूसरे शब्दों में, हम जिन ऐतिहासिक चुनौतियों से गुजर रहे हैं उन्हें समझने और उनका सामना करने के लिए हमें एक सार्वजनिक और वैश्विक समाजशास्त्र की आवश्यकता है। ओपनमूवमेंट्स यही रहा है और यही बने रहने का लक्ष्य है। ■

ओपनमूवमेंट्स के बारे में सभी पत्राचार को *ग्लोबल डायलॉग* टीम <globaldialogue@isa-sociology.org> पर प्रेषित करें।

> हम लोकप्रिय संघर्षों पर शोध और उन्हें कैसे समझते हैं?

लॉरेंस कॉक्स, मेनुथ विश्वविद्यालय, आयरलैंड, **अल्बर्टो अरिबास लोजानो**, यूनिवर्सिडैड कॉम्प्लूटेंस डी मैड्रिड, स्पेन, और **सुतापा चट्टोपाध्याय,** सेंट फ्रांसिस जेवियर विश्वविद्यालय, कनाडा द्वारा

बैगा महिलाएं और बच्चे विरोध मार्च में, भारत, 2003। श्रेयः साइमन विलियम्स, एकता परिषद / विकिमीडिया कॉमन्स।

सहस्राब्दी के विश्व इतिहास की अंतिम तिमाही भी सामाजिक आंदोलनों में से एक है: एक ऐसे साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष जिसने उत्तर–औपनिवेशिक राष्ट्र राज्यों की दुनिया का निर्माण किया, लोकतंत्र के लिए लड़ाई जिस पर कई स्थानों पर गंभीर हमले हो रहे हैं, महिला और एलजीबीटीक्यू आंदोलन जिन्होंने मौलिक रूप से पितृसत्ता को चुनौती दी, प्रवासी और नस्लवाद– विरोधी सक्रियता, विकलांगता और मानसिक स्वास्थ्य संघर्ष, युद्ध–विरोधी आंदोलन, और इसी तरह के कई प्रकार के वर्ग–आधारित संघर्ष– जिनमें शिक्षा तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण करना और इसलिए अनुसंधान करना शामिल है, इत्यादि।

इस स्थिति में सामाजिक आंदोलन अनुसंधान के फलने–फूलने के अच्छे कारण हैं। लेकिन हम वास्तव में उस शोध को अच्छी तरह से कैसे कर सकते हैं? एक दशक तक पहली आंदोलन अनुसंधान विधियों की पुस्तिका के सह–संपादन में (अन्ना सोलुचा के साथ जो वर्तमान में फील्डवर्क पर हैं), हमने विशेष रूप से प्रवृत अनुसंधान, ग्लोबल साउथ और नए शोधकर्ताओं की देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया।

> प्रवृत और पारंपरिक अनुसंधान

मेथड्स की हैंडबुक्स अक्सर विशुद्ध रूप से अकादमिक उत्पादन को केंद्रित करने के लिए उपकरण होती हैं। यद्यपि, सामाजिक आंदोलनों ने प्रमुख समाजशास्त्रीय सिद्धांतों और पद्धतियों (उदाहरण के लिए मार्क्सवादी, नारीवादी, क्वीर या विऔपनिवेशिक) को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आंदोलन अनुसंधान इस प्रकार एक विशिष्ट क्षेत्र है, जहां कार्यरत पेशेवर, जिनके संगठनों में अक्सर शैक्षिक, सैद्धांतिक और अनुसंधान गतिविधियां होती हैं, उन्हें नियमित रूप से चर्चा से बाहर रखा जाता है, क्योंकि शिक्षाविदों ने अपने विषयों के सम्मान (धन और राजनीतिक सुरक्षा के लिए उपयुक्तता) पर जोर देने की कोशिश की है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए, पूर्व की हैंडबुक्स या तो विशुद्ध रूप से वैज्ञानिक रही हैं या अत्यधिक सैद्धांतिक रही हैं, जो कट्टरपंथी तरीकों को प्रस्तुत तो करती हैं लेकिन एक पूर्व शैक्षणिक प्रशिक्षण और संदर्भ मानती हैं।

हमने आंदोलनों में काम करने वाले शोधकर्ताओं और विभिन्न प्रकार के सहयोगी और प्रवृत अनुसंधान विधियों के अधिक अनुभव वाले लोगों के साथ अध्यायों का योगदान करने के लिए कड़ाई से अकादमिक संदर्भों में काम करने वाले लेखकों को आमंत्रित कर एक अलग दृष्टिकोण की कोशिश की है। हमें लगता है कि आंदोलन अनुसंधान की वास्तविक समृद्धि और रचनात्मकता का बेहतर प्रतिनिधित्व परिणाम है, और सामाजिक न्याय के लिए इतने सारे शोधकर्ताओं की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

हम आंदोलन अनुसंधान के ''अनुप्रयोगों'' के लिए समर्पित एक

> >

अनुभाग के लिए विशेष रूप से प्रसन्न हैं: किसी भी प्रकार के अनुसंधान के साथ आंदोलन क्या करते हैं? अक्सर, इस मुद्दे को या तो नजरअंदाज कर दिया गया है या समय के साथ आंदोलनों और प्रवृत शोधकर्ताओं के व्यावहारिक अनुभवों की खोज करने के बजाय एक अत्यधिक अमूर्त आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया गया है – जो दिलचस्प, चुनौतीपूर्ण और बेहतर करने के लिए एक आवश्यक प्रारंभिक बिंदु हैं।

> वैश्विक दक्षिण और उत्तर के आंदोलन

कई अन्य चीजों के साथ, अनुसंधान आंदोलनों के बारे में लिखने में ग्लोबल नॉर्थ का प्रभुत्व रहा है – यद्यपि ग्लोबल साउथ में कहीं अधिक, और अक्सर बहुत बड़े, आंदोलन हुए हैं। अब तक, लैटिन अमेरिका, भारत और दक्षिण अफ्रीका में ''सामाजिक आंदोलनों'' ढांचे के भीतर लोकप्रिय संघर्षों पर शोध करने के लंबे इतिहास के बावजूद वस्तुतः क्षेत्र में हर (अंग्रेजी भाषा) पुस्तिका अपने लेखकों और विषयों के संदर्भ में उत्तरी अमेरिका या पश्चिमी यूरोप पर केंद्रित रही है।

हम इस शर्त पर एक नई हैंडबुक (एक दशक में पहली सामान्य) को संपादित करने के लिए सहमत हुए कि हम इसे अधिक वैश्विक परिप्रेक्ष्य से कर सकते हैं– हालांकि हम इसे सफलतापूर्वक वि–औपनिवेशिक करने का दावा नहीं करते हैं। यहां तक कि अनुवाद के लिए स्वतंत्र फंडिंग ढूंढना, और गैर– स्वदेशी अंग्रेजी बोलने वालों के लिए कॉपी एडिटिंग पर कड़ी मेहनत करना, वैश्विक शिक्षा जगत में अंग्रेजी की गहन केंद्रीयता द्वारा बनाई गई समस्याओं को दूर नहीं करता है। इसी समय, अनुसंधान वित्त पोषण की निरंतर असमानताओं का मतलब है कि छोटे देश जिनके आंदोलन अक्सर विशेष रूप से महत्वपूर्ण नहीं हैं (जैसे इंग्लैंड) वैश्विक शैक्षणिक प्रकाशन में बहुत बड़े पैमाने पर कब्जा कर लेते हैं।

तथापि, हम सभी महाद्वीपों (अंटार्कटिका को छोड़कर) के लेखकों और विषयों को रखने वाली पहली पुस्तिका लाकर खुश हैं, जो अन्य के साथ, ग्लोबल साउथ और स्वदेशी दृष्टिकोणों में आंदोलन अनुसंधान को उजागर करते हैं। यह दुनिया भर में आंदोलन अनुसंधान में सर्वोत्तम प्रथाओं की अधिक ईमानदार और उपयोगी तस्वीर की दिशा में पहला कदम है।

> नए शोधकर्ताओं का समर्थन करना

अंत में, समाजशास्त्री अक्सर इस बारे में पर्याप्त नहीं सोचते हैं कि क्षेत्र में पहले से मौजूद लोग दूसरों को कार्य शुरू करने के लिए कैसे समर्थन कर सकते हैं, और कि यह कैसे काम करता है। यूरोप के अधिकांश हिस्सों में, उदाहरण के लिए, आंदोलनों पर स्नातकोत्तर शोध करने के इच्छुक व्यक्तियों को कभी भी आंदोलनों की कठिन चुनौतियों पर शोध करने हेतु स्नातक शिक्षण प्राप्त नही हुआ होगा – और उन्हें विश्वविद्यालय पुस्तकालयों तक पहुंच के बिना अनुसंधान या वित्त पोषण प्रस्ताव लिखना पड़ सकता है, जब तक कोई वर्तमान अनुदान धारक उन्हें एक पूर्व नियोजित परियोजना में भर्ती नहीं करता है। इस प्रकार, आंदोलन अनुसंधान की विशाल विविधता के बारे में सीखने के लिए अक्सर बहुत कम वास्तविक स्थान होते है, और जो भी इस क्षेत्र में नवागंतुकों के सामने पक्ष वास्तव में सामने आए हैं, उन्हें पुनः प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति है। मजबूत स्वतंत्र अनुसंधान परंपराओं के जोड़ के बिना आंदोलन–आध ाारित शोधकर्ता और भी खराब कार्य कर रहे हैं।

इस दृष्टिकोण से, हम बहुत खुश हैं कि प्रकाशक हमारे सारभूत (12,000–शब्द वाले) परिचय को निशुल्क ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। हमें उम्मीद है कि यह संभावनाओं के पूर्ण स्पेक्ट्रम तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने में मदद करेगा, साथ ही साथ उन सभी सामान्य तरीकों के लिए दरवाजे खोलेगा जिनके माध्यम से कार्यकर्ताओं, विश्वविद्यालयों के बाहर के शोधकर्ता और ग्लोबल साउथ में छात्रों को सामान्य रूप से सामग्री तक पहुंच भुगतान द्वारा प्राप्त होती है।

एक और भी बुनियादी स्तर पर – हमने लेखकों के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है कि पुस्तक के अध्याय क्षेत्र में नए लोगों के लिए सुलभ हों – वे लोग जो दशकों से शिक्षा से बाहर हैं, जो कुलीन शिक्षा विहीन रहे हैं, जो लोग मूल अंग्रेजी बोलने वाले नहीं हैं और जिन लोगों का ध्यान देखभाल की जिम्मेदारियों, राजनीतिक संघर्ष या काम के दबाव के चलते कई दिशाओं में खींचा जाता है, इन व्यक्तिओं के लिए अच्छा शोध करना हमेशा एक चुनौतीपूर्ण प्रयास है, लेकिन विधियों पर लिखने का मतलब सांस्कृतिक पूंजी को बहिष्करण के तरीकों से दिखाना नहीं होना चाहिए।

इस पुस्तक को एक साथ लाने का अनुभव असाधारण और मार्मिक रहा है, जो कई अलग–अलग आंदोलनों, भौगोलिक क्षेत्रों और शैक्षणिक स्थानों में किए जा रहे कुछ अविश्वसनीय रचनात्मक, विचारशील और प्रतिबद्ध कार्यों का खुलासा करता है। ग्लोबल नॉर्थ में स्थापित शिक्षाविदों, ग्लोबल साउथ की प्रमुख हस्तियां, सक्रिय शोधकर्ताओं और कनिष्ठ कैरियर शोधकर्ताओं आदि सभी ने परियोजना के लिए अत्यंत ऊर्जा और उदारता के साथ प्रतिक्रिया दी है। हमें लगता है कि यह संग्रह कई तरीकों में से सर्वश्रेष्ठ को दर्शाता है जिसमें शोध सामाजिक आंदोलनों के साथ संलग्न होता है, और हम आशा करते हैं कि यह विशेष रूप से नवगुन्तकों को और इसके साथ ही विद्वानों के मध्य इस चालू वार्तालाप में जुड़ने के लिए प्रेरणा देगा। ■

सभी पत्राचार लॉरेंस कॉक्स को <laurence.cox@mu.ie>
Twitter: @ceesa_ma पर प्रेषित करें।

> माया वीडियो परम्पराएं और ज्ञान का विकेंद्रीकरण

कार्लोस वाई फ्लोर्स, यूनिवर्सिडैड ऑटोनोमा डेल एस्टाडो डी मोरेलोस, मैक्सिको द्वारा

श्रेयः कार्लोस फ्लोरेस, 2006।

लगभग 1990 के दशक से मैं ग्वाटेमाला में समुदाय–आधारित माया संगठनों के साथ सहयोगी वीडियो परियोजनाओं में काम कर रहा हूं। इनमें से कुछ परियोजनाएं जब शुरू हुईं, तब देश 36 साल के गृहयुद्ध से उभर रहा था जो 1996 में समाप्त हुआ और जिसमे लगभग 200,000 लोग मारे गए और 45,000 से अधिक गायब हो गए, उनमें से अधिकांश स्वदेशी समुदायों के नागरिक सदस्य थे। सशस्त्र संघर्ष के ऐसे भारी प्रभावों के बाद, माया सामाजिक आंदोलन और संगठन पुनः उभरे और इन्होंने बड़े पैमाने पर गैर–स्वदेशी राज्य से अधिकारों और न्याय की मांग की। कुछ क्षेत्रों में न केवल जातीय पहचान और राजनीतिक दावों को मजबूत करने के लिए, बल्कि उनके जीवन, राजनीति और सांस्कृतिक प्रथाओं के बारे में वर्चस्वादी गैर–स्वदेशी आख्यानों का मुकाबला करने के लिए वीडियो एक महत्वपूर्ण शैक्षिक उपकरण बन गया।

पश्चिम में प्रशिक्षित एक दृश्य मानवविज्ञानी के रूप में मेरी भूमिका मुख्य रूप से परियोजनाओं में शामिल लोगों के कैमरा वर्क का उपयोग करके दृश्य सामग्रियों के आख्यानों की संरचना में मदद करना और विविध जनता के लिए उभरने वाले संदेशों के लिए महत्वपूर्ण संपादन प्रक्रिया पर उनके साथ चर्चा करना था। पहले माया–क्यूची' और बाद में माया–किचे समुदायों के भीतर, हमने युद्ध के दौरान मारे गए ग्रामीणों के लिए सांस्कृतिक प्रथाओं, स्मृति और न्याय से संबंधित कई वृत्तचित्रों का निर्माण किया, और अंत में हमने कानूनी स्वायत्तता और कानून तथा विवाद समाधान के उनके स्वयं के रूपों के लिए सम्मान के लिए संघर्षों को संबोधित किया। हालांकि, माया समुदायों के साथ इन वीडियो अनुभवों से मुझे जो एहसास हुआ, वह यह है कि इस तरह के सहयोगी आउटपुट सीधे तरीके से बहुत दूर हैं और इसमें जटिल अंतर्क्रियाएँ और समझ शामिल है, खासकर तब जब हमारी विभिन्न सामाजिक आर्थिक और

>>

सांस्कृतिक पृष्ठभूमि परियोजनाओं से संबंधित विविध अपेक्षाओं को आकार देती है।

> आधुनिक/औपनिवेशिक विरासत

दो मूलभूत आयाम जिन्होंने विभिन्न डिग्री पर, न केवल माया संगठनों के बीच मेरे अपने सहयोगी कार्य को प्रभावित किया है, बल्कि सामाजिक आंदोलनों के साथ काम करने वाले कई शोधकर्ताओं के प्रयासों को भी प्रभावित किया है, विशेष रूप से तथाकथित ग्लोबल साउथ में। ये हैं आधुनिकता और उपनिवेशवादः पश्चिमी विस्तार की एक ही प्रक्रिया के दो पहलू, जैसा कि कई विद्वानों ने कहा है। एक ओर, वैज्ञानिक सत्य के आधार पर तथाकथित वस्तुनिष्ठ स्थापन का पालन करते हुए आधुनिक परम्पराएं हैं जो, प्रकृति और सामाजिक जीवन के साथ अंतःक्रिया करने के तरीके के वर्चस्वादी प्रस्तावों का निर्माण करने के लिए विशेष मानदंड और संस्थागत प्रवचन विकसित करने की प्रवृत्ति रखती है; ये हमेशा उन तरीकों के अनुरूप नहीं होते हैं जिनसे क्षेत्र में लोग अपनी वास्तविकताओं का निर्माण करते हैं। दूसरी ओर, उपनिवेशवाद ने एक ही समय में क्षेत्र में लोग और शोधकर्ताओं के बीच एक असमान शक्ति संबंध पैदा किया है। इसके अलावा इसने एक सांस्कृतिक ''अन्य'' के अस्तित्व को स्वाभाविक बनाने का प्रयास किया है, जो न केवल अलग है बल्कि अलग समय और स्थान में भी रहता है। इस अलगाव ने अक्सर प्रभुत्व, अधीनता और सांस्कृतिक अंतर के कोड को लागू करने के लिए कार्य किया है।

इस तरह के तर्कों के बाद, पश्चिमी उदारवादी/ज्ञानोदय विचार की परंपराओं में गठित वैश्विक अभिजात वर्ग ने ऐतिहासिक रूप से खुद को मानक नागरिकों के रूप में स्थापित किया है जिनसे सांस्कृतिक ''अन्य'' को प्रतिपादित और परिभाषित किया गया है। सबाल्टर्निटी (नस्ल या लिंग की तरह) की यह निर्दिष्ट पहचान स्वाभाविक हो गई है और तथाकथित रूप से वस्तुनिष्ठ यथार्थ के निर्माण में सक्षम ''सार्वभौमिकता'' को लागू करने के माध्यम से लगभग अदृश्य हो गई है। स्पष्ट रूप से, सामाजिक असमानता के संदर्भों में शोधकर्ताओं के साथ अंतःक्रिया करने वाले क्षेत्र में लोगों ने उन तरीकों के बारे में अपने दृष्टिकोण पर जोर देने की क्षमता कम कर दी है जिनमें उनके जीवन और उनके समुदायों की कल्पना सत्ता के केंद्रों से की गई है।

माया वीडियो निर्माताओं के साथ दृश्य–श्रव्य सामग्रियों के सहयोगी निर्माण ने मुझे यह समझने में मदद की कि शक्ति संबंध वैचारिक रूप से उन तरीकों को कैसे परिभाषित करते हैं जिनमें किसी भी समाज में चीजों को समझा या नहीं समझा जाता है, जो बदले में दूसरों के संबंध में ज्ञान के कुछ रूपों को मान्य और प्राथमिकता देते हैं। उदाहरण के लिए, माया फिल्म निर्माता और सामुदायिक अधिकारी माया किचे कानून प्रथाओं को माया मूल्यों, सिद्धांतों और विश्वदृष्टि पर आधारित अभिन्न प्रणाली के एक हिस्से के रूप में समझते हैं। यह स्वदेशी कानून के '' कठोर न्याय'' के रूप में हावी और निरंतर मीडिया चित्रण के विरोधाभास में है।

> नए दृष्टिकोण

ज्ञानमीमांसात्मक वर्चस्व के इस संदर्भ में, सामाजिक विज्ञान के भीतर आत्म–चिंतनशील और संशोधनवादी दृष्टिकोण दृश्य अनुसंधान के उद्देश्यों, लक्ष्यों और तरीकों पर महत्वपूर्ण और उत्पादक परिप्रेक्ष्य विकसित कर रहे हैं। रिश्ते और सहयोगों के नए रूपों पर पुनर्विचार करना अब संभव है, जो सामान्य रूप से दृश्य अनुसंधान परियोजनाओं में अधिक रचनात्मक प्रथाओं और परियोजनाओं को पैदा कर रहा है। शोधकर्ताओं और सांस्कृतिक ''अन्य'' के बीच विभाजन भी मिट गए हैंः शोधकर्ताओं की बढ़ती संख्या या तो उन समुदायों के साथ साझा परियोजनाओं में काम करती है जिनका वे अध्ययन करते हैं या उन समुदायों से संबंधित विभिन्न डिग्री पर अपनापन बनाए रखते हैं। उनकी प्रथाएं उनकी सांस्कृतिक पहचान, शैक्षणिक प्रशिक्षण और राजनीतिक स्थिति से प्रभावित होती हैं। यह बदलाव इस तरह के शोध परियोजनाओं में प्रतिभागियों के बीच कम पदानुक्रमित और अधिक क्षैतिज अंतःक्रिया के वादे पर जोर देता है, जो हमेशा पूरा नहीं होता है।

सामाजिक विज्ञान अनुसंधान लिखित पाठ को विशेषाधिकार देता है, जो साक्षरता के निम्न स्तर वाले या आधुनिकता के ट्रोपेस एंड फ्रेम्स से कम परिचित समुदायों के लिए शोध निष्कर्षों को अप्राप्य बनता है। सामाजिक अनुसंधान के लिए दृश्य–श्रव्य संसाधनों का उपयोग इसलिए अनुसंधान परियोजनाओं में प्रतिभागियों के बीच की दूरी को कम करने में मदद करने में विशेष महत्व प्राप्त करता है, क्योंकि वे अनुसंधान आउटपुट के सहयोगी निर्माण की सुविधा प्रदान कर सकते हैं और अलग–अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और अनुभवों से आने वाले लोगों के दृष्टिकोण के लिए मिलन के स्थान प्रदान कर सकते हैं। इस प्रकार के शोध आउटपुट उन दर्शकों के बीच अधिक व्यापक रूप से प्रसारित हो सकते हैं जिनका लिखित शब्द के आधार पर दुनिया के साथ एक अलग संबंध हो सकता है। अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में दृश्य–श्रव्य मीडिया का उपयोग करने वाले शोधकर्ताओं और स्थानीय समुदायों के कई सहयोगी अनुभव अपने शैक्षिक, राजनीतिक, आर्थिक, क्षेत्रीय, कानूनी, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक हितों और दावों का बचाव करने में सामाजिक आंदोलनों का बेहतर समर्थन करने की क्षमता रखते हैं।

इसलिए, प्रथाओं को संरचित और सामाजिक रूप से मान्य करने की संभावना दांव पर हैं जिसके माध्यम से वैकल्पिक ज्ञानमीमांसा– इस मामले में, माया के दावे– और सहयोगी और इंटरटेक्स्टुअल वीडियो को व्यक्त किया जा सकता है। वास्तविकता को समझने के ऐसे तरीकों को वर्चस्ववादी मानदंडों के साथ मौलिक रूप से अलग या असंगत नहीं माना जाना चाहिए। इसके विपरीत, हावी संस्कृतियों के किनारे पर विद्यमान सामाजिक प्रथाएं और जीवन–जगत और ज्ञान निर्माण के सत्यापन को केंद्र से हटाना चुनौती पूर्ण है। ■

सभी पत्राचार कार्लोस वाई. फ्लोरेस को <carlosyflores@aol.com> पर प्रेषित करें।

> इजराइली–फिलिस्तीनी हत्याकांड की भयावह वृद्धि संदर्भ में

लेव ग्रिनबर्ग, बेन–गुरियन नेगेव विश्वविद्यालय, इजराइल और डार्टमाउथ कॉलेज, यूएस द्वारा

''युद्ध का कोई विजेता नहीं होता''। श्रेयः जो हदरेच

हमास द्वारा 7 अक्टूबर को इजराइली नागरिकों, जिनमें बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं, के नृशंस हत्याकांड, महिलाओं के बलात्कार, और शवों के विकृतीकरण और जलाने के बाद, इजराइल में सार्वजनिक प्रतिक्रिया थी, ''मुझे गाजा के अधिकरण और घेराबंदी का संदर्भ मत बताओ, उपनिवेशवाद और अधिवासी उपनिवेशवाद के आलोचनात्मक सिद्धांतों को भूल जाओ।''

इसी तरह संदर्भ की सामानांतर उपेक्षा की प्रतिक्रिया इजराइली सेना द्वारा हजारों फिलिस्तीनी नागरिकों की हत्या और बमबारी, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, पूरे मोहल्लों को नष्ट करने और 1.9 मिलियन फिलिस्तीनियों को उनके घरों से विस्थापित करने के संबंध में हुई। इस मामले का वि–संदर्भीकरण हमास और जिहादियों द्वारा इजराइल के दक्षिण में नागरिकों के नरसंहार को नजरअंदाज करना था। यहाँ तक कि वे हमास लड़ाकू कैमरों द्वारा बनाये गए अत्याचार को दिखने वाले वीडियो जिनका उद्देश्य इजराइलियों को, मैं इसे ISIS शैली कहता हूँ, आतंकित करना था, के बावजूद इसे नकारते हैं।

हमारा नैतिक स्थान स्पष्ट होना चाहिएः कोई भी संदर्भ नागरिकों की जानबूझकर की गयी हत्या, जो कि एक युद्ध अपराध है, को उचित नहीं ठहरा सकता। मेरे दृष्टिकोण में, नैतिक और राजनीतिक रुख के बीच कोई विरोधाभास नहीं है। इजराइली–फिलिस्तीनी मामले का विश्लेषण करने के लिए मैंने जो गतिशील राजनीतिक स्थलों का सिद्धांत विकसित किया है, वह हिंसा के विरुद्ध एक स्पष्ट नैतिक और राजनीतिक स्टैंड लेते हुए राजनीतिक खुलापन और हिंसात्मक विकल्पों का विश्लेषण करता है।

प्राणघाती हिंसा का विश्लेषण करने के लिए संदर्भ महत्वपूर्ण है। यह वर्तमान हिंसा के चक्र की ओर ले जाने वाली गतिशीलताओं को समझने और आगे के वृद्धि को नियंत्रित करने के प्रयास दोनों के लिए मायने रखता है। यहाँ मैं संक्षेप में समझाऊंगा कि दोनों इजराइली और फिलिस्तीनी राजनीतिक क्षेत्र कैसे धार्मिक कट्टरपंथी कुलीन, जो विजय तक पूर्ण युद्ध छेड़ने के लिए तैयार हैं, के वर्चस्व में आ गए। यह हमास नेतृत्व और इजराइली सरकार दोनों के लिए तय लक्ष्य हैं, और यह लोगों और क्षेत्र दोनों के लिए घातक है। इस लेख के अंत में, मैं वर्तमान युद्ध के संभावित शांतिपूर्ण अंत का उल्लेख करूँगा।

> सैद्धांतिक संदर्भ

प्राणघाती नस्लीय सफाई के सत्रह मामलों के अपने तुलनात्मक शोध में माइकल मान ने दिखाया कि ये घटनाएँ तब घटित होती हैं जब कोई जातीय समूह खुद को खतरे में महसूस करता है, और इसमें तीन राजनीतिक तत्व शामिल होते हैंः 1) एक

> >

कट्टरपंथी राजनीतिक कुलीन, 2) संगठित अर्ध–सैन्य समूह, और 3) महत्वपूर्ण सामाजिक समर्थन। दो पक्ष किन परिस्थितियों में एक–दूसरे के खिलाफ पूर्ण युद्ध में प्रवृत्त होते हैं? सबसे पहले, उन्हें यह विश्वास होना चाहिए कि वे जीत सकते हैं, और दूसरा, वे बाह्य अंतर्राष्ट्रीय शक्तियों से समर्थन की अपेक्षा करते हैं।

अधिवासी उपनिवेशवाद विशेष रूप से हिंसक होता है, जैसा कि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में देखा गया है। हालांकि, इजराइली–फिलिस्तीनी संघर्ष कहीं अधिक जटिल है, और इसकी एक सरल अधिवासी उपनिवेशवाद के मामले के रूप में गलत व्याख्या की गयी है। इजराइली मामला उपनिवेशवाद के दोनों प्रकारों, अधिवासी और ''क्लासिक'' उपनिवेशवाद को शामिल करता है, जिसमें सैन्य और आर्थिक प्रभुत्व शामिल है। यह एक राष्ट्रीय संघर्ष भी बन गया जब पूर्वी यूरोप में एंटीसेमिटिज्म से भागे यहूदियों ने अपनी प्राचीन मातृभूमि में एक राष्ट्र–राज्य बनाने की कोशिश की, और फिलिस्तीनी स्थानीय आबादी ने अपने विस्थापन और अधीनता का विरोध किया। हाल के वर्षों में, दोनों राष्ट्रीय आंदोलनों पर धार्मिक कट्टरपंथी लोगों का प्रभुत्व हो गया है।

इन विश्लेषणात्मक उपकरणों को मिलाकर, हम वर्तमान ज्वालामुखी विस्फोट के संदर्भ और 7 अक्टूबर के बाद के खतरनाक घटनाक्रम को समझ सकते हैं। हिंसा को नियंत्रित करने और राजनीतिक समाधानों की तलाश करने का लक्ष्य इस विशेष मामले की स्थानीय जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए सफल नहीं हो सकता है।

> अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ

दोनों पक्षों की रणनीतियों को समझने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ महत्वपूर्ण है। स्पष्ट रूप से, जबसे इजराइल ने गाजा के आसपास सैन्य तैनाती को अठारह वर्ष पूर्व पुनः स्थापित किया, तब से गाजा के घेराव और आर्थिक घुटन के संदर्भ की अनदेखी करते हुए अमेरिका, यूरोपीय संघ, और संरक्षणवादी अरब शासनों ने हमास के हमलों के प्रतिक्रिया में इजराइली आवधिक वायु बमबारी को आत्मरक्षा के वैध कृत्य के रूप में सहन किया है।

फिलिस्तीनी अधीनता और उत्पीड़न की अनदेखी करते हुए, अरब राज्यों और इजराइल के बीच डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा आरंभ किए गए अब्राहमिक शांति समझौते, इजराइली और हमास के धार्मिक कट्टरपंथियों की कट्टरता को समझने के लिए प्रासंगिक संदर्भ हैं: A) फिलिस्तीनी प्रश्न की अनदेखी ने इजराइली राजनीति में, इस भ्रम में कि वह गाजा के घेराव को हमेशा के लिए जारी रख सकता है, और वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों को विस्थापित करते हुए बस्तियों का विस्तार जारी रख सकता है, सबसे चरमपंथी और विस्तारवादी प्रवृत्तियों को प्रोत्साहित किया। B) अब्राहमिक समझौतों की प्रतिक्रिया में, हमास ने ईरानी समर्थन पर भरोसा किया और फिलिस्तीनियों को एकजुट करने और उन्हें राष्ट्रीय सशस्त्र प्रतिरोध की ओर अग्रसर करने का प्रयास किया।

ये दोनों प्रक्रियाएं हमास द्वारा किए गए 7 अक्टूबर के नरसंहार और इजराइली हिंसक प्रतिक्रिया में परिणत हुई हैं। अब यह स्पष्ट है कि कोई भी फिलिस्तीनी प्रश्न और गाजा की निराशाजनक स्थिति को नजरअंदाज नहीं कर सकता। दोनों पक्षों पर शांतिपूर्ण समाधान उत्पन्न करने में सक्षम वैध राजनीतिक नेतृत्व की अनुपस्थिति को देखते हुए, संघर्ष का वैश्विक पहलू एक अधिक सकारात्मक और संतुलित अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप की ओर ले जा सकता है।

> स्थानीय संदर्भ

2005 में गाजा से एकतरफा वापसी के बाद, फिलिस्तीनियों के नियंत्रण प्रणाली का पुनर्गठन किया गया, जिससे ''स्थिर तनाव'' की स्थापना हुई, जिसे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा स्वीकार किया गया, जिसमें छिटपुट हिंसक संघर्ष (जिसे ''राउंड्स'' कहा जाता है) शामिल थे। फिलिस्तीनियों को विभिन्न प्रभुत्व शासन प्रणालियों के अधीन चार राजनीतिक समुदायों में विभाजित किया गया, जो थे: इजराइली नागरिक, जेरूसलम के निवासी, और सैन्य प्रभुत्व के अधीन दो सबसे बड़े समूह, एक तरफ घेराबंदी गाजा में हमास का शासन और दूसरी तरफ वेस्ट बैंक के शहरों में फतह फिलिस्तीनी प्राधिकरण (PA) का शासन।

दोनों ही फिलिस्तीनी राजनीतिक कुलीन के पास अपनी नागरिक आबादी के प्रति प्रशासनिक कर्तव्य हैं और वे आर्थिक जीविका के लिए इजराइल पर और अपनी गतिविधि के लिए सेना पर निर्भर हैं। उनके बीच दो मुख्य अंतर हैं। एक ओर, PA लगातार अपनी वैधता खोते हुए शांति समझौतों के प्रति प्रतिबद्ध रहा, इजराइली सुरक्षा बलों के साथ सहयोग किया, और शांतिपूर्ण वार्ताओं को पुनः आरंभ करने के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी रखे। दूसरी ओर, हमास ने राजनीतिक प्रयासों को सशस्त्र प्रतिरोध के साथ जोड़ा, राउंड दर राउंड अपनी सैन्य क्षमताओं में सुधार किया और लोकप्रियता हासिल की। फिलिस्तीनी नागरिक, वेस्ट बैंक और गाजा दोनों में निष्क्रिय बना दिए गए, जिन्हें इजराइली शासन द्वारा सीधे या परोक्ष रूप से समर्थित अधिनायकवादी कुलीन द्वारा प्रभावित किया गया था।

इजराइली नागरिक संरक्षणवादी राजनीतिक कुलीन द्वारा भी फंस गए, जो विभाजन–और–शासन नियंत्रण, जिसमे भविष्य के शांतिपूर्ण दृष्टिकोणों की कोई आवश्यकता नहीं थी, प्रणाली का तिरस्कार करते थे। नेतन्याहू ने हमास को प्राथमिकता दी क्योंकि वे हर हिंसक संघर्ष में लोकप्रियता हासिल करने में सफल रहे। केवल एक इजराइली राजनीतिक शक्ति के पास भविष्य का दृष्टिकोण है: मसीहाई कट्टरपंथी जो अपने प्रभुत्व का विस्तार करने और वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी प्राधिकरण और गाजा में हमास के शासन को नष्ट करने की मांग करते हैं।

वैकल्पिक राजनीतिक दृष्टिकोण के अभाव में, वेस्ट बैंक पर शासन करने वाले सैन्य बलों के बीच मुख्य मतभेद दिखाई दिए: एक ओर, इजरायली सुरक्षा अभिजात वर्ग नागरिक आबादी को नियंत्रित करने में पीए के साथ सहयोग बनाए रखने की मांग कर रहे थे, और दूसरी ओर, सशस्त्र कट्टरपंथी मसीहावासी लगातार फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं और इजराइल रक्षा बलों–पीए सहयोग को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

चरमपंथी कट्टरपंथियों के साथ नेतन्याहू के ब्लॉक और बीबी विरोधी नेतन्याहू ब्लॉक के बीच गतिरोध में, 2019 और 2022 के बीच लगातार पांच चुनावों के दौरान इजरायली राजनीतिक व्यवस्था पंगु हो गई, जिसने वैकल्पिक राजनीतिक दृष्टि के अभाव में उनके खिलाफ आदिवासी शत्रुता का इस्तेमाल किया।

दिसंबर 2022 में एक चरमपंथी गठबंधन का गठन, एंटी–लोकतांत्रिक–विरोधी विधान, और सबसे चरमपंथी नेताओं, स्मोट्रिच और बेन ग्वीर को मंत्रिमंडलीय कार्यों के आवंटन ने सरकार के खिलाफ अभूतपूर्व रूप से नागरिक संगठनों को लाम बंद किया। प्रदर्शनकारियों ने कट्टरपंथी उपनिवेशकों के खिलाफ सैन्य एलीट्स के साथ अपनी पहचान जोड़ी, और पूरी रिजर्विस्ट इकाइयों ने संगठित किया और घोषणा की कि वे चरमपंथी सरकार के तहत सैन्य सेवा में भाग नहीं लेंगे।

लगभग सभी सुरक्षा अधिकारियों, जिनमें सेना प्रमुख हलेवी और सुरक्षा मंत्री गलांत शामिल हैं, ने नेतन्याहू को चेतावनी दी कि

>>

आंतरिक तनाव हमास को हमला करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, लेकिन उन्होंने चेतावनियों की अनदेखी की। 8 अक्टूबर से हर दिन, नेतन्याहू को उनकी लापरवाही की याद दिलाई जाती है, जिसके जवाब में वे कहते हैं कि ''राजनीतिक मुद्दों'' को युद्ध के अंत तक स्थगित कर दिया जाना चाहिए। स्पष्ट रूप से, युद्ध को समाप्त करने में उनकी कोई राजनीतिक रुचि नहीं है, जो उनकी लापरवाही को जांच समिति की ओर ले जाएगी। उनके राजनीतिक साझेदारों की भी युद्ध को समाप्त करने में कोई रुचि नहीं है, क्योंकि उनका लक्ष्य फिलिस्तीनियों को विस्थापित करना और खाली किए गए क्षेत्रों में यहूदी बस्ती का विस्तार करना है।

> हम युद्ध को कैसे रोक सकते हैं और एक वैकल्पिक शांतिपूर्ण दृष्टिकोण कैसे बना सकते हैं?

प्रश्न यह है, हम युद्ध को कैसे रोक सकते हैं जब दोनों ओर के चरमपंथी शासन करते हैं और, दुश्मन की पूर्ण हार की मांग करते हैं जबकि दोनों ओर के मध्यस्थ न तो नेतृत्व में हैं, न ही उनके पास वैधता है और न ही वैकल्पिक शांतिपूर्ण दृष्टिकोण है?

यह इजराइल/फिलिस्तीन के प्रति अंतर्राष्ट्रीय रवैये में एक प्रतिमानात्मक परिवर्तन के लिए एक निर्णायक क्षण हैः पहला, युद्ध विराम लागू करना और बंधकों और कैदियों का आदान–प्रदानय दूसरा, एक गैर–लड़ाकू (हुदना) समझौता हासिल करना और गाजा का पुनर्निर्माण शुरू करनाय और तीसरा, दोनों राष्ट्रीय अपेक्षाओं :फिलिस्तीनी स्वतंत्रता की आवश्यकता और इजराइल की अस्तित्वगत असुरक्षा को शांत करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कूटनीति और राजनीति में विश्वास बनाना शुरू करना।

मेरे दृष्टिकोण में, हस्तक्षेप का मॉडल उत्तरी आयरलैंड में ब्रिटिश और आयरिश सरकारों द्वारा मध्यस्थता किये गए शांति समझौते का होना चाहिए। हमारे मामले में, यू एस, मिस्र, और सऊदी अरब को ब्रोकर होना चाहिए, जो दो–राज्य सूत्र से परे साझा शक्ति मॉडल का उपयोग करें। ■

यह लेख 29 नवंबर, 2023 को वर्जीनिया टेक द्वारा आयोजित इजराइल–फिलिस्तीन संघर्ष पर एक श्रृंखला के हिस्से के रूप में दी गई एक प्रस्तुति पर आधारित है, और लेखक द्वारा अंतिम बार 17 जनवरी, 2024 को इसे संशोधित किया गया था।

सभी पत्राचार लेव ग्रिनबर्ग को <grinlev@gmail.com> पर प्रेषित करें।

> हस्तक्षेपवादी राज्य की अजीब वापसी

पाओलो गेरबाउडो, यूनिवर्सडैड कॉम्प्लुटेंस डी मैड्रिड, स्पेन द्वारा

श्रेयः पिक्साबे।

सन् 2010 के अंत और 2020 की शुरुआत में सबसे आश्चर्यजनक वैश्विक राजनीतिक रुझानों में से एक अर्थव्यवस्था में राज्य के हस्तक्षेप की वापसी रही है। राज्य के द्विदलीय विश्वास के फलस्वरूप निर्मित अर्थव्यवस्था में जितना कम हो उतना हस्तक्षेप करना चाहिए के विचार के कई दशकों बाद, चाहे अच्छे या बुरे के लिए, हम राज्य शक्ति की आवशयकता की नई स्वीकृति को देख रहे हैं।

इस प्रवृत्ति के अनेक उदाहरण हैं, और कुछ मामलों में वे बहुत स्पष्ट भी हैं; तथापि आश्चर्यजनक रूप से, उनके निहितार्थ पूरी तरह से सामने नहीं आए हैं। जबकि नवउदारवाद के स्वर्ण युग के दौरान, वैश्विक मुक्त बाजार स्थापित करने की आवश्यकता पर गहरी सहमति थी। 2008 के वित्तीय संकट के बाद से, कई देशों ने नए टैरिफ और नियामक बाधाएं खड़ी कर दी हैं। जहाँ यह लंबे समय से माना जाता था कि राज्य को अर्थव्यवस्था में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए, सरकारें अब औद्योगिक नीति में खुले तौर पर शामिल हो रही हैं, विशेष रूप से यह विचार कि सरकार को देश की आर्थिक प्राथमिकता तय करनी चाहिए, तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देना चाहिए और रणनीतिक क्षेत्रों की ओर पूंजी का प्रवाह सुनिश्चित करना चाहिए। अंततः, जहाँ दशकों तक राजनेताओं ने सार्वजनिक निवेश में उत्तरोत्तर कमी की, जिसके कारण बहुत सारा बुनियादी ढांचा जर्जर हो गया, अब सार्वजनिक निवेश को मजबूत करने की आवश्यकता पर एक नई व्यापक सहमति है, जैसा कि नेक्स्ट जेनरेशन ईयू की निवेश योजनाओं या बिडेनोमिक्स के आर्थिक कार्यक्रमों में देखा गया है जिनका उद्देश्य हरित और डिजिटल संक्रमण में तेजी लाना है।

हमें राज्य के हस्तक्षेपवाद की वापसी, जिसे "न्यू वाशिंगटन कंसेंसस" (नवउदारवादी "वाशिंगटन कंसेंसस" के विपरीत) के समान बताया गया है, के बारे में क्या कहना चाहिए? क्या इन राजनीतिक विमर्शों और नीतिगत बदलावों को नवउदारवादी सहमति के तहत महज एक सामरिक, शायद अस्थायी बदलाव के रूप में लिया जाना चाहिए? या क्या वे नीति में अधिक संरचनात्मक और दीर्घकालिक बदलाव की झलक हैं? आज तक, इन परिवर्तनों को ज्यादातर, विशेष रूप से वाम और विवेचनात्मक राजनीतिक अर्थशास्त्रियों के बीच, मूल रूप से नवउदारवादी अर्थशास्त्र की समग्र भावना को ध्यान में रखते हुए एक सीमित मार्ग सुधार के रूप में देखा गया है ।

इसके विपरीत, मेरा तर्क है कि ये रुझान समकालीन पूंजीवाद और पूंजीवादी लोकतंत्रों के गहन परिवर्तन की अभिव्यक्तियाँ हैं। परिवर्तन संकेत देते हैं कि सरकारी हस्तक्षेप पर द्विदलीय समझौता जो वैश्वीकरण के स्वर्ण युग पर हावी था, कम से कम आंशिक रूप से विस्थापित हो गया है और, इस अशांत समय में, यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि अधिक मजबूत राज्य हस्तक्षेप आवश्यक है। हालाँकि– और यह महत्वपूर्ण है– इसका यह अर्थ नहीं है कि यह परिवर्तन और राज्य की वापसी स्वाभाविक रूप से एक सकारात्मक परिवर्तन या समाजवाद की ओर बदलाव जैसा कुछ है। वास्तव में, जैसा कि हम देखेंगे, अधिकतर मामलों में अमीरों और

> >

बड़े निगमों के हित में नई हस्तक्षेपवादी नीतियां लागू की गई हैं।

प्रतिमान का यह परिवर्तन समाजशास्त्रियों के लिए कुछ धारणाओं को आमंत्रित करता है जो पिछले दशकों में राजनीतिक बहसों में प्रमुख हो गईं। हमें व्यापक रूप से स्वीकृत इस धारणा की फिर से जांच करनी चाहिए कि हम "मुक्त बाजार" के प्रभुत्व वाले समाज में रहते हैं जिसमें अनियंत्रित प्रतिस्पर्धा और बाजार के अवैयक्तिक तंत्र हमारे जीवन के हर कोने पर हावी हैं। जैसा कि हाल की घटनाएँ दर्शाती है कि बाजार "मुक्त" के अलावा सब कुछ है, चूँकि इस पर सत्ता के कुलीन वर्ग जिन्हें अक्सर नीति निर्माताओं का समर्थन प्राप्त होता है, हावी हैं। इसके अलावा, बाजार तंत्र स्वयं का कार्यान्वयन कई मायनों में "राज्य नीति" का एक विशिष्ट रूप रहा है, जिसका उद्देश्य दिए गए राजनीतिक उद्देश्यों को आर्थिक तरीकों से प्राप्त करना है। अब जबकि इस तरह का राज्य हस्तक्षेप अधिक स्पष्ट हो गया है, और इन तंत्रों का राजनीतिक चरित्र भी अधिक स्पष्ट हो गया है, और "मुक्त बाजार" की कल्पना को बनाए रखना अधिक कठिन हो गया है। हस्तक्षेपवाद की वापसी से आया ज्ञानमीमांसीय मोड़, अर्थात् जिस तरह से यह आर्थिक निर्णयों के राजनीतिक चरित्र को और अधिक स्पष्ट करता है, उसके राजनीतिक लामबंदी के लिए महत्वपूर्ण परिणाम हो सकते हैं, जिससे सत्ता–धारकों की यह दावा करने की क्षमता कम हो सकती है कि वे सिर्फ बाज़ार दबाव के स्थानीय परिणामों का प्रबंधन कर रहे हैं।

> "मुक्त बाज़ार" के भ्रम से परे

नवउदारवादी युग, जिसने 1980 के दशक में जड़ें जमाईं, ने प्रकट रूप से स्वयं को "लघु सरकार" और "मुक्त बाज़ार" के युग के रूप में प्रस्तुत किया: एक ऐसा युग जिसमें समाज की दिशा का अधिकांश भाग आर्थिक प्रतिस्पर्धा जैसे बाजार सिद्धांतों और मूल्य तंत्र का पालन करके तय किया जायेगा। इस समाजशास्त्रीय विवरण ने राजनीतिक विचारधारा में सर्वसम्मति के सबसे विशिष्ट बिंदु को पकड़ लिया, जो बाजार का महिमामंडन करने और राज्य की निंदा करने पर केंद्रित था। 1980 के दशक और 2000 के दशक के प्रारम्भ के मध्य, इस मामले पर एक व्यापक सहमति बनी, जो मार्गरेट थैचर और रोनाल्ड रीगन जैसे नव–परंपरावादियों के मध्य "प्रारंभिक अपनाने वालों" से लेकर बिल क्लिंटन, टोनी ब्लेयर और गेरहार्ड श्रोडर जैसे थर्ड वे नेताओं के बीच नकलची तक फैली हुई थी।

यह तर्क देते हुए कि मध्य–वाम और मध्य–दक्षिणपंथी दोनों राजनेता नवउदारवादी थे, जैसा कि उस समय कई आलोचकों ने किया था, उन्होंने सच्चाई का एक बुनियादी भाग पकड़ लिया। दोनों मध्य–वामपंथी और मध्य–दक्षिणपंथी राजनीतिक स्पेक्ट्रम के बड़े हिस्से ने इस धारणा को अपनाया कि "इतिहास के अंत" के "नए समय" में, या "पोस्ट" (कुछ सबसे फैशनेबल अभिव्यक्तियों का उद्धरण देने के लिए उत्तर–आधुनिकता, उत्तर–विचारधारा, उत्तर–वर्ग) राजनीति के समय में, जो अब नहीं रहा, उसके मुख्य साधन के रूप में राज्य को पीछे हटना पड़ा। साथ ही, "समाज" (या इससे भी बेहतर, "नागरिक समाज" को यह स्पष्ट करने के लिए कि यह राज्य से परे समाज था) और बाजार के लिए जिम्मेदार " स्फूर्त" पहल को खुली छूट दी जानी थी। फोर्डिस्ट युग से विरासत में मिले आर्थिक मामलों में राज्य के विवेकाधीन हस्तक्षेप – इसके नियोजन तंत्र, राज्य स्वामित्व और व्यापक सामाजिक सुरक्षा – को निजी पहल के सामने आने में बाधा के रूप में देखा गया था।

एक बार जब पर्यवेक्षक वैचारिक टॉवर के शिखर से नीचे नीति विवरण और आर्थिक प्रक्रियाओं के अधिक सांसारिक स्तर पर चले गए तो मामले कहीं अधिक जटिल हो गए। इस ब्लूप्रिंट के सबसे परिणामी कार्यान्वयन में आर्थिक वैश्वीकरण का विस्फोट शामिल था। व्यापार बाधाओं के कम होने और पूंजी नियंत्रण के लुप्त होने के बीच वैश्विक व्यापार और निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, दोनों ही "गैर–हस्तक्षेपवादी" या "अहस्तक्षेपवादी" राज्य की अभिव्यक्तियाँ हैं। लेकिन वैश्वीकरण शायद ही "स्फूर्त" था। हर देश में इसका खुलासा राजनेताओं द्वारा सक्रिय रूप से कानून बनाने, कंपनियों का निजीकरण करने, मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने और अपनी अर्थव्यवस्थाओं को "वैश्वीकरण के लिए उपयुक्त" बनाने के लिए सार्वजनिक वित्त को "मजबूत" करने से संभव हुआ।

जैसे जैसे वैश्वीकरण को लगातार कई संकटों का सामना करना पड़ा (वित्त, जलवायु और अब भू–राजनीति में) यह जल्द ही स्पष्ट हो गया कि नवउदारवादियों ने समग्र रूप से राज्य पर नाराजगी नहीं जताई, बल्कि पोलांत्ज़ा ने राज्य के सामाजिक और आर्थिक तंत्र के रूप में जो वर्णन किया, उसका चुनिंदा रूप से विरोध किया। वे जो सामाजिक–लोकतांत्रिक युग के दौरान विकसित हुए थे और अधिकांश नागरिकों की जीवन स्थितियों में कई ठोस सुधारों के लिए जिम्मेदार थे। और कुछ नहीं तो, नवउदारवादी युग के दौरान राज्य के दमनकारी तंत्र (सेना, पुलिस, जेल आदि) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उस समय के सबसे कुख्यात प्रकरणों, जैसे कि चिली में पिनोशे की तानाशाही, नवउदारवादी अर्थशास्त्र और राजनीतिक विरोधियों की हत्या के संयोजन के अलावा, हमने "दंडात्मक राज्य" का उदय, जैसा कि समाजशास्त्री लोइक वैक्वेंट द्वारा प्रलेखित किया गया है और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों में कैद की दर में वृद्धि देखी। न्यून "सामाजिक राज्य" का मतलब अधिक दमनकारी राज्य था।

आर्थिक नीति के संबंध में, राज्य को स्थायी रूप से सहायक भूमिका सौंपी गई। राज्य का हस्तक्षेप किसी भी सक्रिय आर्थिक नीति के मजबूत संदेह के साथ "नियामक" उद्देश्यों तक ही सीमित था, जिसे "विजेताओं को चुनने" और "निवेशकों को बाहर निकालने" के खतरनाक कार्य में संलग्न होने के रूप में देखा गया था। फिर भी, जैसा कि विनियमन सिद्धांतकारों ने लंबे समय से तर्क दिया है, तथाकथित "डी–रेगुलेशन" भी विनियमन का एक रूप है, लेकिन एक ऐसा जिसके उल्लेखनीय आर्थिक प्रभावों (वस्तुकरण, अल्पाधिकारों का निर्माण, आदि) के अलावा, महत्वपूर्ण वैचारिक प्रभाव भी हैं : लोगों को यह विश्वास दिलाना कि अर्थव्यवस्था राजनीति का क्षेत्र नहीं है, बल्कि एक ऐसा क्षेत्र है जिसे अब शुद्ध बाजार शक्तियों के सामने आने के लिए छोड़ दिया गया है। जैसा कि एनाल्स स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक हिस्ट्री ने तर्क दिया, यदि इतिहास में हमेशा "बाज़ार" रहे हैं – तो शायद ही कभी "मुक्त बाज़ार" जैसी कोई चीज़ रही हो। जैसा कि पोलैनी ने कहा, बाजार स्थायी रूप से समाज में अंतर्निहित है। स्पष्ट राज्य हस्तक्षेप के समय में राज्य के दृश्य हाथ की वापसी इस हानिकारक मिथक को दूर करने के लिए प्रचुर सबूत प्रदान करती है।

> नया नियोजन राज्य और इसके राजनीतिक निहितार्थ

नवउदारवाद ने जिस चीज का दमन किया है, हस्तक्षेपवादी राज्य, हाल के संकट उसकी वापसी का अनुमान लगाते हैं। 2008 के वित्तीय संकट के बाद से आए संकटों में सरकारों को हमारी आदत से कहीं अधिक सक्रिय भूमिका अपनाते देखा गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन में देखी जाने वाली प्रमुख निवेश योजनाओं का एक खुलासा करने वाला उदाहरण उनके लिए प्रतिबद्ध वित्तीय संसाधनों की महत्वपूर्ण मात्रा है और वे अपने नाम में, "योजनाओं" के ढांचे को कैसे अपनाते हैं। जहां भी देखो, जलवायु परिवर्तन, सौर ऊर्जा, डिजिटलीकरण, सेमीकंडक्टर अनुसंधान आदि के लिए योजनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

>>

बदले में, ये योजनाएँ, अक्सर "उद्यमशील राज्य" के सिद्धांतकार, इतालवी अर्थशास्त्री मारियाना माज़ुकाटो द्वारा लोकप्रिय वाक्यांश विज्ञान, का उपयोग करते हुए विभिन्न "मिशन" पर केंद्रित होती हैं। यह सभी प्रकार की योजनाओं और नियोजन के प्रति प्राप्त संशय के प्रतिकूल लगता है जिन्हें "निर्देशित अर्थव्यवस्था" और रुसी आर्थिक मॉडल की विफलता के अवशेष के रूप में देखा गया। विशेष रूप से महत्वपूर्ण पश्चिम में माइक्रो–चिप प्रौद्योगिकी में प्रमुख निवेश हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ दोनों ने स्थानीय स्तर पर माइक्रोचिप्स का उत्पादन करने के प्रयास शुरू किए हैं जिनका विनिर्माण अब तक दक्षिण–पूर्व एशिया में केंद्रित था। इन विकल्पों का विशुद्ध रूप से आर्थिक या बाजार के नजरिए से कोई अर्थ नहीं है: माइक्रोचिप्स का उत्पादन ताइवान में इसलिए किया जाता है क्योंकि वहां उनका उत्पादन करना बहुत सस्ता है। लेकिन वे अन्य विचारों पर प्रतिक्रिया देते हैं, जिन्हें यद्यपि अल्पावधि में "आर्थिक विरोधी" होने के बावजूद नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जैसे तकनीकी सर्वोच्चता, राष्ट्रीय सुरक्षा के विचार आदि ।

कुछ परिचित नवउदारवादी दृष्टिकोण से देखा जाए तो सार्वजनिक निवेश और योजना परियोजनाओं में यह वापसी महत्वपूर्ण है। जैसा कि माइकल कालेकी ने प्रसिद्ध रूप से कहा था, पूंजीपति सार्वजनिक निवेश से नाराज़ होते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि सभी निवेश निर्णयों पर उनका एकाधिकार होना चाहिए। योजना और "नियोजन राज्य" हायेक और वॉन मिज़ जैसे नवउदारवादियों के हमलों का एक पारंपरिक लक्ष्य थे। इन्होंने किसी भी तरह या स्वरुप में योजना को घमंड के एक प्रमुख रूप की अभिव्यक्ति के रूप में देखते थे। यह वे चीजें जिन्हें केवल बाजार को ही चुनने का अधिकार होना चाहिए, उन पर निर्णय लेने के लिए राजनेताओं के दिखावे से चिह्नित था। नियोजन को समाप्त नहीं किया गया बल्कि मोटे तौर पर इसे राज्य से वॉलमार्ट जैसे बहुराष्ट्रीय निगमों में स्थानांतरित कर दिया गया। हालाँकि, इसका मतलब यह नहीं है कि राज्य के "दृश्य हाथ" की यह वापसी आवश्यक रूप से एक सकारात्मक कदम है।

उदाहरण के लिए, बिडेनोमिक्स ने सार्वजनिक निवेश के रणनीतिक महत्व को अच्छी तरह से दोहराया हो सकता है, लेकिन यह सार्वजनिक कार्यों को ठेके पर देता है, और इन परियोजनाओं को निजी फर्मों द्वारा पूरा करने के लिए छोड़ देता है। इसके अलावा, अधिकांश अन्य देशों की तरह अमेरिका में भी, राज्य द्वारा अर्थव्यवस्था की "बुलंदियों" पर नियंत्रण करने के दावे के बारे में कोई बात नहीं होती, जैसा कि युद्ध– पश्चात के हस्तक्षेप राज्य का मामला था। रणनीतिक फर्मों पर सार्वजनिक स्वामित्व की बहाली की लड़ाई अभी भी हमारे सामने है (हालांकि फ्रांस और स्पेन जैसे देशों में, इस अर्थ में आंशिक कदम उठाया गया है)। इसके अलावा, हस्तक्षेपवादी राज्य की इस वापसी का जोरदार विरोध किया गया है, जैसा कि अर्थव्यवस्था में राज्य के हस्तक्षेप की निंदा पर केंद्रित एक मंच पर अर्जेंटीना में उदारवादी राजनेता जेवियर माइली के उदय में देखा गया है। फिर भी, बार–बार, माइली जैसे राजनेता खुद को "राज्य को नष्ट करने" के अपने अस्थिर वादों से पीछे हटते हुए पाते हैं, जिससे पता चलता है कि कथित "मुक्त बाजार" सहजता से कितना दूर है, लेकिन यह हमेशा राज्य के गुप्त हस्तक्षेप पर निर्भर रहता है। जैसा कि पुराने नवउदारवादियों के मामले में था, माइली जैसे स्वतंत्रतावादी वास्तव में "राज्य को नष्ट करना" नहीं चाहते हैं, बल्कि इसके लोकतांत्रिक उपयोग को अवैध बनाना चाहते हैं।

यदि वर्तमान "नव–सांख्यिकीवादी" स्थिति में कोई उम्मीद की किरण है, तो यह तथ्य है कि अब "राजा नग्न है"। अर्थव्यवस्था में राज्य की भागीदारी अब "मुक्त–बाज़ार" के भ्रम में नहीं छिपी है, जैसा कि हाल के दिनों में था, और अर्थव्यवस्था की संरचना करने और इसकी असमानताओं को बनाए रखने या कम करने में राज्य की निर्णायक भूमिका हर किसी के सामने है। यह ज्ञानमीमांसीय मोड़ नागरिकों को इस बारे में अधिक जागरूक बनाते हुए कि अर्थव्यवस्था एक प्राकृतिक या सहज घटना नहीं है, बल्कि राजनीतिक निर्णयों के साथ गहराई से जुड़ी हुई है, प्रगतिशील ताकतों को दबाव के नए बिंदु और लामबंदी के लिए लक्ष्य प्रदान कर सकता है। जैसे–जैसे बाज़ार समाज की कल्पना धूमिल होती जा रही है, वर्तमान परिस्थितियों में लोकतांत्रिक राजनीति कैसी दिख सकती है, इस पर पुनर्विचार करने की स्थितियाँ बनती हैं। ■

सभी पत्राचार सीधे पाओलो गेरबाउडो को <paolo.gerbaudo@ucm.es>
Twitter: @paologerbaudo पर प्रेषित करें।

> योग्यतावाद की अधिनायकवादी प्रवृत्ति

फैब्रीसियो मसीएल, फ्लुमिनेंस फेडरल विश्वविद्यालय, ब्राजील द्वारा

श्रेय: फ्रीपिक।

आधुनिक दुनिया में योग्यतावाद की हमेशा से एक उच्च नैतिक प्रणाली और असमानता से निपटने के लिए सबसे प्रभावी के रूप में सराहना की गई है। इसके समर्थकों के लिए, इसका महान गुण यह है कि यह सभी के लिए सामाजिक सीढ़ी पर चढ़ने के वास्तविक अवसर खोलता है, जिससे जन्म की असमानता द्वारा लगाए गए सामाजिक अन्याय की बाधाओं को तोड़ा जा सकता है। परिणामस्वरूप, एक अधिक समान और समावेशी परिदृश्य बनाने के लिए एक योग्यतावादी समाज द्वारा प्रदान किए गए अवसरों और व्यक्तिगत कोशिश का संयोजन है।

इस प्रस्तुति से अधिक भ्रामक कुछ भी नहीं हो सकता। पिछले कुछ वर्षों में ब्राजील में, रियो दे जनेरियो में स्थित कंपनियों में विभिन्न स्तरों और क्षेत्रों पर काम करने वाले कार्यकारी अधिकारियों के साथ, मेरे सहयोगियों और मैंने जो सैद्धांतिक और अनुभवजन्य शोध किया है, उसमें हमने बिल्कुल विपरीत देखा है। सामाजिक आरोहण के अपने सबसे बुनियादी वादों में न केवल नाजुक और भ्रामक होने के साथ योग्यतावाद गंभीर रूप से अधिनायकवादी भी है। इससे भी अधिक, इसका अधिनायकवाद अंतर्निहित है और इसलिए आज की धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सरकारों के स्पष्ट अधिनायकवाद से अधिक अदृश्य और प्रभावी है।

> सामाजिक उत्पत्ति, जीवनशैली, और राजनीतिक स्थितियाँ

इस निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले, हमने अपनी प्रारंभिक परिकल्पनाओं का परीक्षण करने के लिए तीन आरंभिक स्तरों पर अपने शोध को संरचित और विकसित किया। पहला स्तर सामाजिक उत्पत्ति से संबंधित है, जो मूल रूप से वर्ग उत्पत्ति के समानार्थी है। लगभग 100 कार्यकारी अधिकारियों (जिसमें एक ऑनलाइन प्रश्नावली और लिंक्डइन सोशल नेटवर्क पर एक सर्वेक्षण शामिल है) के एक प्रतिदर्श में, हमने तुरंत महसूस किया कि अधिकांश (90% से अधिक) ब्राजील के उच्च मध्यम वर्ग में पैदा हुए थे। इस तरह, हमने एक विशेषाधिकृत वर्ग पृष्ठभूमि और श्रमिक संरचना में उच्च मूल्यवान पदों पर आसीन के मध्य एक संबंध की पहचान की। यह तथ्य अकेले ही योग्यतावाद के पक्ष में किए गए प्रारंभिक दावों को झुठलाता है। यह दर्शाता है कि लोकतांत्रिक होने के बजाय, योग्यतावाद मध्य और उच्च वर्गों की विशेषाधिकृत स्थितियों को पुनः उत्पन्न करने की अपनी अंतर्निहित गतिशीलता में मनमाना है। राइट मिल्स ने 1950 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका में एलीट्स के अपने शानदार अध्ययन में इसी तरह के निष्कर्ष निकाले।

हमारे शोध का दूसरा स्तर ब्राजीलियाई कार्यकारी अधिकारियों की जीवनशैली से संबंधित था। इस संबंध में, हमने उनकी पढ़ने की आदतों का सर्वेक्षण किया और पाया कि *Você S/A*, *फोर्ब्स ब्राजील* और *एक्जाम* इस दर्शक वर्ग की पसंदीदा पत्रिकाओं में से हैं। इन पत्रिकाओं की सदस्यता लेने और तीन साल तक इनका विश्लेषण करने के बाद, हमने पाया कि इसकी सामग्री व्यवस्थागत रूप से, जिसे हम ''बाजार मानसिकता'' कहते हैं, का निर्माण और बचाव करती है, जो गहराई से योग्यतावादी, रूढ़िवादी और अधिनायकवादी है। गहन रूप से, किसी भी अन्य से कहीं ऊपर, अणु व्यक्ति और वैयक्तिक स्वंत्रता की निरंतर रक्षा अंततः सत्ताधारी शख्सियतों के विकास को सक्रिय बनाती हैं। यह इसलिए होता है क्योंकि सेलिब्रिटी कार्यकारी अधिकारियों और उद्यमियों की जीवन कहानियों में क्रिस्टलीकृत बाजार विजेताओं के प्रशंसित आत्मविश्वास, उन व्यक्तियों के सामाजिक मूल और विशेषाधिकृत प्रक्षेपवक्रों को

> >

छिपाते हैं जिनके पास सब कुछ है लेकिन वे प्रतिष्ठा और शक्ति के पदों, जिन पर वे कब्जा करते हैं, को जीतने की योग्यता नहीं रखते हैं। इससे अधिक अधिनायकवादी कुछ भी नहीं हो सकता। यह बाजार अधिनायकवाद का एक सूक्ष्म और प्रभावी रूप है।

अंत में, हमारे शोध का तीसरा अक्ष हमारे साक्षात्कारकर्ताओं की राजनीतिक प्रवृत्तियों से संबंधित था। इस आयाम में, स्वाभाविक रूप से यह दर्शाते हुए वे कौन हैं, बाजार विजेता क्या सोचते है स्पष्ट हो जाता है। जब ब्राजीली समाज और आज की दुनिया के सामने आने वाले केंद्रीय मुद्दों, जैसे कि श्रम और पेंशन सुधार, असमानता के कारणों, और समाज में कंपनियों की भूमिका, आदि के बारे में पूछा गया, तो उत्तरदाताओं के विशाल बहुमत ने एक सुशोभित भाषण प्रस्तुत किया जो कॉर्पोरेट दुनिया के साथ बहुत तालमेल में था। संक्षेप में, यह भाषण बाजार को सभी गुणों का क्षेत्र बताता है और राज्य को दोषी खलनायक के रूप में चित्रित करता है, जो सभी सामाजिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है। इससे नागरिकों, राज्य के निराशाजनक शिकार, के पास अपनी महत्वपूर्ण जरूरतों के लिए मार्केट गॉड की ओर रुख करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।

> अधिनायकवादी मानसिकता

राइट मिल्स के अनुसार इस ''रूढ़िवादी आत्मा'' और वैश्विक स्तर पर चरम दक्षिणपंथ की वापसी और मजबूती के वर्तमान परिदृश्य के बीच का संबंध स्पष्ट है। यह ''कॉर्पोरेट हैबिटस'' के साथ संयोजित अधिनायकवादी मानसिकता – जैसा कि हमने हमारे अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं में पहचाना, नस्लवादी भी है–और साथ ही शीर्ष अधिकारियों और व्यवसायियों के लिए मौलिक थी, उदाहरण के लिए, 2018 में ब्राजील में जेयर बोल्सोनारो के चुनाव। उनका चुनाव और आम तौर पर बोल्सोनारिज्म के लिए समर्थन ब्राजीली व्यवसाय समुदाय के एक बड़े हिस्से द्वारा तीव्र गतिविधि और प्रचुर वित्तीय समर्थन पर निर्भर था। हवन के अध्यक्ष और एक प्रसिद्ध बोल्सोनारो चुनाव प्रचारक लुसियानो हांग की प्रसिद्ध छवि, जिनका प्रतीकात्मक ट्रेडमार्क एक हरे रंग का सूट है जिसमें एक पीली टाई होती है जिसमें वह अक्सर बोल्सोनारो के साथ दिखाई दिए, हाल के वर्षों में ब्राजीली व्यापार वर्ग का क्या हो गया है, इसका एक परफेक्ट कैरिकेचर है।

यह कोई संयोग नहीं है कि 2018 में जब हमने सर्वेक्षण प्रश्नावलियों के एक बड़े भाग को को वितरित किया, तब अधिकारियों द्वारा सबसे अधिक प्रशंसित सार्वजनिक व्यक्ति न्यायाधीश सर्जियो मोरो थे, जो तब लावा जाटो ऑपरेशन के नायक थे और लुइज इनासिओ लूला दा सिल्वा की गिरफ्तारी के लिए जिम्मेदार थे, जिसके बिना बोल्सोनारो का चुनाव नहीं होता। न ही यह संयोग था कि मोरो बोल्सोनारो न्याय मंत्री बने और ब्राजीली चरम दक्षिणपंथ के सबसे महत्वपूर्ण प्रतीकात्मक चेहरों में से एक बने। मुख्य रूप से यह ब्राजीली समाज में प्रचलित दंडात्मक कल्पना के कारण है, जो सामाजिक उथल–पुथल के संदर्भों में तीव्र होती है, और जो आमतौर पर बढ़ती असमानता द्वारा चिह्नित होती है।

इसके अलावा, ब्राजीली और लैटिन अमेरिकी व्यापार परिदृश्य के अग्रणी, जैसे कि मार्सेलो ओदेब्रेच्ट, को हमेशा महान नेता और सत्यनिष्ठ व्यक्तिः पेशेवर और अनुसरण करने के लिए लोगों के वास्तविक उदाहरण के रूप में पूजे जाते रहे हैं। लैटिन अमेरिका में हाल के सबसे महत्वपूर्ण भ्रष्टाचार घोटालों में से एक में आरोपित होने के बाद ओदेब्रेच्ट परिवार साम्राज्य के तत्कालीन अध्यक्ष मार्सेलो की गिरफ्तारी ने कंपनी के कर्मचारियों को विस्मृत और विचलित कर दिया। इस प्रकार उनकी अच्छे परिवारिक आदमी के रूप में छवि को नष्ट कर दिया। यह कई अन्यों में से सिर्फ एक प्रमुख मामला है।

जॉर्ज पाउलो लेहमन जैसे आदर्श, जिन्हें *फोर्ब्स ब्राजील* रैंकिंग द्वारा कई बार ब्राजील का सबसे अमीर आदमी के रूप में पहचाना गया है, हमेशा हमारी कल्पना में सफलता और ईमानदारी के अवतार के रूप में प्रशंसा की गई है और इनका अनुकरण किया जाना चाहिए। हाल ही में लेहमन और उनके दो साथी, मार्सेल टेल्स और बेटो सिकुपिरा के साथ लोजस अमेरिकनस के नुकसान में शामिल घोटाला, जिसमें आज के पूंजीवाद में सबसे बड़ी धोखाधड़ी योजनाओं में से एक के कथित मास्टरमाइंड्स के रूप में माना जाता है, भी इन सफलता की छवियों पर सवाल उठाता है। अन्यत्र प्रकाशित हमारे अनुसंधान में, हमने कुछ ब्राजीली व्यापार हस्तियों के महत्वपूर्ण जीवनीयों की जांच करने के लिए अपने काम का एक हिस्सा समर्पित किया। यहां उल्लिखित लोगों के अलावा, हमने एके बतिस्ता और अबिलिओ दिनिज, ब्राजीली परिदृश्य पर दो सेलिब्रिटी उद्यमियों के प्रक्षेपवक्रों का विश्लेषण किया। सामान्य निष्कर्ष के रूप में, हमने पहचाना कि बाजार की वकालत करने वाली अनगिनत पत्रिकाओं के कवर पर चित्रित सफलता के उनके प्रक्षेपवक्रों के पीछे, अत्यधिक विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग मूल हैं, जो उनकी ''सफलता'' की व्याख्या करते हैं।

> विशेषाधिकार के प्रक्षेपवक्र और मेरिटोक्रेटिक फिक्शन

हमारे अनुसंधान से, हम कह सकते हैं कि ब्राजीली अधिकारी वर्ग, जो बड़े पैमाने पर एक वैश्विक वास्तविकता को दर्शाते हैं, एक ऐसी दुनिया के प्रतिनिधि हैं जहां एक सच्चा ''मेरिटोक्रेटिक फिक्शन'' असमानता के वास्तविक कारणों का खंडन करता है। आम तौर पर, ''नई पूंजीवाद'' द्वारा समर्थित समावेशी, सहिष्णु और सतत भाषण के विपरीत, व्यवहार में जो हमें मिलता है वह एक पर्यावरणीय रूप से शिकारी, गैर–समावेशी और असहिष्णु पूंजीवाद है। उदाहरण के लिए, हमारे अनुसंधान में पाए गए कुछ अश्वेत लोगों के लिए दिखावटी समावेशी कार्यक्रमों के साथ–साथ मारियाना और ब्रुमाडिन्हो में होने वाले पर्यावरण अपराधों ने इसकी स्पष्ट गवाही दी है। इस अर्थ में, हमारे कुछ शीर्ष अधिकारियों को ब्राजीली समाज के लिए कई जवाब देने होंगे। ■

सभी पत्राचार फैब्रीसियो मैसील को <macielfabricio@gmail.com> पर प्रेषित करें।

> फोरेंसिक उपनिवेशवाद

मार्क मुंस्टरहजेल्म, विंडसर विश्वविद्यालय, कनाडा द्वारा

ट्रॉय डस्टर, डुआना फुलवाइली और अमदे एम'चारेक जैसे आलोचनात्मक विद्वानों ने दिखाया है कि नस्लीय अवधारणाएँ फोरेंसिक जेनेटिक्स अनुसंधान, विकास, और कार्यान्वयन में व्याप्त हैं। इन बहसों में जोड़ते हुए, मेरी नई पुस्तक *फॉरेंसिक कोलोनिअलिस्मः जेनेटिक्स एंड द कैप्चर ऑफ इंडिजेनस पीपुल्स* (मैकगिल–क्वींस 2023) दिखाती है कि प्रभावशाली वैज्ञानिकों ने, कैसे पहले यूएसए में, फिर यूरोपीय संघ और चीन में, नई तकनीकों जैसे कि पूर्वजों की पहचान और फेनोटाइप (दृश्य उपस्थिति) निष्कर्षण के संसाधनों और लक्ष्यों के रूप में विभिन्न तरीकों से मूलनिवासी लोगों का इस्तेमाल किया है, विशेष रूप से सिंजियांग में उइगरों का। इसमें शामिल वैज्ञानिकों, विश्वविद्यालयों, सुरक्षा एजेंसियों और निजी कंपनियों के वैज्ञानिक समूह (नेटवर्क्स), मुख्य रूप से लोगों और/या मानवता के नाम पर अपराधियों और आतंकवादियों को अधिक प्रभावी ढंग से शिकार करने के बारे में साझा कथाओं के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं।

एक वैयक्तिक अध्ययन यह बताता है कि कैसे येल विश्वविद्यालय के केनेथ किड ने पश्चिमी ब्राजील के करितियाना और सुरुई और अन्य आदिवासी लोगों, जिन्हें वे बारम्बार ''संसाधन'' कहते हैं, का 30 वर्षों से अधिक समय तक इस्तेमाल किया है। ब्राजीलियाई निवासी उपनिवेशीकरण के दौरान हुए नरसंहार के जवाब में, इन लोगों ने अपनी संख्या को पुनः प्राप्त करने के लिए निकट सम्बन्धियों के साथ अंतर्विवाह को अपनाया और इसलिए वे आनुवंशिक रूप से संबंधित हैं। 1987 में उनका विवादास्पद रूप से निदर्शन किया गया था। 1990 के दशक की शुरुआत में, ''डीएनए युद्धों'' के दौरान, रिचर्ड लेवोंटिन और केनेथ किड जैसे प्रमुख आनुवंशिक अनुसंधानकर्ताओं के बीच अमेरिकी और कनाडाई अदालतों में फोरेंसिक जेनेटिक परीक्षण के साक्ष्य रूप में परिचय के ऊपर गर्मा–गर्म सार्वजनिक बहसें हुईं। ओहियो में 1990 के हेल्स एंजल्स हत्या मामले के दौरान, बचाव पक्ष के वकीलों ने करितियाना और सुरुई पर केनेथ किड के डेटा तक पहुँच प्राप्त कीय फिर उन्होंने और अन्य बचाव पक्ष के वकीलों, जिनमें से एक कनाडाई सीरियल किलर के वकील भी शामिल थे, इसका उपयोग अपराध स्थलों से जुड़े अभियोजन पक्ष के जेनेटिक यादृच्छिक मैच संभावनाओं, जो अभियुक्तों को अपराध से जोड़ता है, के बारे में संदेह उत्पन्न करने की कोशिश की। प्रमुख वैज्ञानिकों ने अदालती गवाही, सम्मेलनों, वैज्ञानिक पत्रिका लेखों और अमेरिकी जन संचार में करितियाना और सुरुई आदिवासी लोगों से संबंधित डेटा के महत्व पर बहस की और इस पर भी कि क्या उत्तरी अमेरिका में नस्लीय रूप से परिभाषित आबादियों में जेनेटिक मार्कर फ्रीक्वेंसीज में भिन्नता हो सकता है।

> 9/11 के बाद का विस्तार

9/11 हमलों के बाद, यूएस, यूरोपीय संघ, और चीन में सुरक्षा खर्च में तेजी से वृद्धि ने फोरेंसिक जेनेटिक्स के विस्तार को प्रेरित किया है, जिसमें वंशावली पहचान और फेनोटाइप (दृश्य उपस्थिति) पहचान का विकास शामिल है। हमलों से पहले, वंशावली और फेनोटाइप के बारे में अनुसंधान को नस्लीय रूप से विवादास्पद माना जाता था। 2003–4 में, 9/11 पीड़ितों की पहचान में समस्याओं का हवाला देते हुए, यूएस न्याय विभाग (DOJ) ने वंशावली और फेनोटाइप के लिए ''वैकल्पिक जेनेटिक मार्कर'' के रूप में व्यापक फंडिंग शुरू की। किड लैब को इस फंडिंग में से US$ 8.5 मिलियन प्राप्त हुए ताकि वे वंशावली पहचान और व्यक्तिगत पहचान SNP (सिंगल न्यूक्लियोटाइड पॉलीमॉर्फिज्म) मार्कर पैनलों का विकास कर सकें। इसमें किड और उनके सहयोगियों ने 2011 की DOJ फंडिंग रिपोर्ट में कहा था कि उन्होंने करितियाना और सुरुई, साथ ही म्बुति और नासियोई जैसे अन्य आदिवासी लोगों का उपयोग प्रौद्योगिकियों की मजबूती और सामान्यीकरण को बेहतर बनाने के लिए जेनेटिक अंतरों के उदाहरणों के रूप में किया। उनके शब्दों में, ''हमने जानबूझकर अपने अध्ययनों में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से कई छोटी पृथक और इनब्रेड आबादियों को शामिल किया है।''

2015 तक, मार्कर पैनलों को यूएस–निर्मित वाणिज्यिक फोरेंसिक जेनेटिक विश्लेषण प्रणालियों में शामिल किया गया था। इन वाणिज्यिक प्रणालियों का परीक्षण आदिवासी लोगों पर किया गया जैसे कि इल्लुमिना FGû का परिक्षण अरिजोना यूएसए के यावापाई आदिवासी लोगों पर किया गया, जिनका प्रतिरूप 1990 के दशक की शुरुआत से पहले लिया गया था। चीनी सुरक्षा एजेंसियों ने थर्मो फिशर आयन टोरेंट प्रणाली का उइगरों पर परीक्षण किया, और कुछ परिणाम 2016 और 2017 थर्मोफिशर सम्मेलनों में, जब चीन सरकार सिंजियांग में दमन को बढ़ा रही थी, प्रस्तुत किए गए।

9/11 के बाद, ''क्रांतिकारी'' जैसे पुराने लेबल्स को बदलकर, चीनी सरकार ने वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के शब्दाडम्बर को अपनाया, जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिनजियांग उइघुर स्वायत्त क्षेत्र में उपनिवेशी आबादी की तीव्र वृद्धि के दौरान चीन को इस्लामिक आतंकवाद का शिकार बताया गया। 2010 के दशक के आरम्भ में बढ़ते दमन को दर्शाते हुए, चीनी जन सुरक्षा मंत्रालय के फोरेंसिक विज्ञान संस्थान ने केनेथ किड के साथ वंशावली पहचान एसएनपी मार्कर पैनल, जो हान चीनी, तिब्बतियों और उइघुर के बीच अंतर कर सकें, के विकास के लिए सहयोग किया । इस सहयोग ने किड को 2015 में चीनी व्यक्तियों पर अपने 55 वंशावली पहचान मार्करों के पैनल का परीक्षण करने की अनुमति दी। बदले में, उन्होंने किड लैब में सेल लाइनों से उगाए गए डीएनए नमूने प्रदान किए, जो अंततः 46 आबादियों का प्रतिनिधित्व करते हुए 2266 नमूनों तक पहुंच गए (जिसमें करितियाना और सुरुई शामिल हैं)। फोरेंसिक विज्ञान संस्थान ने अपने स्वयं के वंशावली पहचान एसएनपी मार्करों को विकसित करने में इनका उपयोग किया, जैसे कि 2018 के जियांग एट अल द्वारा एक लेख जिसमें 110 आबादियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10,350 नमूनों, जिसमें 957 वीगर्स शामिल थे (एक मुख्य आधिक्य–निदर्शन) का इस्तमाल किया गया। 2010 के दशक के आरम्भ से, फोरेंसिक विज्ञान संस्थान ने 8 चीनी पेटेंट (और तीन आवेदन) प्राप्त किए हैं जो वंशावली पहचान मार्करों से संबंधित हैं, जिनमें से कुछ सीधे उइघुर और/या तिब्बतियों को लक्षित करते हैं (उदाहरण के लिए, CN103146820B और CN107419017B)।

उइघुर पर बढ़ते सुरक्षा ध्यान को फोरेंसिक विज्ञान संस्थान के बीजिंग जीनोमिक्स संस्थान और शंघाई में चाइनीज अकादमी ऑफ साइंसेज–मैक्स प्लैंक सोसाइटी पार्टनर इंस्टिट्यूट ऑफ

>>



आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले 2266 डीएनए अर्क नमूनों के किड लैब के योगदान ने उनके 27 वंश अनुमान मार्कर पैनल का परीक्षण करने के लिए फोरेंसिक विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों के वैश्विक दायरे को काफी हद तक बढ़ा दिया। जियांग ली एट अल में (2018)। श्रेयः मुन्स्टरजेलम, 2022

कंप्यूटेशनल बायोलॉजी के साथ संयुक्त अनुसंधान में भी देखा गया था ताकि 2017 और 2019 के बीच प्रकाशित सैकड़ों उइघुर व्यक्तियों पर होने वाले अध्ययनों की एक श्रृंखला में उइघरों को लक्षित करने वाली फेनोटाइपिंग प्रौद्योगिकियों का विकास किया जा सके। बीजिंग जीनोमिक्स संस्थान और पार्टनर इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटेशनल बायोलॉजी के वैज्ञानिकों ने बदले में विजिबल जेनेटिक ट्रेट्स कॉन्सोर्टियम के साथ सहयोग किया, जिसमें बड़ी संख्या में यूरोपीय (जैसे ज़ूपदेन्ज़), ऑस्ट्रेलियाई और लैटिन अमेरिकी लोगों को शामिल किया गया। लिउ एट अल द्वारा 2018 के एक लेख में लगभग 29,000 लोगों को शामिल किया, जिसमें लगभग 700 उइघुर शामिल थे।

उपरोक्त अनुसंधान समूहों को आंशिक रूप से बाधित किया गया है। 2017 के बाद से, शिनजियांग में चीन द्वारा मानवता के खिलाफ अपराधों की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय निंदा हुई है, जिसमें पुनर्शिक्षा शिविरों में सामूहिक कारावास, धर्म, संस्कृति और भाषा का दमन, और सामूहिक बायोमेट्रिक और जेनेटिक प्रोफाइलिंग शामिल है। इस बढ़ती निंदा ने अंततः वषावली शोध को तब बाधित किया जब यह मानवाधिकार वाच रिपोर्ट्स और पश्चिमी मीडिया केंद्रों में अंतर्राष्ट्रीय कवरेज का विषय बना। 2019 में, थर्मो फिशर ने शिनजियांग में मानव पहचान उत्पादों की बिक्री बंद करने की घोषणा की। 2020 में, बढ़ते यूएस–चीन तनावों को देखते हुए, यूएस वाणिज्य विभाग ने फोरेंसिक विज्ञान संस्थान पर प्रतिबंध लगा दिए, जिसका चीनी सरकार ने अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग को कमजोर करने के रूप में विरोध किया। इसमें शामिल कुछ पश्चिमी और चीनी वैज्ञानिकों की प्रतिक्रियाओं में आगे की अनुसंधानों से खुद को अलग करना और गलत काम करने के इंकार शामिल हैं।

ये प्रभावशाली फोरेंसिक जेनेटिक समूह अधिकारों के सामूहिक उल्लंघनों में शामिल रहे हैं, जिसमें दशकों पहले लिए गए नमूनों का नियमित अनधिकृत द्वितीयक उपयोग शामिल है, जो समकालीन नैतिक मानदंडों और आदिवासी संप्रभुता और अधिकारों का उल्लंघन करता है (उदाहरण के लिए, यू एन डिक्लेरेशन ऑफ द राइट्स ऑफ इंडिजेनस पीपुल्स का अनुच्छेद 31)। अतिसंवेदनशील आबादियों पर अनुसंधान को सीमित करने में असफलता का उदाहरण उइघुर और अन्य शिनजियांग लोगों पर चीनी राज्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ वैज्ञानिक सहयोग में देखा गया है। निष्कर्ष में, फोरेंसिक जेनेटिक्स में नस्लीय रूप से विन्यासित अवधारणाओं और पदानुक्रमों की व्यापकता की आगे की जांच और सार्वजनिक बहस की आवश्यकता है। ■

सभी पत्राचार मार्क मुंस्टरहजेल्म को <markmun@uwindsor.ca> पर प्रेषित करें।

> संयुक्त राष्ट्र संघ

के निकायों के भीतर (और परे) विविधता और पारदर्शिता

विटोरिया गोंजालेज, प्लाटफॉर्मा CIPO, और *ग्लोबल डायलॉग* के सहायक संपादक, ब्राजील द्वारा

कनाडाई कार्यकर्ता और कलाकार बेंजामिन वॉन वोंग द्वारा 'प्लास्टिक नल बंद करें' शीर्षक वाला स्मारक केन्या के नैरोबी में होने वाली संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा के आयोजन स्थल के बाहर खड़ा है। श्रेयः यूएनईपी/सिरिल विलेमेन

नेतृत्व के पदों में विविधता को सार्वजनिक क्षेत्र, घरेलू राजनीति और संयुक्त राष्ट्र (UN) जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों दोनों में – और साथ ही निजी क्षेत्रों में भी परिलक्षित किया जाना चाहिए। निर्णय–निर्माण स्थलों में अनुभवों, दृष्टिकोणों, और जीवन कहानियों की विविधता अधिक समावेशी और व्यापक चर्चाओं और नीतियों की ओर ले जाती है। यानि कि, अल्पसंख्यक समूहों से व्यक्तियों की प्रतिनिधिता मायने रखती है और लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण तत्व है। उनका प्रतिनिधित्वपूर्ण होना संख्यात्मक बहुमत वाले उन समूहों को निर्णय–निर्माण स्थलों तक पहुँच प्रदान करता है जो जबरन चुप किए जाते हैं और सामाजिक रूप से भेदभाव का सामना करते हैं, जिससे उनके विचारों और रुचियों का प्रसारण संभव होता है।

विभिन्न सामाजिक समूहों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व और लोकतंत्र के बीच यह संबंध इसलिए होता है क्योंकि राजनीतिक शक्ति सामाजिक वैधता प्रदान करते हुए केवल प्रतीकात्मक नहीं है। चूंकि यह शक्ति और संसाधनों तक पहुँच को सक्षम बनाता है, इसमें एक भौतिक आयाम भी होता है। इस प्रकार यह समाज को ठोस तरीकों से प्रभावित करता है। इसीलिए उच्च स्तरीय पदों के लिए चुने जाने की संभावना और संसाधनों तक प्रभावी पहुँच को विभिन्न सामाजिक मार्करों वाले लोगों द्वारा साझा किया जाना चाहिए, और यह सीधे तौर पर सामाजिक न्याय के विचार से संबंधित है।

जब अंतरराष्ट्रीय नीति–निर्माण प्रमुख रूप से ग्लोबल नॉर्थ के श्वेत पुरुषों के निर्णयों द्वारा निर्देशित होता है, तो यह न केवल अल्पसंख्यक समूहों के हितों, अनुभवों, और दृष्टिकोणों को बाहर करता है, बल्कि पूर्व के अनुभवों और दृष्टिकोणों को भी सार्वभौमिक बनाता है। इसलिए यह आवश्यक है कि संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों के भीतर नेतृत्व के पदों में बड़ी विविधता होना, लोकतंत्र और न्याय के प्रतीकात्मक रूप से उत्तेजित मामले के अलावा, एक तकनीकी मुद्दा है। ऐसा इस अर्थ में है कि यह समकालीन वैश्विक विवादों और चुनौतियों के लिए नवीन जमीनी दृष्टिकोण प्रदान करके नीति परिणामों में सुधार कर सकता है।

यदि हम पर्यावरण और विकास से संबंधित एजेंडों पर विचार करें, जो पूरी दुनिया के लिए तो महत्वपूर्ण हैं ही, लेकिन विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए, तो प्रतिनिधित्व में सुधार आवश्यक है। ग्लोबल साउथ के देशों को न केवल अपनी राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर बल्कि ग्लोबल नॉर्थ की तुलना में भी जलवायु पर परिवर्तन के असमान प्रभावों और गरीबी और असमानताओं से संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अतिसंवेदनशीलता, अल्प संसाधन, और जलवायु–संवेदनशील क्षेत्रों पर निर्भरता यहाँ पर विचार करने के कुछ विषय हैं।

> संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर अल्प–प्रतिनिधित्व

संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को देखते हुए, विभिन्न समूहों, मुख्य रूप से वरिष्ठ नेतृत्व पदों में, का अल्प–प्रतिनिधित्व है, और यदि हम प्रतिच्छेदन के रूप में सोचें तो अल्प–प्रतिनिधित्व की परतें अति–व्यापी होती हैं। विशेष रूप से, महिलाओं और ग्लोबल साउथ के व्यक्तियों का अल्प–प्रतिनिधित्व उल्लेखनीय है। यह एक ऐसी समस्या है जिसे संगठन के विभिन्न अंगों द्वारा गंभीरता से और तत्परता से

> >

संबोधित किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में, उम्मीदवार चयन, नियुक्तियों, और जनादेश विवरणों के संबंध में आधिकारिक डेटा और जानकारी का स्थापन करना आसान काम नहीं है। यह परेशानी सार्वजनिक जांच को बाधित करती है दृतथा पारदर्शिता भी लोकतंत्र के लिए एक बुनियादी प्रश्न है।

इस सूचना अभाव को देखते हुए, ग्रुप ऑफ वुमन लीडर्स वॉयसेज फॉर चेंज एंड इनक्लूजन (GWL Voices) द्वारा लैंगिक मुद्दों पर किया हालिया अनुसंधान अत्यंत मूल्यवान है। अध्ययन इंगित करता है कि, 1945 के बाद से, दुनिया के 33 सबसे महत्वपूर्ण बहुपक्षीय संगठनों के भीतर, 47 महिलाएँ और 335 पुरुष नेतृत्व पदों पर रहे हैं। विश्लेषण किए गए संस्थानों में से, पांच का नेतृत्व केवल एक बार महिलाओं द्वारा किया गया है, और 13 का कभी भी महिलाओं द्वारा नेतृत्व नहीं किया गया है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिवालय भी शामिल है। मात्रात्मक विश्लेषण के अलावा, गुणात्मक रूप से सोचना महत्वपूर्ण हैय उदाहरण के लिए, महिलाओं को केवल लिंग मुद्दों या उनसे ऐतिहासिक रूप से जुड़े विषयों जैसे कि बचपन और देखभाल से संबंधित पदों पर ही नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए।

उदाहरण के लिए राष्ट्रीयता के संदर्भ में, पासब्लू द्वारा प्रकाशित एक लेख यह उजागर करता है कि कैसे संयुक्त राष्ट्र (UN) के पांच मुख्य निकायों (द डिपार्टमेंटऑफ पोलिटिकल एंड पीस बिल्डिंग अफेयर्स, द डिपार्टमेंट ऑफ इकनोमिक एंड सोशल अफेयर्स, द ऑफिस फॉर द कोआर्डिनेशन ऑफ हुमानिटरियन अफेयर्स, द ऑफिस ऑफ काउंटर –टेररिज्म, एंड द डिपार्टमेंट ऑफ पीस ऑपरेशन्स) में वरिष्ठ नेतृत्व के पद सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों द्वारा भरे जाते हैं। यह एक एकाधिकार को बनाता तथा गहराता है और विभिन्न शक्ति असंतुलनों को मजबूत करता है।

हाल ही में ब्लू स्मोक द्वारा प्रकाशित पॉलिसी ब्रीफ, ''असमानताओं का अनावरणरू UN के प्रमुख पर्यावरण और विकास निकायों में वरिष्ठ नियुक्तियों पर एक स्पॉटलाइट''[1], UN के चार निकायों के भीतर वरिष्ठ नेतृत्व नियुक्तियों में पारदर्शिता और विविधता की कमी को उजागर करता हैरू संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP), संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP), खाद्य और कृषि संगठन (FAO), और जैव विविधता पर सम्मेलन (CBD)। ये चार निकाय पर्यावरण और विकास मुद्दों के लिए महत्वपूर्ण हैं, विशेष रूप से जब हम जलवायु आपातकाल के बारे में सोचते हैं। चूंकि ग्लोबल साउथ की आबादियां जलवायु परिवर्तन से असमान रूप से प्रभावित होती हैं, और यह विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों के लिए सच है, इसलिए इन निकायों के भीतर क्षेत्रीय एवं लैंगिक प्रतिनिधित्व की डिग्री के बारे में सोचना अनिवार्य है। यह ब्रीफ इस तथ्य को भी उजागर करता है कि इन चार निकायों में, केवल 20% वरिष्ठ नेता महिलाएं रही हैं और उसमें से औसतन 40 फीसदी ग्लोबल साउथ से रही हैं।

1966 से, UNDP के नौ प्रशासक रहे हैं। उनमें से केवल एक महिला रही है, और केवल एक ही ग्लोबल साउथ से है। 1972 से, UNEP के आठ कार्यकारी निदेशक रहे हैंः आठ में से तीन, महिलाएं, आठ में से दो, ग्लोबल साउथ से। उसके बजाय 1945 से FAO में नौ महानिदेशक रहे हैं, यद्यपि उनमें से पांच ग्लोबल साउथ के देशों से रहे हैं, उनमें से कोई भी महिला नहीं रही है। अंत में, 1993 से CBD के सात कार्यकारी सचिव रहे हैं; उनमें से छह ग्लोबल साउथ से रहे हैं और तीन महिलाएं रही हैं। इसलिए, असंतुलन निरंतर है, जो विभिन्न शक्ति तंत्रों को प्रकट करता है।

> प्रतिनिधित्ता : हमारे समय की चुनौतियों का सामना करने की कुंजी

इसलिए, प्रतिनिधित्व और प्रतिनिधित्ता में शक्ति असंतुलन एक निरंतर चिंता है। यह एक ऐसा मामला है जिसे इन चार अध्ययन मामलों से निकाला जा सकता है और इसमें लिंग और भौगोलिक मूल के अलावा अन्य सामाजिक मार्कर, जैसे जाति और धर्म, को भी शामिल किया जाता है। इस प्रकार, यह एक ऐसा मुद्दा है जिसे अधिक दृश्यमान बनाने की आवश्यकता है। इस अर्थ में, UN के भीतर वरिष्ठ नेतृत्व पदों के लिए चयन प्रक्रियाएँ (साथ ही इसके संपूर्ण स्टाफ के लिए) अधिक पारदर्शी, न्यायसंगत और लोकतांत्रिक होनी चाहिएय इन पदों के लिए नियुक्तियाँ उम्मीदवारों के जीवन अनुभवों और तकनीकी क्षमताओं पर अधिक आधारित होनी चाहिए, न कि व्यक्तिगत संबंधों या राजनीतिक सौदेबाजी पर। विशेष रूप से जलवायु आपातकाल के संबंध में, अधिक प्रतिनिधित्व की गारंटी देना पर्यावरण और विकास से संबंधित चुनौतियों का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण है।

स्थानीय विशेषताओं के प्रति संवेदनशील और सबसे कमजोर क्षेत्रों की आबादियों की आवश्यकताओं को पहचानने और संबोधित करने में सक्षम विभिन्न वैश्विक तंत्रों को तैयार करने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि उन्हीं आबादियों का नीति–निर्माण में प्रतिनिधित्व हो। नेतृत्व में विविधता को अपनाकर, हम इन निर्णय–निर्माण प्रक्रियाओं के लोकतंत्रीकरण और जलवायु कार्रवाई की समग्र प्रभावशीलता को बढ़ाने में योगदान करते हैं। स्थानीय पारिस्थितिकी ज्ञान और प्रौद्योगिकियाँ एक उदाहरण हैं जहाँ ऐसे प्रयास किए जा सकते हैं; नागरिक डेटा उत्पन्न करने की परियोजनाएँ जो विभिन्न पृष्ठभूमियों और विश्वदृष्टियों वाले लोगों को विचार में लेने और अनुसंधान और नीति डिजाइन को प्रभावित करने की अनुमति देती हैं, एक और ऐसा उदाहरण हैं।

पारदर्शी और लोकतांत्रिक नियुक्तियों पर ध्यान केंद्रित करना और लिंग, भौगोलिक मूल, जाति, और नस्लीयता के साथ–साथ अन्य सामाजिक मार्करों को देखते हुए नेतृत्व पदों में अधिक समान प्रतिनिधित्व प्राप्त करने की कोशिश करना, वैश्विक सार्वजनिक एजेंडा को लोकतंत्रीकृत करने के लिए तत्काल मामले हैं, जो इन पदों को अधिक वैधता, विश्वसनीयता, और सामाजिक विश्वास प्रदान करते हैं, और संयुक्त राष्ट्र के भीतर और बाहर के संस्थानों की क्षमता को मजबूत करते हैं। जैसा कि हम तर्क देते हैं, यह केवल लोकतंत्र और प्रतीकात्मकता का प्रश्न का नहीं, बल्कि न्याय और तकनीकी सुधार का प्रश्न है। सयुक्त राष्ट्र के मामले में, एक संगठन के लिए जिसके उद्देश्य शांति निर्माण, मानवाधिकारों की रक्षा, सतत विकास का प्रचार, और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में संलग्न होना है, और यह विचार करते हुए कि हम एक जलवायु आपातकाल का सामना कर रहे हैं जो पूरे ग्लोब को प्रभावित करता है, हालांकि असमान रूप से, ये चुनौतियाँ अनिवार्य हैं और इनका शब्दजाल से परे जाकर सामना किया जाना चाहिए।

यह जोर देना आवश्यक है कि वर्षों और वर्षों से एजेंडा पर रही अनिवार्य चुनौतियाँ अभी भी महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। निश्चित रूप से, सभी समाधान अंतरराष्ट्रीय संगठनों या सरकारों से नहीं आएंगे, लेकिन वे हमारी दुनिया का एक घटक हिस्सा हैं। वे 'हम लोगों' का प्रतिनिधित्व करने में और कितने समय तक विफल रहेंगे? ■

1. मैं इस शोध को संचालित करने के लिए जूलिया हारा मेडेइरोस और नायिफा निहाद को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिसकी समीक्षा करने का मुझे सम्मान मिला, और ब्लू स्मोक – विशेष रूप से प्लैटाफॉर्मा CIPO – को मुझे वह अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं जिसके कारण यह पाठ तैयार हुआ।

सभी पत्राचार विटोरिया गोंजालेज को <vitoria@plataformacipo.org>
Twitter: @vit_gonzalez पर प्रेषित करें।

ISA PUBLICATIONS

GLOBAL DIALOGUE

ISA International Sociological Association

https://globaldialogue.isa-sociology.org/
@isagdmag
www.isa-sociology.org